www.anantgyaan.in

| | | |
|---|---|---|
| सूर्योदय 6:42 | | सूर्यास्त 6:23 |
| **आज का तापमान** | | |
| शिमला | 4.0 न्यू | 07.06 अधि |
| धर्मशाला | 08.6 न्यू | 14.02 अधि |
| **बाजार** | | |
| सेंसेक्स | | 73806.15 |
| निफ्टी | | 22378.40 |
| सोना 64,090 | | चांदी 73,000 |

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



धर्मशाला | सोमवार, 4 मार्च 2024 | 21 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 76 कुल पृष्ठ 14 मूल्य : 5 रुपए |

मंडी से मैदान में कंगना या जयराम? ... पेज 3

## नंगनल्लूर चेन्नई के अर्धनारीश्वर के रूप में बाबा भूतनाथ ने दिए दर्शन



मंडी। बाबा भूतनाथ मठ मंदिर मंडी में 25वें दिन शिवभक्तों ने स्वयंभू शिवलिंग पर धृत श्रृंगार में अर्धनारीश्वर मंदिर नंगनल्लूर चेन्नई के दर्शन किए। बता दें कि अर्धनारीश्वर मंदिर नंगनल्लूर में 15वीं शताब्दी में एक चारगाह की गाय झाड़ी में दूध गिराने लगी। चारगाह ने यह बात क्षेत्रवासियों को बताई तत्पश्चात राजा के आदेश पर वहां खुदाई का कार्य शुरू हुआ। खुदाई में अर्धनारीश्वर रूप में शिव पार्वती की स्वयंभू मूर्ति मिली उसके बाद यहां भव्य मंदिर का निर्माण किया गया, जो आज भी विराजमान है।

# भारत-इंग्लैंड की टीमें पहुंची धर्मशाला, 5वां टेस्ट मैच सात मार्च से

**अनंत ज्ञान, गगल**

भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला धर्मशाला में सात मार्च को खेला जाएगा। भारतीय टीम ने चौथा टेस्ट मैच जीतकर सीरीज में 3-1 की अजय बढ़त हासिल की है। दोनों ही टीमें विशेष विमान से सुबह साढ़े नौ बजे गगल एयरपोर्ट पहुंची। गगल एयरपोर्ट पर उतरने के बाद दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों को विशेष बसों और पूरी सुरक्षा-व्यवस्था के साथ होटल रेडिसन ब्लू पहुंचाया गया।

वहीं, बताया जा रहा है कि भारतीय टीम के साथ कप्तान रोहित शर्मा और रविंद्र जडेजा नहीं पहुंचे हैं, जबकि कोच राहुल द्रविड़ सहित अन्य खिलाड़ी धर्मशाला पहुंच गए हैं। वहीं, बेन स्टोक्स की अगुआई वाली इंग्लैंड टीम सीरीज के आखिरी मैच में भारतीय टीम को कड़ी टक्कर दे सकती है।

**20** विकेटों के साथ इंग्लैंड के स्पिनर टॉम हर्टली अब तक सबसे आगे, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और स्पिनर रवींद्र जडेजा के नाम 17-17 विकेट दर्ज

**655** रनों के साथ भारत के यशस्वी जायसवाल सबसे आगे, शुभमन गिल (342 रन) दूसरे जबकि जॉक क्राऊली 328 रनों के साथ तीसरे स्थान पर



धर्मशाला टेस्ट के लिए गगल एयरपोर्ट से बाहर निकलते यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, सरफराज खान, बेन स्टोक्स और राहुल द्रविड़।

### धर्मशाला में टीम इंडिया का रिकॉर्ड शानदार

**धर्मशाला** में टीम इंडिया का रिकॉर्ड शानदार रहा है। भारत ने अब तक यहां सिर्फ एक मैच खेला है जिसमें टीम को जीत मिली है। इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार भारतीय टीम इस वेन्यू पर मैच खेलती नजर आएगी। 2017 में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच धर्मशाला में मुकाबला खेला गया था। इस दौरान ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 300 रन बनाए। इसके जवाब में भारत ने पहली पारी में 332 रन बनाए। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया 137 रन बनाकर ऑलआउट हो गई, जबकि भारत ने दूसरी पारी में 106 रन बनाकर मुकाबला 8 विकेट से जीता था। अब टीम की नजर इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी मुकाबले में जीत दर्ज करने पर होगी।

## न्यूज शॉर्ट्स

### पीएम मोदी ने भाजपा को दिया 2000 रुपए का चंदा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कमर कस लिया है। जहां भारतीय जनता पार्टी ने 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए 195 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है। वहीं अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा के पार्टी फंड में 2,000 रुपए का चंदा दिया है। फंड में योगदान देने के बाद पीएम मोदी ने लोगों से अपील कर कहा कि मैं सभी से नमोऐप के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के लिए दान का हिस्सा बनने का आग्रह करता हूं। इससे पहले शुक्रवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नेड्डा ने भी पार्टी को 1,000 रुपए का चंदा दिया था।



### हुती विद्रोहियों के हमले के बाद पोत लाल सागर में डूबा

**दुबई।** यमन के हुती विद्रोहियों ने जिस पोत को निशाना बनाते हुए हमला किया था वह लाल सागर में डूब गया है। हुती विद्रोही एशिया और पश्चिम एशिया से यूरोप जाने वाले पोतों को लगातार निशाना बनाते हुए हमले कर रहे हैं जिससे कारोबार की दृष्टि से अहम इस मार्ग पर पहले ही परिवहन बाधित है। बहुत से पोत अब इस मार्ग से जाने से बच रहे हैं। 18 फरवरी को हुती विद्रोहियों ने इस पोत पर हमला किया था।

### सांसद डा. हर्षवर्धन ने राजनीति से लिया संन्यास

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों पहली लिस्ट आने के बाद राजधानी दिल्ली की चांदनी चौक लोकसभा सीट से भाजपा सांसद डॉ. हर्षवर्धन ने राजनीति से संन्यास का एलान कर दिया। हर्षवर्धन ने सक्रिय राजनीति से खुद को अलग करने का फैसला लिया है। हर्षवर्धन ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में लिखा, "अब मैं वापस अपने काम की ओर लौटना चाहता हूं। कृष्णा नगर में मेरा ईएनटी क्लिनिक भी मेरी वापसी का इंतजार कर रहा है।"



### रिश्वत के साथ एनएचएआई महाप्रबंधक सीबीआई गिरफ्त में

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने महाराष्ट्र के नागपुर में 20 लाख रुपए के कथित रिश्वतखोरी मामले में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के एक महाप्रबंधक को गिरफ्तार किया है।
अधिकारियों ने बताया कि परियोजना निदेशक की भी जिम्मेदारी संभाल रहे अरविंद काले ने कथित रूप से एक निजी कंपनी से रिश्वत ली थी।
उन्होंने बताया कि सीबीआई ने काले की गिरफ्तारी के बाद एक तलाशी अभियान में 20 लाख रुपए की रिश्वत समेत 45 लाख रुपए जब्त किए हैं।
अधिकारियों के अनुसार काले और 11 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### भोजपुरी अभिनेता पवन का चुनाव लड़ने से इनकार

**पटना।** भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह ने बंगाल की आसनसोल लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। भाजपा ने शनिवार शाम को लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की थी। इस लिस्ट में 195 उम्मीदवारों के नामों का एलान किया गया था। इसी लिस्ट में भाजपा ने भोजपुरी स्टार पवन सिंह को बंगाल की आसनसोल सीट से उम्मीदवार बनाया था। अब पवन सिंह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट सांझा कर आसनसोल से चुनाव न लड़ने के फैसले की जानकारी दी।



## टॉप स्टोरीज


बरैहली से बताल देवता मंदिर तक बनेगी सड़क ...पेज 2

लॉरेट संस्थान कथोग कैंपस प्लेसमेंट में 25 छात्रों का चयन ...पेज 7

सिविल अस्पताल भोरंज के बरामदे में दी जा रही आपातकाल सेवाएं ...पेज 11


# आफत की बारिश-बर्फबारी

## प्रदेश में पांच नेशनल हाई-वे और 507 सड़कें बंद, शिमला में 2 लोगों की गई जान

**एजेंसी, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में तीन दिन से हो रही बेमौसमी बारिश और बर्फबारी लोगों के लिए आफत बन गई है। मौसम के कोहराम से जिंदगी घरों में कैद हो गई है। प्रदेश में बारिश और बर्फबारी से तीन स्थानों पर तीन मकान ढह गए और पांच नेशनल हाई-वे सहित 507 सड़कें बंद हैं। लाहौल-स्पीति में शकास नाले के समीप भारी बर्फबारी से एक बड़ा हिमखंड सड़क पर आने से नेशनल हाईवे-3 पूरी तरह बाधित हो गया है।

राज्य में यातायात, बिजली और पेजयल जैसी मूलभूत सेवाएं ठप पड़ गई हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की रिपोर्ट के अनुसार बारिश व बर्फबारी से प्रदेश में तीन मकान ढह गए।

लाहौल-स्पीति में बर्फबारी का दौर अभी भी जारी है और जिले के ऊंचे इलाकों में चार से पांच फुट बर्फबारी तो निचले इलाकों में दो से तीन फुट बर्फबारी दर्ज की गई है। लाहौल-स्पीति जिला के शकास नाले के समीप भारी बर्फबारी के चलते एक बड़ा हिमखंड का हिस्सा गिरा है। शिमला में बीते दो दिन से बढ़ी ठंड लोगों के जान पर भारी पड़ गई है। शीतलहर ने शिमला शहर में दो लोगों की जान ली है। इनमें एक व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है, जबकि दूसरा मंडी का बताया जा रहा है।

### 563 बिजली ट्रांसफार्मर व 72 पानी की सप्लाई भी बंद



कुल्लू में बर्फबारी के बाद कुछ यूं दिखा विहंगम दृश्य।

### लाहौल में ग्लेशियर आने से रुका चिनाव नदी का बहाव

**कुल्लू।** लाहौल व कुल्लू घाटी में हो रही भारी बारिश और बर्फबारी के कारण जन जीवन पूरी तरह से प्रभावित हुआ है। लाहौल जिला में ग्लेशियर गिरने के कारण चिनाव नदी का बहाव भी रूक गया है। जिला प्रशासन ने इलाके में अलर्ट जारी किया है। नदी का बहाव रुकने से कुछ क्षेत्रों में तबाही के आसार भी बने हुए हैं। पुलिस ने ग्रामीणों को अलर्ट रहने की सलाह दी है।

### सात जिलों में हुई बर्फबारी

**प्रदेश** के 12 में से सात जिलों में बर्फबारी हुई है। चंबा जिला के पांगी में 12 इंच व भरमौर में एक इंच, कांगड़ा जिले के बीड़ बिलिंग व मुल्थन में दो-दो इंच, किन्नौर जिला के छितकुल चार फुट, सांगला, मोरंग व कल्पा में दो-दो फुट, कुल्लू जिला के रोहतांग टॉप में पांच फुट, गुलाबा व अटल टनल में चार-चार फुट, लाहौल-स्पीति के काजा में दो फुट और नारकंडा में छह इंच तक रिकार्ड बर्फबारी हुई।

## किसानों का दिल्ली कूच 6 मार्च को,10 को रोकेंगे रेलगाड़ियां



**एजेंसी,चंडीगढ़**

शंभू व खनौरी बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसानों ने अब 6 मार्च को दिल्ली कूच व 10 मार्च को देशभर में चार घंटे के लिए रेलवे ट्रैक जाम करने का ऐलान किया है। यह जानकारी किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने दी। उन्होंने बताया दोनों संगठन किसान मजदूर मोर्चा और संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) ने फैसला लिया कि 6 मार्च को देशभर के किसान दिल्ली कूच करेंगे।

हरियाणा-पंजाब को छोड़कर दूसरे राज्यों के किसान अपने-अपने तरीके से दिल्ली पहुंचेगे। चाहे वे ट्रेन से आएं या फिर पैदल आए, वे सभी दिल्ली के लिए कूच करें। उन्होंने कहा कि इससे सरकार की मंशा साफ हो जाएगी कि क्या वह किसानों को बिना ट्रैक्टर ट्रॉली के दिल्ली आने देगी। देशभर के किसान संगठनों की मदद से 10 मार्च को भारत में दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक रेलगाड़ियां रोकी जाएंगी। पंधेर ने कहा कि पंजाब सरकार इसी सत्र के दौरान विधानसभा में किसान आंदोलन का समर्थन करने के लिए भी प्रस्ताव पारित करे।

**विधानसभा में किसान आंदोलन के समर्थन में प्रस्ताव पारित करे पंजाब सरकार : सरवण सिंह**

## प्रदेश के 60 शहरी निकायों में शुरू होगी ई-गवर्नेंस सेवा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सभी 60 शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) में ई-गवर्नेंस सेवाएं शुरू कर रही है। इस पहल का उद्देश्य वृहद राज्य-व्यापी सेवा वितरण अधोसंरचना के माध्यम से एकीकृत व पूर्ण समाधान प्रदान करके नागरिकों के लिए सार्वजनिक सेवाओं में क्रांतिकारी बदलाव लाना है।


उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने राष्ट्रीय शहरी डिजिटल मिशन (एनयूडीएम) के तहत अर्बन प्लेटफार्म फॉर डिलीवरी आफ ऑनलाइन गवर्नेंस (उपयोग) प्लेटफॉर्म के कार्यान्वयन के लिए आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय और राष्ट्रीय शहरी मामलों के संस्थान के साथ त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह प्लेटफार्म प्रदेशवासियों के लिए एकीकृत पोर्टल प्रदान करके शहरी सेवाओं को डिजिटल बनाने और बदलने के लिए तैयार किया गया है। सीएम सुक्खू ने कहा कि नागरिकों को शहरी सेवाओं की सरल उपलब्धता, स्वचालित स्थिति अपडेट और शहर के अधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित होगा।



**शहरी सेवाओं की सरल उपलब्धता, स्वचालित स्थिति अपडेट होगी: सुक्खू**

## शहबाज शरीफ दूसरी बार पाकिस्तान के पीएम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के वरिष्ठ नेता शहबाज शरीफ नवनिर्वाचित संसद में आसानी से बहुमत हासिल करने के बाद दूसरी बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बने। वह गठबंधन सरकार का नेतृत्व करेंगे। पीएमएल-एन और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के संयुक्त उम्मीदवार शहबाज (72) को 336 सदस्यीय सदन में 201 वोट मिले। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के उमर अयूब खान को 92 वोट मिले। इस दौरान पीटीआई समर्थित सांसदों ने नारेबाजी की। इससे पहले शहबाज ने अप्रैल 2022 से अगस्त 2023 तक प्रधानमंत्री के रूप में गठबंधन सरकार का नेतृत्व किया था।



## रूस का यूक्रेन पर फिर ड्रोन अटैक, 8 की मौत

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच पिछले दो साल से अधिक समय से युद्ध जारी है। इस बीच रूस ने एक बार फिर यूक्रेन को निशाना बनाया है। यूक्रेन के दक्षिणी बंदरगाह शहर ओडेसा में एक ड्रोन के एक इमारत पर हमला करने से कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। आपातकालीन स्थिति के लिए राज्य सेवा ने टेलीग्राम पर यह जानकारी दी है।

रूसी सेना द्वारा दागे गए ड्रोन ने ओडेसा के आवासीय क्षेत्र में नौ मंजिला अपार्टमेंट ब्लॉक पर हमला किया। हमले में 18 घर नष्ट हो गए। हमले वाली जगह पर तलाशी अभियान अभी भी जारी है।



### रूस ने यूक्रेनी ड्रोन को नष्ट किया

**रूस** के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसके हवाई सुरक्षा बलों ने लेनिनग्राद क्षेत्र में एक यूक्रेनी ड्रोन को नष्ट कर दिया। यह फिनलैंड की खाड़ी की सीमा पर है और शनिवार को बेलगोरोड क्षेत्र में एक दूसरे ड्रोन को नष्ट किया था।

## भारतीय नौसेना के जहाज से जम्मू का नौसैनिक लापता

**कोच्चि।** भारतीय नौसेना के जहाज से एक नौसैनिक पिछले 6 दिन से लापता है। नौसैनिक की पहचान साहिल वर्मा के रूप में की गई है। वह 27 फरवरी से लापता है। 19 साल के साहिल जम्मू के रहने वाले हैं। वह 2022 में भारतीय नौसेना में शामिल हुए थे। भारतीय नौसेना के पश्चिमी नौसेना कमान ने इस घटना की जानकारी दी।

नौसेना ने बताया कि साहिल की तलाश के लिए जहाजों और विमानों के साथ बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया है। नौसेना ने नौसेना बोर्ड ऑफ इंक्वायरी को मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

## उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री चंडीगढ़ रवाना

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में चल रही सियासी उथल-पुथल में अब डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री की एंट्री हो गई है। प्रदेश सरकार के डेमेज को कंट्रोल करने के लिए मुकेश अग्निहोत्री ने भी मोर्चा संभाल लिया है। शनिवार को कैबिनेट बैठक के बाद डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री नाराज चल रही पीसीसी चीफ प्रतिभा सिंह की नब्ज टटोलने उनके निवास स्थान होली लॉज पहुंचे। मुकेश अग्निहोत्री ने प्रदेश में चल रही सियासी उठा पटक पर पीसीसी चीफ प्रतिभा सिंह से लंबी चर्चा की। प्रदेश अध्यक्ष से लंबी चर्चा करने के बाद डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री रविवार को चंडीगढ़ के लिए रवाना हुए हैं। बताया जा रहा है कि मुकश अग्निहोत्री रविवार शाम को हिमाचल भवन में रुकेंगे और कांग्रेस हाईकमान द्वारा हिमाचल के लिए लगाए गए ऑवजर्वर भूपेंद्र सिंह हुड्डा से मुलाकात कर सकते हैं।

**जन विश्वास रैली** | तेजस्वी यादव की राज्यव्यापी जन विश्वास यात्रा के समापन पर आयोजित की रैली

# पटना में बोले राहुल गांधी-भारत नफरत का देश नहीं

**एजेंसी, पटना**

लोकसभा चुनाव से पहले पटना में राष्ट्रीय जनता दल की जन विश्वास रैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सवाल पूछते हुए कहा कि देश में नफरत क्यों फैल रही है। यह देश नफरत का नहीं है। आखिर यह नफरत क्यों फैल रही है? बिहार का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि देश में बदलाव की शुरूआत बिहार से होती है।
विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया के बारे में राहुल गांधी ने कहा, "मैंने भारत जोड़ो यात्रा में कहा कि आप अगर इंडिया गठबंधन को समझना चाहते हैं तो उसे सिर्फ एक ही लाइन में समझा जा सकता है, 'नफरत के बाजार में हम मोहब्बत की दुकान' खोलते है।"





### 40 साल में आज सबसे ज्यादा बेरोजगारी

बेरोजगारी का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा, "आज देश में 40 साल में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है. क्योंकि जिन छोटे उद्योगों से रोजगार पैदा होते थे, मोदी सरकार ने जीएसटी और नोटबंदी के जरिए उन्हें खत्म कर दिया। देश में आज बड़े-बड़े उद्योगपतियों की मोनोपॉली बन रही है। पीएम ने देश की सारी संपत्ति एक उद्योगपति को थमा दी है।"

## लालू यादव का प्रधानमंत्री पर निशाना कहा-देश में नफरत फैला रहे मोदी

**जन** विश्वास रैली में लालू यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी हिंदू नहीं हैं। पीएम मोदी की मां के निधन का जिक्र करते हुए लालू यादव ने कहा कि हिंदू रीति रिवाज के हिसाब से मां के निधन के बाद बाल मुंडवाया जाता है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने ऐसा नहीं किया। इससे प्रतीत होता है कि नरेंद्र मोदी हिंदू नहीं हैं। वहीं लालू यादव ने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी देशभर में नफरत फैला रहे हैं।



### ये हुए शामिल


'जन विश्वास रैली' में लालू प्रसाद यादव के अलावा उनके बेटे पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव डी राजा सहित कई अन्य शीर्ष विपक्षी नेता भी शामिल हुए। आरजेडी की इस रैली को तेजस्वी की राज्यव्यापी जन विश्वास यात्रा के समापन पर आयोजित किया गया।

## गडकरी कल करेंगे 1077 करोड़ की परियोजनाओं शिलान्यास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी 5 मार्च को 1077 करोड़ की परियोजनाओं शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे। इस दौरान हमीरपुर से करनोहल नया एनएच-3 ग्रीन नेशनल हाई-वे कॉरिडोर 40 किलोमीटर लंबा 371.93 करोड़ की लागत से बनाया जाएगा।

इसके अलावा करनोहल से कलवाहन ग्रीन नेशनल हाईवे कॉरिडोर 251.62 करोड़ लागत, कलवाहन से मंडी 208.950 करोड़ रुपए लागत, रेलवे क्रासिंग नंबर 96 के स्थान पर डबललेन रब 20.690 किलोमीटर एनएच 503 पर 19.37 करोड़ रुपए, आरसीसी आर्टीफिशियल टनल 347 से 250 किलोमीट एनएच-05 पर 47.58 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले हाई-वे का शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा ठियोग बाइपास, दयोरीघाट से प्रेमघाट एनएच-05 पर 54.76 करोड़ रुपए व कलरूही खड्ड एनएच-3 पुल का लोकार्पण करेंगे।



# बैरहली से बताल देवता मंदिर तक बनेगी सड़क

## प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने किया भूमि पूजन, लोगों को मिलेगी सुविधा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

व्यवस्था परिवर्तन का उदाहरण देते हुए प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने रविवार को कुठेहडा पंचायत में भारी बारिश के बीच जनता की लंबे अरसे से लंबित मांग को पूरा करते हुए बरैहली चक्का से बताल देवता मंदिर सड़क का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र के विकास के लिए सड़क शिक्षा और स्वास्थ्य तीन मूलभूत सुविधाएं हैं जो कि हर क्षेत्र की जनता को मिलनी चाहिए।


प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर सड़क का भूमि पूजन करते हुए।

यदि जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र की बात की जाए, तो यहां पर क्षेत्र के युवाओं को बेहतरीन शिक्षा प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि आज जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में पूरा किया जा रहा है जो कि हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि इससे पहले राजनेताओं द्वारा यहां की जनता को लुभावने प्रलोभन देकर ठगा गया।

उन्होंने कहा कि वे कुठेहडा पंचायत की जनता का आभार व्यक्त करते हैं कि जब उन्होंने जिला परिषद सदस्य का चुनाव लड़ा था, तब यहां की जनता ने उन्हें अपना आशीर्वाद देकर विजयी बनाया था। उन्होंने कहा कि जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र उनका अपना विधानसभा क्षेत्र है और इस विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए वे निरंतर प्रयत्नशील हैं।

# अब सात साल में होगी जेडीएम की पदोन्नति

## जल शक्ति विभाग में 12 साल की बार से पांच साल हुए कम

**आदर्श यादव, नेरचौक**

जल शक्ति विभाग में अब जूनियर ड्राफ्टसमैन से ड्राफ्टसमैन की पदोन्नति 12 की जगह सात साल में होगी। प्रदेश सरकार की ओर से जल शक्ति विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार शर्मा ने शनिवार को इस संदर्भ में अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना जारी होने से पदोन्नति का रास्ता साफ हो गया है। पदोन्नति पर यह बार सन 1986 से लगी हुई थी, जिसे कम करवाने के लिए हिमाचल प्रदेश ड्राफ्टसमैन एसोसिएशन पिछले लंबे समय से संघर्ष कर रही थी। प्रदेश सरकार द्वारा बार कम करने की अधिसूचना जारी होने से कर्मचारियों ने राहत की सांस ली है।

### विभाग में 165 पद पड़े हैं रिक्त

जूनियर ड्राफ्टसमैन से ड्राफ्टमैन के पद पर पदोन्नति के लिए विभाग द्वारा लगाई गई नियमित सेवाओं की 12 साल की बार के चलते प्रदेश भर में ड्राफ्टसमैन के 166 पदों में से 165 पद रिक्त पड़े हुए हैं। कई कर्मचारी विभाग में अनुबंध व नियमित रुप से 15,16 वर्ष तक सेवा देने के उपरांत जेडीएम के पद से ही सेवानिवृत्त हो गए हैं मगर बार के कारण ड्राफ्टसमैन के उस पद पर पदोन्नति ही हासिल नहीं कर पाए जिसका इन्होंने आईटीआई से दो वर्षीय डिप्लोमा कर रखा था और अभी भी विभाग में बहुत से लोग हैं जो सेवानिवृत्ति की कगार पर है मगर इस अधिसूचना से उन्हें पदोन्नति मिलने की आस जगी है।

बार के कारण हमारा कैडर खत्म होने की कगार पर पहुंच गया था। हमारे बहुत से साथी विभाग को अपने जीवन के 15, 16 साल देकर ऐसे ही सेवानिवृत्त होते जा रहे थे। इस समस्या का समाधान प्रदेश सरकार ने किया है, इसके लिए मैं हिमाचल प्रदेश ड्राफ्टसमैन एसोसिएशन की ओर से मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मुख्य सचिव प्रमोद सक्सेना तथा जल शक्ति विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार शर्मा का आभार प्रकट करता हूं।

**-रमेश यादव, प्रधान, ड्राफ्ट्समैन एसोसिएशन।**

**जूनियर ड्राफ्ट्समैन से ड्राफ्टसमैन के पद पर पदोन्नति का रास्ता हुआ साफ**

जूनियर ड्राफ्टसमैन से ड्राफ्टसमैन की पदोन्नति अब 12 की जगह सात साल में होगी जिसके लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। साथ ही जल शक्ति विभाग के प्रमुख अभियंता को आगामी कार्रवाई के लिए भी आदेश जारी कर दिए गए हैं ताकि पदोन्नति का इंतजार कर रहे इस कैडर के कर्मचारियों की शीघ्र पदोन्नति हो और इन्हें राहत मिले।

**-ओंकार शर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव, जल शक्ति विभाग।**

## न्यूज ब्रीफ

### हिमाचल धाम आश्रम गागल में सत्संग


हिमाचल धाम आश्रम गागल में आयोजित सत्संग में मौजूद महिलाएं।

**मंडी।** विश्व जागृति मिशन मंडी मंडल द्वारा हिमाचल धाम आश्रम गागल में रविवार को मासिक सत्संग का आयोजन किया गया। इस दौरान मंडल के प्रधान कश्मीर सिंह ठाकुर ने कर बंदगी और भजन धीरे धीरे, आनंद ही आनंद बरस रहा बलिहारी ऐसे सतगुरु की, जीवन की घड़ियां देखा न कोई ओम जपो हरि ओम जपो, गुरुवर की शरण हम आए गुरुवर की शरण हम आए, कैलाश के निवासी नमो बार बार हो आयो शरण तुम्हारी प्रभु तार तार हो, शरण में आ पड़ा तेरी प्रभु मुझको भुलाना ना, दया कर दान भक्ति का हमें परमात्मा देना आदि भजनों की मनमोहक प्रस्तुति पेश की। इसके अलावा दलीप सैनी ने मिट्टी दी ये मूर्त जिदया निवाणा गंगा किनारे जल जाना मूढ के फिर नहीं आना, इक झोली में फूल भरे है इक झोली में कांटे कोई कारण होगा, प्रेम सिंह गुलेरिया ने प्रभु तेरा ओम नाम सबका सहारा है, वहीं मेहर चंद ने भरोसा कर तू ईश्वर का तुझे धोखा नहीं होगा, निर्मला सैनी ने गुरु वचनों को रखना संभाल के इन वचनों में गहरा राज है भजन गाकर श्रद्धालुओं को निहाल किया। इसके अलावा दुर्गा दास ने वृंदावन के बांके बिहारी चिठ्ठियां तेनो पावांगें भजन पेश किया। मंडी मंडल के प्रधान कश्मीर सिंह ने बताया कि भारी बारिश के बीच भी अत्यधिक संख्या में श्रद्धालुओं ने शिरकत कर गुरु जी का आशीर्वाद प्राप्त कर भंडारा ग्रहण किया।

### कंडवाल से उद्घोषित अपराधी गिरफ्तार

**सुंदरनगर।** पीओ सेल मंडी टीम ने मंडी जिला न्यायालय के न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी कोर्ट नंबर-2 में विचाराधीन एक दुर्घटना मामले में उद्घोषित आरोपी को नूरपुर के कंडवाल से गिरफ्तार किया है। पीओ सेल टीम ने आगामी कार्रवाई के लिए आरोपी को पुलिस थाना औट के हवाले कर दिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी परमजीत सिंह पुत्र रमेश कुमार निवासी व डाकघर टुंडी, तहसील सिहुंता जिला चंबा पर पुलिस थाना औट में आईपीसी की धारा 279 तथा एमवी एक्ट की धारा 181 व 187 के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। आरोपी के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पुलिस द्वारा चालान तैयार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था। वहीं ट्रायल के दौरान आरोपी कोर्ट से लगातार गैर हाजिर रहा और इस पर न्यायालय द्वारा उसे 18 दिसंबर 2023 को उद्घोषित अपराधी घोषित कर दिया गया। इसके उपरांत पुलिस टीम द्वारा आरोपी की धरपकड़ को लेकर विभिन्न जगहों पर दबिश दी गई। आरोपी बार-बार पुलिस टीम को चकमा देकर भाग जाता था। इस पर पीओ सेल मंडी टीम के एचएचसी महेंद्र सैनी व रवि कुमार, कांस्टेबल विवेक भंगालिया व दिनेश चौधरी की टीम ने आरोपी को कांगड़ा जिला के नूरपुर के कंडवाल से गिरफ्तार किया है। मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी मंडी सागर चंद्र ने कहा कि पीओ सेल टीम मंडी ने एक उद्घोषित अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि पुलिस टीम ने आगामी कार्रवाईके लिए आरोपी को पुलिस थाना औट के हवाले कर दिया है।

### 'भाखा बहता नीर' पुस्तक का विमोचन



**करसोग।** समस्त हिमालयी राज्यों के पर्यावरणवादी समूह यूथ फॉर हिमालय की संभावना संस्थान की एक कार्यशाला में लेखक गगनदीप सिंह की पुस्तक पहाड़ी भाषाओं के विकास की चुनौतियां, भाखा बहता नीर का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू, कश्मीर, सिक्किम, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश के पर्यावरणवादी कार्यकर्ता मौजूद थे। अपनी पुस्तक में गगनदीप सिंह के द्वारा बहुत ही बेबाकी के साथ व्यवस्थित रूप से पहाड़ी भाषाओं के साथ किए जा रहे भेदभाव को उजागर किया है। पुस्तक का विमोचन करते हुए यूथ फॉर हिमालय के सुमित और अनमोल और फातीमा ने गगनदीप सिंह को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पश्चिमी पहाड़ी भाषाओं पर केंद्रित यह किताब हिमाचल में पहाड़ी भाषाओं के संरक्षण के लिए कार्य कर रहे लोगों के लिए बेहद जरूरी किताब है और हिमालय के अन्य राज्यों की मातृभाषाओं के समस्त आ रही चुनौतियों पर भी इस तरह के लेखन की जरूरत है।

# मंडी के संस्कृति सदन में नाट्य व शास्त्रीय संगीत उत्सव कल से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव-2024 को और आकर्षक बनाने के प्रयासों की कड़ी में मंडी में नाट्य व शास्त्रीय संगीत उत्सव का आयोजन किया जाएगा। मंडी के कांगनीधार स्थित संस्कृति सदन में पांच से सात मार्च तक होने जा रहे इस उत्सव में सांस्कृतिक संध्याएं होंगी, जिनमें नाट्य और शास्त्रीय संगीत विधा से जुड़े कलाकार तथा समूह अपनी प्रस्तुति देंगे। यह जानकारी मंडी शिवरात्रि मेला समिति के अध्यक्ष एवं उपायुक्त अपूर्व देवगन ने दी। उन्होंने सभी कला प्रेमियों से उत्सव में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इन संध्याओं का आनंद लेने का आग्रह किया है। इसके अतिरिक्त अन्य सांस्कृतिक आयोजनों के क्रम में संस्कृति सदन में 10 मार्च को प्रातः 11 बजे से कवि सम्मेलन तथा मंडयाली गीता पाठ रहेगा। 14 मार्च को कॉलेज मैदान में देवलू नाटी प्रतियोगिता होगी। उपायुक्त ने बताया कि संस्कृति सदन में होने वाले इन कार्यक्रमों में सम्मिलित होने के लिए पथ परिवहन निगम ने विशेष शटल सेवा की व्यवस्था की है। यह सुविधा मंडी बस अड्डा के प्रवेश द्वार से उपलब्ध रहेगी।

### कार्यक्रमों की रूपरेखा

नाट्य व शास्त्रीय संगीत उत्सव में पांच मार्च को सायं तीन से चार बजे तक जागृति कला मंच मंडी के कलाकारों द्वारा 'मेरी डायरी के तीन पन्ने', चार से पांच बजे तक आकार थियेटर सोसाइटी द्वारा 'बेसहारा औरत', 5.30 से 6.30 बजे तक नवज्योति कला मंच द्वारा 'एक टुकड़ा सत्य' तथा रात्रि सात से आठ बजे तक हिमाचल सांस्कृतिक शोध संस्थान के कलाकारों द्वारा 'द बीयर' नाटक का मंचन किया जाएगा। वहीं छह मार्च को सायं चार से पांच बजे तक संवाद युवा मंडल के कलाकारों द्वारा 'बगिया वांछा राम की', 5.30 से 6.30 बजे तक सोसायटी फार द इंपॉवरमेंट ऑफ कल्चर द्वारा 'उलझन में' तथा सात से आठ बजे तक यूनाइटेड थियेटर एंड विलेज संस्थान द्वारा 'खामोश औरतें' नाटक प्रस्तुत किया जाएगा। सात मार्च को सायं चार बजे से शास्त्रीय संगीत और नृत्य तथा रात्रि आठ बजे भजन संध्या का आयोजन होगा। पांच और छह मार्च को सुबह के सत्रों में जम्बूरी आर्ट फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा।

# नशे से दूर रहकर लक्ष्य की ओर बढ़े

## खुद्दर में नशे के खिलाफ युवा सम्मेलन में बोली अंजना शर्मा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जिला परिषद सदस्य विजय भाटिया ने अपने क्षेत्र के युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। विजय भाटिया द्वारा जोगिंद्रनगर के खुद्दर में भव्य युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया।

जिला परिषद सदस्य विजय भाटिया ने बताया कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को प्रेरित करना और उन्हें विकास में सक्रिय भागीदार बनाना है। समारोह में जिला परिषद सदस्य पाल वर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम में महिला मोर्चा अध्यक्ष एवं मसौली पंचायत प्रधान अंजना शर्मा भी उपस्थित रही। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए अंजना शर्मा ने कहा कि सभी युवा नशे से दूर रहकर अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़े। इस कार्यक्रम में जोगिंद्रनगर लोक गायिका जोनी ठाकुर ने अपने गीतों से समां बांधा और साथ ही उन्होंने आज की युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने की सलाह दी। कार्यक्रम को और ज्यादा रोचक बनाने के लिए हिमाचल प्रदेश के सिंगर एसी भारद्वाज सहित अन्य स्थानीय कलाकारों ने अपनी जादुई आवाज में धमाल मचाया। विजय भाटिया ने बताया कि इस समारोह का उद्देश्य नशे की ओर बढ़ते युवाओं को नशे से दूर रखना है। इस दौरान भाजपा मंडल जोगिंद्रनगर के महामंत्री अजय सकलानी, महिला मोर्चा सचिव आशा ठाकुर सहित अनेक युवा एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


जिला परिषद सदस्य विजय भाटिया मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए।

# अभिलाषी नर्सिंग कॉलेज का परिणाम सराहनीय

**नेरचौक।** हिमाचल प्रदेश विवि शिमला व अमरु द्वारा घोषित बीएससी नर्सिंग के परीक्षा परिणाम में अभिलाषी नर्सिंग कॉलेज की प्रशिक्षु नर्सों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। जिससे कॉलेज का परिणाम शतप्रतिशत रहा है। तीसरे व चतुर्थ वर्ष के नतीजों में अभिलाषी नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने प्रथम दस में स्थान पाया है। अभिलाषी नर्सिंग कॉलेज की पोस्ट बेसिस में जाह्नवी पुत्री दीवान ने नर्सिंग पोस्ट बेसिस में अमरू में प्रदेशभर में टॉप टेन में रहते हुए आठवां स्थान पाया है। वहीं हिमाचल विश्वविद्यालय में बीएससी नर्सिंग के तीसरे वर्ष का परिणाम भी शत प्रतिशत रहा है। बीएससी तृतीय वर्ष में शिवानी ने भी टॉप टेन में जगह बनाई है। इन्हें बधाई दी है।

# मंडी संसदीय क्षेत्र को विकसित करने के लिए 12 सदस्यीय कमेटी गठित

**मंडी।** मंडी के व्यवसायी राजीव परमार द्वारा मंडी संसदीय क्षेत्र के विकास को लेकर 12 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। यह कमेटी मंडी संसदीय क्षेत्र सहित हिमाचल में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और धार्मिक स्थलों के विकास को लेकर तथा पर्यटन के लिए स्थान और संभावनाएं चिन्हित करेगी। कमेटी एक सप्ताह के अंदर एक रिपोर्ट तैयार कर मंडी संसदीय क्षेत्र के विकास और रोजगार को लेकर एक मसौदा बनाएगी। तत्पश्चात युवाओं और महिला मंडलों को कैसे रोजगार दिया जाएगा, इस पर कार्य करेगी। इस बारे में राजीव परमार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मंडी संसदीय क्षेत्र विकास में पिछड़ता जा रहा है। पर्यटन के नाम पर कुछ खास प्रदेश में देखने को नहीं मिलता है। बाहरी राज्यों के पर्यटक कुल्लू मनाली घूमने आते हैं, लेकिन सड़कों की हालत बहुत ही दयनीय है। आजादी के 75 वर्षों बाद भी धार्मिक स्थलों को विकसित नहीं किया गया है, इसलिए हमने मंडी संसदीय क्षेत्र में नौबाही कॉरिडोर बनाने के मसौदे पर काम करना शुरू किया है, ऐसे ही मुरारी देवी, कांडापत्तन, जोगिंद्रनगर मच्छ्याल, कमरूनाग, सराज, गोहर, बरोट, चौहार घाटी, रामपुर, भरमौर, किन्नौर और लाहौल-स्पीति के धार्मिक स्थलों को विकसित करने का संकल्प लिया है। आने वाले समय में इनके उपर काम करना शुरू किया जाएगा।


राजीव परमार।

# बैठक कल

**मंडी।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंडी सोमिल गौतम ने बताया कि 107 हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम के जमा परमिटों के प्रकाशित स्टैज कैरिज रूट परमिट और ई-बस के प्रकाशित स्टैज कैरिज रूट परमिट की बैठक पांच मार्च को सुबह 11 बजे परिवहन निदेशालय, शिमला में आयोजित होगी। उन्होंने आवेदन करने वालों से आग्रह किया है कि अपने मूल कागजात के साथ उपस्थिति सुनिश्चित करें।

# राजशाही के दिन गए, प्रदेश में सुख की सरकार : लाल सिंह


कांग्रेस महासचिव लाल सिंह कौशल पत्रकार वार्ता करते हुए।

**अनंत ज्ञान, गोहर**

शिमला में राजनीतिक उठापटक के बीच कांग्रेस के नेता खुलकर सामने आने लगे हैं। कांग्रेस पार्टी के महासचिव एवं नाचन के नेता लाल सिंह कौशल ने प्रेस वार्ता में कहा कि अब राजशाही के दिन लद चुके हैं, अब हिमाचल सरकार की बागडोर आम परिवार से निकले व्यक्ति के हाथों में है। अब प्रदेश में सुख की सरकार है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू एक योद्धा के रूप में उभर कर आम जनमानस की सेवा में दिन रात डटे हुए हैं। तीस साल की कठिन तपस्या के बाद सत्ता के शिखर तक पहुंचे सुखविंद्र सिंह सुक्खू मौजूदा सियासी संग्राम में योद्धा बनकर उभरे हैं। अपनों की दगाबाजी से राज्यसभा सीट गंवाने के बाद सूचना तंत्र की नाकामी को बेझिझक स्वीकारना ऐसा एक साहसी योद्धा ही कर सकता है। खराब माली हालत, प्राकृतिक आपदा से त्रस्त प्रदेश को उबारने में डटे मुख्यमंत्री के पीछे कुछ ताकतें उनके खिलाफ साजिश रचती रही। उन्होंने कहा कि षड्यंत्रकारियों ने राज्यसभा चुनाव में दगा किया। संस्कृत में ट्विट करने वाले विधायक ने भाजपा की शह पर बड़सर और गगरेट के पंडितों को बरगलाया और दुर्भाग्य से राणा, भुट्टो लाहौल-स्पीति के विधायक भी साजिश में शामिल हो गए। लाल सिंह कौशल ने कहा कि मुख्यमंत्री की कार्यप्रणाली को देखते हुए राज्य की विश्व बैंक, आम जनता समेत देश की सबसे बड़ी एजेंसियां भी उनकी कायल हुई है। यह बात केंद्र की मोदी सरकार नहीं पचा रही है, जिस कारण सरकार बहुमत वाली सरकार को गिराने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर सिद्धू राम भारद्वाज, चिंत राम डोगरा, नानक चंद, हेम सिंह सैनी, लुदरमणी, घनश्याम, जय चंद शर्मा सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जोगिंद्रनगर में इंडेन गैस का रूट चार्ट जारी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

इंडेन गैस एजेंसी जोगिंद्रनगर का मार्च माह का रूट चार्ट जारी कर दिया गया है। इसके तहत उपभोक्ताओं को रसोई गैस का वितरण किया जाएगा। यह जानकारी एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने दी। उन्होंने बताया कि चार मार्च को झमेहड़, चक्का, चक्का से कढेरनू, पाबो बनौण, त्रैम्बली, गोंथला, लखनोट व नगर परिषद जोगिंद्रनगर में एलपीजी गैस का वितरण किया जाएगा। इसी तरह पांच मार्च को नागनाला, द्राहल, अप्पर समोहली, बसाही, मकरीड़ी व भडयाड़ा, छह मार्च को निचला भडयाड़ा, कमेहड़, चल्हारग, बल्ह, बनौण, जोल, जगैहड़ा, जौली, मच्छयाल, कुफरू, मोरचक्का, मचकेड़ा, टिकरू, बल्ही, ककडैना व दरकोटी, सात मार्च को नगर परिषद जोगिंद्रनगर, आठ मार्च को मोहनघाटी, रड़ा भखेड़, ऐहजु, सूकाबाग, चौंतड़ा, बीडरोड़, मटरू, सूजा, काथला व लोअर सेरी तथा नौ मार्च को अपरोच रोड, कूपड़, शानन, हरनाला, हार, आरठी, निचला गरोडू सामुदायिक भवन, छपरोट, रेलवे लाइन वाया सिंगला अस्पताल पंजागणा में रसोई गैस का वितरण किया जाएगा। एसडीएम ने बताया कि 11 मार्च को जिमजिमा, बृजमंडी, हराबाग, छानग, गलू, दुल, बनाड़, गलू पटट व नगर परिषद जोगिंद्रनगर, 12 मार्च को बालकरूपी, घमरेड़, मझवाड़, दारट बगला, भरोलू वाया जालपा रोड़, अपर घमरेहड़, मकड़ैना व सजानका मोहल्ला, 13 मार्च को सेरू, जलपेहड़, बनाई हार, झलवाण, पहलून, भटठा, मसौली, धरूं लिंक रोड, खुदर, छतर, हार झलवान, सेरू स्कूल से खवोड़ा, सूद बस्ती व नगर परिषद जोगिन्दर नगर, 14 मार्च को मझारनू, कुफरू, स्यूरी, नेर, बस्सी, मनोह, मच्छयालु भलैन्दरा, भुझडू, बडौण, कुन्डूनी व बनेहड़, 15 मार्च को भराडू, बिहूं, टिक्कर, छाम्ब, गडूही, कस, लोअर कस, बटोहलू, कोठी, आलगावाड़ी व सरस्वती स्कूल तथा 16 मार्च को नगर परिषद जोगिन्दर नगर में एलपीजी गैस का वितरण होगा। इसी तरह 18 मार्च को सैंथल, लोअर चौंतड़ा, चौंतड़ा, राजा चौकी, द्रौबड़ी, सगनेहड़, कोहरा, भाला रिहड़ा, चांदनी, सांलग, टटानका व डूहकी, 19 मार्च को घटटा, मोहनघाटी, रड़ा भखेड़, ऐहजू, रोपड़ी कलैहडू, गाहरू, लकरेहड़, द्रुब्बल, लडवाण, चक्का, बसाही, चलारग, मकरीड़ी, द्राहल व मोर डूहग भरोहन, 20 मार्च को मटरू, सूजा, भजराला, खौली, भटवाड़ा, सन्द्राहल, कुराटी, पिपली, कुठेहड़ा, सुआ, स्यूण, बदेहड़, ठारू, भैरू, चांजड़ा, सतैन, अप्पर मचकेहड़, अपरोच रोड शानन, ब्रिज मंडी, हराबाग, गलू, जिम्म जिमा, आरठी व रोहटा सपैडू, 21 मार्च को बीड़ रोड, मचकेहड़, सुकाबाग, पसल, बीड़ कालोनी, टिकरी मुशैहरा, खज चौगान में तो वहीं 22 मार्च को चौंतड़ा, तिब्बती कालोनी, सगनेहड़ हार वाया चौंतड़ा, बालकरूपी, मझवाड, दारट बगला, सेरू व बनाई, 23 मार्च को बजगर, लदरूंही, भडयाड़ा, बरनाहूं, धनैतर, पातकू, अपर ढ़ेलू में गैस का वितरण किया जाएगा।



# केंद्र ने लोकतंत्र का गला घोंटा: राही

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद हिमाचल प्रदेश के महासचिव व राज्य प्रवक्ता चमन राही, राज्य संयोजक सादिक मोहम्मद, शकुंतला कश्यप, धर्मी देवी, जिलाध्यक्ष चंद्रवीर कागरा, लखप्रीत कौर, प्रजापति कुंभकार सभा के प्रदेशाध्यक्ष हरिचंद गोयल, सेवादल के पूर्व प्रदेश सचिव यशवंत गुलेरिया, झुग्गी-झोपड़ी कल्याण सुधार समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने हिमाचल में लोकतंत्र का गला घोंट दिया है, जिसे हिमाचल के लोग किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं करेंगे। हिमाचल के इतिहास में पहली बार ऐसी घटना हुई जब जनता द्वारा चुनी गई बहुमत वाली सरकार को गिराने का प्रयास किया गया।



चमन राही ने कहा कि जिन छह विधायकों ने अपने स्वार्थ के लिए कांग्रेस सरकार के खिलाफ षड्यंत्र रचा उनके खिलाफ अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद उनके छह विधानसभा क्षेत्रों में बेनकाव अभियान चलाएगी। साझा षड्यंत्र के तहत केंद्र सरकार ने विधायकों को सुरक्षा के लिए हरियाणा और अन्य सुरक्षा जवान भेजे, जिससे साफ जाहिर है कि बहुमत की सरकार को गिराने का काम किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव में दलित वर्ग भाजपा के खिलाफ हल्ला बोलेगा, ताकि हिमाचल में लोकतंत्र को जिंदा रखा जा सके। चमन राही ने कहा कि सुक्खू सरकार के ऊपर देवी-देवताओं का आशीर्वाद है। पूर्व मुख्यमंत्री के समर्थक तो यह कह रहे थे कि महाशिवरात्रि का शुभारंभ जयराम करेंगे, लेकिन देवता भ्रष्टाचार के खिलाफ हैं। चमन राही ने कहा कि जयराम सरकार की दलित विरोधी नीतियों के खिलाफ ही विधानसभा चुनाव में दलितों ने कांग्रेस को वोट दिया था, लेकिन केंद्र सरकार हिमाचल को उसका हक नहीं दे रही है।

विकास के लिए केंद्र सरकार हिमाचल को पैसा जारी नहीं कर रही है। चमन राही ने दुर्योधन की भांति कर्म करने वाले छह नेताओं को जनता माफ नहीं करेगी।

**राहत** सुखाश्रय योजना के तहत 16-16 हजार रुपए की राशि मिली

# करसोग के 53 लाभार्थियों को मिली पॉकेट मनी


**अनंत ज्ञान, करसोग**

राज्य सरकार की महत्वकांक्षी सुखाश्रय योजना से ग्रामीण व दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले पात्र लाभार्थी लाभान्वित होने लगे हैं। इस योजना का लाभ करसोग क्षेत्र के चिन्हित लाभार्थियों को भी मिलना शुरू हो गया है।

क्षेत्र के सभी चिन्हित 53 पात्र लाभार्थियों को राज्य सरकार की ओर से प्रतिमाह चार हजार रुपए की राशि पॉकेट मनी के रूप में प्रदान की जा रही है। गौरतलब है कि योजना में 0 से 27 वर्ष के आयु वर्ग के अनाथ बच्चों को शामिल किया गया है। जिनका पालन पोषण करने वाला अपना कोई नहीं है। राज्य सरकार द्वारा इन्हें चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट घोषित किया गया है। योजना के तहत सभी पात्र लाभार्थियों को राज्य सरकार द्वारा दिसंबर, 2023 से मार्च, 2024 तक लगभग चार माह की पॉकेट मनी की राशि 16 हजार रुपए प्रति लाभार्थी प्रदान की गई है। चयनित सभी 53 लाभार्थियों को लगभग आठ लाख रुपए की राशि प्रदान की जा चुकी है। इन सभी लाभार्थियों को राज्य सरकार द्वारा सुखाश्रय योजना के अंतर्गत लाकर चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के रूप में घोषित किया गया है। इन सभी का जीवन यापन का खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है। इसके लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के दिशा-निर्देशानुसार एक वृहद योजना तैयार कर प्रदेश के अनाथ बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के रूप में घोषित कर लाभान्वित किया जा रहा है।

एसडीएम करसोग नरेंद्र सिंह ने बताया कि राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के निरंतर प्रयास किए जा रहे है ताकि पात्र लोगों को योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके। सुखाश्रय योजना के लिए चिन्हित क्षेत्र के सभी पात्र लाभार्थियों को इस योजना का लाभ मिलना शुरू हो गया है।

### मंडी जिले में 360 से अधिक लाभार्थी



राज्य सरकार की महत्वकांक्षी सुखाश्रय योजना के दायरे में जहां प्रदेशभर के लगभग चार हजार अनाथ बच्चों को लाया गया है वहीं मंडी जिले में भी लगभग 360 से अधिक लाभार्थियों को इस योजना में शामिल कर, लाभान्वित किया जा रहा है। जिले में योजना के अंतर्गत चयनित सभी लाभार्थियों को लगभग 58 लाख रुपए की आर्थिक सहायता पॉकेट मनी के रूप में प्रदान की जा चुकी है। इन में चौंतड़ा ब्लॉक में 35, धर्मपुर में 34, द्रंग में 48, गोहर में 21, गोपालपुर में 48, रिवालसर में 23, सदर में 52, सराज में 31, सुंदरनगर में 21, करसोग में 53 लाभार्थियों को योजना का सीधा लाभ मिल रहा है।

## हैप्पी बर्थडे



नगरोटा बगवां के अंकुश मेहरा को जन्मदिन पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## सालगिरह मुबारक



हटवास के कैप्टन मस्त राम धीमान व जगतंबो देवी को शादी की सालगिरह पर हार्दिक शुभकामनाएं।

### केंद्रीय रेल मंत्री रावसाहेब पाटिल दानवे ने दी जानकारी, राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने उठाया था मुद्दा

# ऊना-हमीरपुर रेल लाइन की डीपीआर तैयार, 3361 करोड़ होंगे खर्च

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रस्तावित ऊना-हमीरपुर रेल लाइन के संबंध में विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर ली गई है। डीपीआर के अनुसार इस परियोजना की अनुमानित लागत 3361 करोड़ रुपए है। केंद्रीय रेल, कोयला एवं खान मंत्रालय राज्य मंत्री रावसाहेब पाटिल दानवे ने यह जानकारी दी है।

हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने हाल ही में राज्यसभा में विशेष उल्लेख के तहत ऊना रेल लाइन को हमीरपुर तक बढ़ाने और भानुपल्ली-बिलासपुर रेल लाइन के लिए समुचित धन का प्रावधान करके इसके कार्य में तेजी लाने का मामला उठाया था। केंद्रीय रेल, कोयला एवं खान मंत्रालय राज्य मंत्री रावसाहेब पाटिल दानवे ने सांसद सिकंदर कुमार को इसका जवाब प्रेषित किया है। केंद्रीय रेल राज्य मंत्री ने बताया कि ऊना से हमीरपुर तक नई रेल लाइन की लंबाई 41 किलोमीटर होगी। इस रेल लाइन की 3361 करोड़ की डीपीआर तैयार कर ली गई है और डीपीआर केंद्र सरकार के विचाराधीन है।




प्रतीकात्मक फोटो

केंद्रीय रेल राज्य मंत्री ने यह भी जानकारी दी कि 63 किलोमीटर लंबी भानुपल्ली-बिलासपुर-बेरी नई रेल लाइन पंजाब में 14 किलोमीटर और हिमाचल प्रदेश में 49 किलोमीटर प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना की अनुमानित लागत 6753 करोड़ है। इस रेल लाइन के निर्माण में दिसंबर 2023 तक 4477 करोड़ का व्यय किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में इस परियोजना के लिए एक हजार करोड़ आवंटित किए गए हैं। इस परियोजना का कार्य प्रगति पर है। सिकंदर कुमार ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को दिया था प्रस्ताव राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर ऊना-हमीरपुर रेल लाइन और भानुपल्ली-बिलासपुर का मामला उठा चुके हैं। विगत माह उन्होंने रेल मंत्री को ऊना से हमीरपुर तक रेल लाइन बिछाने का प्रस्ताव दिया था। उन्होंने अपने प्रस्ताव में कहा कि वर्तमान में ऊना तक रेल यातायात की सुविधा है। ऊना से हमीरपुर जिला में भी रेल लाइन बिछाने की संभावनाएं हैं।

सांसद ने कहा कि यदि ऊना से हमीरपुर तक रेल लाइन बिछाई जाती है, तो इससे स्थानीय लोगों को सुविधा मिलेगी और साथ ही रेल को भी बहुत अच्छी आमदनी होगी। डॉक्टर सिकंदर कुमार के अनुसार हमीरपुर में बाबा बालक नाथ जी का प्रसिद्ध पीठ है और वहां वर्षभर दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। ऐसे में हमीरपुर तक रेल लाइन बनने से पर्यटकों सहित श्रद्धालुओं को भी इसका लाभ मिलेगा।

### मध्य हिमाचल में रेल यातायात की सुविधा न के बराबर

**सांसद** ने कहा कि मध्य हिमाचल में रेल यातायात की सुविधा न के बराबर है। ऊना जिला मुख्यालय के अलावा कालका से शिमला व पठानकोट से जोगिंदरनगर तक रेल सुविधा लोगों को मिल रही है। इससे पहले सांसद सिकंदर कुमार ने सदन में शून्यकाल में भी ऊना-हमीरपुर रेलवे लाइन के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। इसके अलावा उन्होंने भानुपल्ली से बिलासपुर-लेह रेल लाइन के कार्य में तेजी लाने की भी मांग की थी। यह रेलवे लाइन सामरिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा इस रेलवे लाइन के कार्य में कई पुलों व टनलों का निर्माण होना है। उन्होंने केंद्र सरकार से भानुपल्ली से बिलासपुर-लेह रेल लाइन के लिए समुचित धन का प्रावधान करने की भी मांग उठाई, ताकि इस रेलवे लाइन के कार्य में तेजी आए और इस ऐतिहासिक प्रोजेक्ट का कार्य निर्बाधरूप से आगे बढ़े।

## सीएम ने डॉ. सीमा को महिला दिवस पुरस्कार में चयन पर बधाई दी

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आईआईटी दिल्ली में अर्थशास्त्र की प्रोफेसर डॉ. सीमा शर्मा को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पुरस्कार-2024 के लिए इंडियन काउंसिल फॉर यूएन रिलेशनस, नई दिल्ली द्वारा चयनित किए जाने पर हार्दिक बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने हमीरपुर की डॉ. सीमा शर्मा की उपलब्धियों पर गर्व जाहिर करते हुए अनुसंधान एवं विकास में उनके उत्कृष्ट योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रदेश में कन्याओं के लिए प्रेरणा स्रोत की भूमिका निभाने के लिए उनकी सराहना की। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आईआईटी दिल्ली में उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के बारे में बताते हुए कहा कि आउटस्टैंडिंग यंग फैकल्टी फैलोशिप तथा टीचिंग एक्सीलेंस अवार्ड प्राप्त करना शिक्षण तथा अनुसंधान में उनकी प्रतिबद्धता को साबित करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### झाड़माजरी अग्निकांडः कंपनी संचालक से पुलिस ने की पूछताछ

**बीबीएन।** औद्योगिक क्षेत्र बद्दी के झाड़माजरी में एनआर एरोमा उद्योग में भीषण अग्निकांड मामले की बरोटीवाला पुलिस जांच कर रही है।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

कंपनी संचालक पूरे एक माह बाद हाई कोर्ट से अग्रिम जमानत मिलने के बाद पुलिस जांच में शामिल हुए, जिनसे पुलिस पूछताछ कर रही है। हाई कोर्ट ने कंपनी संचालकों को अग्रिम जमानत देते हुए रविवार को जांच में शामिल होने के आदेश दिए थे जिन आदेशों पर कंपनी के तीन मालिक रविवार को बरोटीवाला पुलिस थाना पहुंचे, जिनसे करीब दो घंटे तक पूछताछ की गई, जिसमें पुलिस ने कंपनी रिकॉर्ड के साथ-साथ घटना के दिन उद्योग में काम करने वाले कामगारों की संख्या के बारे में कई सवाल किए। डीएसपी बद्दी खजाना राम ने खबर की पुष्टि की है।

### ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 1.84 लाख की धोखाधड़ी

**बीबीएन।** पुलिस थाना रामशहर के तहत 1.84 लाख की धोखाधड़ी का मामला सामने आया। पुलिस ने व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में धीरज प्रकाश निवासी सुरेंद्र कुमार निवासी रामशहर ने बताया कि एक व्यक्ति ने ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 1.84 लाख रुपए की ठगी की, लेकिन अब पैसा वापस करने से मना कर रहा है। एएसपी अशोक वर्मा ने बताया कि शिकायत के आधार पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया गया है।

### भुंतर में 703 ग्राम चरस के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

**कुल्लू।** थाना भुंतर के अंतर्गत पुलिस ने नशा तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी को



न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। नशा तस्करी का मामला रविवार उस दौरान सामने आया जब पुलिस इलाके में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस जब फोरलेन स्थित फ्रूट मार्किट के समीप पहुंची तो वहां मौजूद व्यक्ति पुलिस को देख घबरा गया और छिपने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने संदेह के आधार पर उसे दबोच लिया, जिसके कब्जे से 703 ग्राम चरस बरमाद हुई। पुलिस ने नशे की खेप को कब्जे में लेकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कार्तीकेयन ने बताया कि पुलिस ने आरोपी सूरत राम (40) पुत्र श्याम लाल निवासी गांव क्षामद डाकघर दोघरी, जिला कुल्लू के विरुद्ध मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### पतलीकूहल में चिट्टे के साथ दबोचा युवक, मामला दर्ज

**कुल्लू।** थाना पतलीकुहल के अंतर्गत पुलिस ने एक युवक के कब्जे से हेरोइन बरामद की है। नशा तस्करी का मामला



रविवार उस दौरान सामने आया जब पुलिस टीम इलाके में गश्त पर थी। पुलिस जब 15 मील स्थित रेन शेल्टर के समीप पहुंची तो वहां एक युवक मौजूद था जोकि पुलिस को देखकर घबरा गया। पुलिस ने संदेह के आधार पर जब युवक की तलाशी ली तो उसके कब्जे से छह ग्राम हेरोइन ( चिट्टा) बरामद हुई। पुलिस ने नशे की खेप को कब्जे में लेकर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कार्तीकेयन ने बताया कि पुलिस ने आरोपी सोनम ज्ञाल्ज़न लामा (26 बर्ष) पुत्र ठिल्ले लामा तमांग निवासी नेपाल हाल गांव 15 मील डाकघर बड़ाग्रां ज़िला कुल्लू के विरुद्ध मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### वन विभाग ने अवैध शराब की भट्टियों को किया नष्ट

**पांवटा साहिब।** वन विभाग पांवटा साहिब ने खारा के जंगलों में अलग- अलग छापेमारी कर जंगल में दो जगह से 750 लीटर अवैध शराब लाहण नष्ट की। डीएफओ ऐश्वर्य राज ने बताया कि वन विभाग की टीम को सूचना मिल रही थी कि खारा के जंगलों में अवैध शराब बनाने का धंधा चल रहा है। सूचना मिलने के बाद अनवर सिंह वनरक्षक प्रभारी खारा बीट अतिरिक्त भार वन खंड खारा ब्लॉक के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम में वनरक्षक मुद्दसीर नजर, रतन शर्मा, अनिता, मनीषा व हरि चंद वन कर्मी शामिल थे। इस दौरान टीम द्वारा खारा ब्लॉक में अवैध शराब माफिया के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जंगल में छापेमारी की गई। इस दौरान टीम ने आरक्षित वन खारा भाग-17 में दो भट्ठियों व लगभग 450 लीटर लाहण तथा आरक्षित वन खारा भाग-14 में एक भट्ठी व लगभग 300 लीटर लाहण कुल 750 लीटर लाहण नष्ट की। वन विभाग के डीएफओ ऐश्वर्य राज ने बताया कि वन विभाग ने खारा जंगल में 750 लीटर लाहण अवैध शराब को नष्ट किया है। वन विभाग जंगलों में अवैध शराब निकाल रहे तस्करों को नहीं बख्शेगी।

# प्रदेश के हितों को लेकर खामोश नहीं बैठेगी भाजपा : जयराम ठाकुर

## बोले- सरकार के खिलाफ जारी रहेगा संघर्ष, कुछ भी हो सकता है!

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राज्य में बीते कई दिनों से जारी सियासी संकट के बीच पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में बने हालातों से ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस का सत्ता में रहना कठिन है। उन्होंने कहा कि आपसी लड़ाई की वजह से कांग्रेस सरकार का सत्ता में रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। ऐसे में प्रदेश में कुछ भी हो सकता है। जयराम ठाकुर ने कहा कि बीजेपी हिमाचल प्रदेश के लोगों के हितों को लेकर कभी खामोश नहीं बैठेगी। वह प्रदेश सरकार की नाकामियों के खिलाफ लगातार संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को इस सियासी माहौल के बीच तैयार रहने की सलाह दी है।

यह बात शिमला में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने त्रिदेव सम्मेलन के दौरान कही। शिमला के गंज बाजार में रविवार को भाजपा शिमला मंडल का त्रिदेव सम्मेलन हुआ, जिसमें लोकसभा चुनावों से पहले भाजपा शिमला मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की गई। जयराम ने कहा कि पार्टी की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। बूथ पर पार्टी की जीत सुनिश्चित करना त्रिदेव का काम होता है। कार्यकर्ताओं को पोलिंग बूथ पर ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़कर पार्टी के पक्ष



त्रिदेव सम्मेलन में नेता प्रतिपक्ष का स्वागत करते पदाधिकारी।

में वोट करने के साथ जीत सुनिश्चित करने को कहा गया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि पूरे देश में पार्टी पीएम मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रही हैं। 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की आपसी लड़ाई की वजह से सत्ता में रहना कठिन है मंत्रिमंडल की बैठक से मंत्री भाग रहे हैं कुछ अपना इस्तीफा दे रहे हैं। विधानसभा के अंदर विधायक सरकार के खिलाफ है। ऐसे हालातों आने वाले समय में कुछ भी हो सकता है।

## मंडी से मैदान में कंगना या जयराम ?

**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी ने मथुरा से बॉलीवुड एक्ट्रेस हेमा मालिनी को लोकसभा चुनाव के लिए टिकट दिया है। इससे हिमाचल की मंडी सीट से कंगना रणौत को भी टिकट मिलने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। कंगना रणौत ने खुद भी चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की है। कंगना मंडी की रहने वाली हैं। उन्होंने मनाली में भी अपना घर बना रखा है। मनाली भी मंडी लोकसभा सीट में आता है। ऐसे में भाजपा कंगना पर दांव खेल सकती है। मंडी लोकसभा सीट अभी कांग्रेस के पास है।

इस सीट से नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रणौत, अजय राणा और फिर पूर्व सांसद महेश्वर सिंह का नाम चर्चा में है। इनमें से किसी एक को पार्टी अपना प्रत्याशी बना सकती है। कंगना को मंडी से टिकट नहीं दिया गया तो पार्टी उन्हें चंडीगढ़ से भी मैदान में उतार सकती है। हिमाचल की चारों लोकसभा सीटों पर आखिरी फेज में वोटिंग होगी, क्योंकि प्रदेश के कई क्षेत्र मई के पहले सप्ताह तक बर्फ से ढके रहते हैं। साल 2019 में भी 19 मई को प्रदेश में मतदान हुआ था। इस वजह से हिमाचल में अभी टिकट को लेकर कोई फैसला नहीं हो सका। भाजपा की टिकट की पहली लिस्ट आते ही प्रदेश में दावेदारों को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।




### पांवटा में बस और बाइक की टक्कर से दो की मौत

**पांवटा साहिब।** पांवटा साहिब के माजरा थाने के अंतर्गत कोलर में एक निजी बस और बाइक की जोरदार टक्कर हुई, जिससे बाइक चालक अलबेल सिंह पुत्र जगदीश चंद निवासी माधाना पांवटा साहिब की मौके पर ही मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार जब एक निजी बस (एचपी 71ए- 0672) नाहन से पांवटा की तरफ जा रही थी तो सामने से आ रही एक मोटरसाइकिल (एचपी 71जी 3433) ने आकर टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक अलबेल सिंह पुत्र जगदीश चंद की मौके पर ही मौत हो गई तथा उसके पीछे बैठा व्यक्ति धनबीर सिंह पुत्र दिलीप सिंह घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए नाहन मेडिकल कालेज ले जाया गया है। यहां उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गई। बता दें कि सिर पर चोट लगने से चालक की मौके पर ही मौत हो गई थी। बताया जा रहा है कि व्यक्ति ने हेलमेट नहीं पहना था। एसडीपीओ पांवटा साहिब अदिति सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया जाएगा।




### आसमानी बिजली गिरने से मकान में लगी आग

**राजगढ़ ।** सिरमौर जिले के गिरीपार क्षेत्र की पंचायत गवाही के गांव जामल में आसमानी बिजली गिरने से मकान में आग लग गई। गनीमत यह रही कि घटना में किसी भी तरह का जानी नुकसान नहीं हुआ है। जानकारी के अनुसार जामल गांव के रामलाल शर्मा का परिवार शादी समारोह में गया हुआ था। घर में उनकी बहन दया देवी व उनकी भांजी थी। दोनों रसोई में थीं अचानक साथ लगते कमरे में गर्जना के साथ जोरदार धमाका हुआ। देखते ही देखते मकान व रसोई घर आग में तब्दील हो गया। परिवार कहना है कि घर के भीतर बक्से में डेढ़ लाख रुपए के अतिरिक्त जेवर सहित अन्य कीमती सामान भी रखा था वह भी आग की चपेट में आने से सब कुछ जल गया है। उधर, ग्राम पंचायत गवाही प्रधान सीमा धीमान और पटवारी को मौके पर बुलाया गया। पटवारी ने मौके पर पहुंचकर नुकसान की रिपोट प्रशासन को भेजीं दी है।

## विधानसभा की सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित सभी पहलुओं पर होगा विचार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- डीजीपी ने पुलिस के आला अधिकारियों का बोर्ड ऑफ ऑफिसर्ज का किया गठन

हिमाचल प्रदेश विधानसभा की सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित सभी पहलुओं पर विचार करने के लिए डीजीपी ने पुलिस के आला अधिकारियों का बोर्ड ऑफ ऑफिसर्ज का गठन किया है। आईजी इटेलिजेंस संतोष पटियाल को बोर्ड ऑफ ऑफिसर्स का चेयरमैन बनाया है। इसके तीन सदस्य होंगे।

कांगड़ा की एसपी शालिनी अग्निहोत्री, शिमला के एसपी संजय गांधी और सीआईडी के एसपी भूपिंद्र सिंह नेगी इस टीम के सदस्य होंगे। बोर्ड ऑफ ऑफिसर्ज को विधानसभा की सुरक्षा से संबंधित सभी पहलुओं पर विचार कर दस मार्च तक डीजीपी संजय कुंडू को अपनी रिपोर्ट देनी होगी। इसकी रिपोर्ट के आधार पर विधानसभा की सुरक्षा को और मजबूत किया जाएगा। विधानसभा की सुरक्षा में चूक से स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया खफा थे। हिमाचल प्रदेश विधानसभा के शिमला में हुए बजट सत्र की आखिरी दो बैठकों में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच काफी खींचतान देखने को मिली थी। विधानसभा में विपक्षी दल के हंगामे के बाद निलंबित भाजपा सदस्यों को सदन से बाहर निकालने के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में हुई चूक से विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया बेहद खफा थे। विधानसभा सचिवालय में पहली मार्च को सुरक्षा से संबंधित एक समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि भविष्य में इसे न दोहराया जाए तथा विधानसभा के सुरक्षा कवच को मजबूत बनाया जाए।

### तानाशाह को आईना दिखाना जरूरीः राणा

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश इन दिनों देश की सियासत का अखाड11 बना हुआ है। राज्यसभा चुनाव में छह कांग्रेसी विधायकों द्वारा बगावत करने के बाद से शुरू हुआ



यह सियासी ड्रामा अब रुकने का नाम नही ले रहा है। सुक्खू सरकार को बचाने में तो सफल हो गए, लेकिन इस सियासी ड्रामे को जैसे-जैसे समय बीत रहा है कांग्रेस के बागी विधायक खुलकर सीएम सुक्खू के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए नजर आ रहे हैं। रविवार को सुजानपुर से बागी कांग्रेस विधायक राजेंद्र राणा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर अपने सोशल मीडिया के माध्यम से हमला बोला। राजेंद्र राणा ने सीएम सुक्खू का नाम लिए बगैर एक शायर की पंक्तियों को कोट करते हुए ताना शाह करारा दिया है। राजेंद्र राणा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा कि बात स्वाभिमान पर आ जाए तो सर उठाना जरूरी है। एक तानाशाह को आईना दिखाना जरूरी है। जनता के हितों के बने रहेंगे पहरेदार, गर आंच आई उसूलों पे तो टकराना जरूरी है। हिमाचल प्रदेश में चल रही सियासी हलचल का जैसे जैसे समय बीत रहा है दोनो पक्षों के एक-दूसरे पर जुबानी हमले तेज हो रहे हैं।

### कांग्रेस चारों सीटों पर करेगी कब्जाः संजीव गांधी

**धर्मशाला।** आगामी लोकसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी हिमाचल प्रदेश की सभी चार



लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करेगी। यह दावा कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के मीडिया समन्वयक और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट संजीव गांधी ने किया है। रविवार को जारी एक प्रेस बयान में उन्होंने कहा कि भाजपा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार को अस्थिर करके हिमाचल की समृद्ध संस्कृति और विरासत को खराब करने की कोशिश कर रही है। इस तथ्य को जाने बिना कि हिमाचल प्रदेश के लोगों ने राज्य में भाजपा सरकार को ख़ारिज करने के बाद कांग्रेस पार्टी को 40 विधानसभा सीटों का स्पष्ट जनादेश दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता राज्य में आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को चार सीटों पर स्पष्ट जनादेश दोहराकर भाजपा को सबक सिखाएगी।

### अवसरवादी नहीं गिरा पाएंगे सरकारः मुंगटा

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी व जिला परिषद सदस्य हाटकोटी कौशल मुंगटा ने बागी विधायकों व भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पार्टी के चिन्ह पर चुनाव लड़कर पार्टी के खिलाफ जाने वाले स्वाभिमानी नहीं, अवसरवादी कहलाते हैं, पार्टी मां के समान होती है और मां से बड़ा बेटे का स्वाभिमान हो नहीं सकता। रही बात मुख्यमंत्री के व्यवहार व कार्य की तो उसकी सराहना विश्व बैंक, राष्ट्रीय मीडिया व हिमाचल की जनता कर चुकी है, जिन्होंने पहली बार ऐसा मुख्यमंत्री देखा जिसने खजाने का मुंह आम गरीबों के लिए खोला व पूरे प्रदेश को राहत दी। अपने लालच को पूरा न होता देख पार्टी से दगा करने वाले हिमाचल के हितों की बात न ही करें तो बेहतर होगा। हिमाचल के इतिहास में उनकी इस घटना को राजनीतिक कलंक के तौर पर देखा जाएगा। उन्होंने कहा कि अपने पदों से हाथ धो बैठे बागी विधायक कानून से राहत की बाट जोह रहे हैं, जो कि उन्हें बचा नहीं पाएगी। मुंगटा का कहना है कि गोवा, कर्नाटक, उत्तराखंड व मध्यप्रदेश में भी भाजपा ने ऐसे ही सरकारें बनाई थीं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों में अगर भाजपा को मुंहतोड़ जवाब नहीं मिला तो देश शीघ्र ही पारदर्शी चुनावी व्यवस्था से हाथ धो बैठेगा।

### मित्रों की सरकार में जनता त्रस्तः राकेश शर्मा

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश में मित्रों की सरकार



चल रही है। इस सरकार में विधायक और जनता त्रस्त हैं, जबकि सरकार के मित्र मस्त हैं। यह आरोप प्रदेश भाजपा प्रवक्ता राकेश शर्मा ने लगाया है। उन्होंने कहा कि सीएम सुक्खू को कांग्रेस विधायकों को छिटकने का डर सता रहा है, यही वजह है कि सरकार द्वारा विधायकों को केबिनेट रैंक बांटे जा रहे हैं। प्रदेश में चहेतों को बांटी जा रही रेवड़ियों का हिसाब, प्रदेश की जनता लोकसभा चुनाव में लेने का मन बना चुकी है। राकेश शर्मा ने कहा कि आरोप लगाया कि आर्थिक स्थिति खराब होने का रोना सीएम सुक्खू, जब से सरकार बनी है, तब से रो रहे हैं, यदि प्रदेश की स्थिति ठीक नहीं है तो सरकार फिजूलखर्ची पर अंकुश लगाए, लेकिन उन्हें तो विधायकों के जाने का डर सता रहा है, जिसके चलते विधायकों को केबिनेट रैंक धड़ाधड़ बांटे जा रहे हैं।

**मसला** प्रदेश की डॉक्टर्स एसोसिएशन ने की कार्रवाई, कहा- विभीषण की भूमिका में थे तीनों

# संरक्षक पद से हटाए निदेशक और दो सीएमओ

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश चिकित्सा अधिकारी संघ ने सात मार्च को प्रदेश भर में सामूहिक अवकाश पर जाने का फैसला लिया है। इसके अलावा संगठन ने संरक्षक पद से तीन अधिकारियों को भी हटा दिया है। संगठन ने कहा है कि डायरेक्टर हेल्थ और उनके अलावा हमीरपुर और कांगड़ा जिलों के सीएमओ भी हटा दिए गए हैं। ये सभी विभीषण की भूमिका में चल रहे थे।

बैठक में उनकी भूमिका को लेकर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की ओर उन्हें बाहर निकलने का फैसला लिया। बैठक संघ के अध्यक्ष डॉ. राजेश राणा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। संघ को काले बिल्ले लगाते हुए 46 दिन हो चुके हैं और पेन डाउन का 13वां दिन है। एसोसिएशन की केंद्रीय कार्यकारिणी समिति ने उनकी सदस्यता को सर्वसम्मति से रद्द कर दिया है। प्रदेश संघ के साथ हुई मीटिंग में स्वास्थ्य निदेशक डॉ. गोपाल बेरी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी हमीरपुर डॉ. राजिंदर कुमार अग्निहोत्री को संघ के संरक्षक के पद से भी सर्वसम्मति से हटा दिया है। कांगड़ा जिले की कार्यकारिणी सीएमओ डॉ. सुशील शर्मा को इसी तर्ज पर कारवाई करेगी। प्रदेश संघ को यह मान्य नहीं कि स्वास्थ्य निदेशक किसी अन्य निर्देश के अधीनस्थ कार्य करें। साथ ही स्वास्थ्य निदेशक की नियुक्ति भी स्थायी तौर पर योग्यता एवं वतीष्ठता के आदर पर हो। वहीं, दूसरी ओर हमीरपुर संघ ने भी प्रदेश संघ के साथ यह जताया है कि दूसरों का हक हनन हुए हैं। संगठन ने सेवा विस्तार लिए हुए सीएमओ द्वारा इस तरह के फैसले लेना बिलकुल भी मान्य नहीं है। इसीलिए उन्हें सर्वसमिति के साथ संरक्षक पद से हटा दिया गया है। बैठक में इस बात की भी चर्चा हुई कि सीएम के साथ जो बैठक हुई है, उसके 'मिनिट्स ऑफ मीटिंग' में भी साफ तौर पर लिखा गया है कि अब प्रमोशनल पद पर सेवा विस्तार नहीं दिया जाएगा, लेकिन उनके ही आदेशों का पालन उन्हीं के गृह जिला में नहीं हो रहा है, जिसका इंतजार किया जा रहा था।

एक सप्ताह बीत जाने के बाद मिनट्स ऑफ मीटिंग स्वास्थ्य निदेशक द्वारा एक पेज पर रात को व्हाट्सऐप के माध्यम से भेजे गए। उस पत्र पर न तो कोई प्रेषण संख्या, न ही कोई विभागीय मोहर अंकित थी। बाद में संघ को वही पेज ई-मेल कर दिया गया। उन्होंने कहा कि सीएम के साथ हुई बैठक के समय जिन मांगों के संदर्भ में हामी भरी गई थी। उनमें से अधिकांश मांगे मिनट्स ऑफ मीटिंग से गायब रहीं हैं। सीएम ने चिकित्सकों की पदोन्नति के लिए एसीआर को ऑनलाइन माध्यम से शीघ्र प्राप्त करके पदोन्नति की प्रक्रिया को अमल जामा पहनाने की बात कही थी, लेकिन विभाग इसमें भी सफल नहीं हुआ तीन जून, 2023 को भी कम से इसे लेकर चर्चा हुई थी। (अनंत ज्ञान)

### 46 दिन से काले बिल्ले लगा दे रहे सेवाएं

### मुख्यमंत्री को गुमराह कर रही अफसरशाही

**नौ** माह बीत गए हैं, मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई। उसके बाद सीएम के साथ 13 फरवरी की बैठक के बाद भी 18 दिन बीत चुके हैं, लेकिन कोई कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। संगठन का कहना है कि अफसर शाही मुख्यमंत्री को गुमराह कर रही है। संगठन ने मांग की है कि उनकी तमाम मांगों को हल्के में न लिया जाए, नहीं तो चिकित्सा अधिकारी संघ और भी कठोर फैसले ले सकता है। बैठक में जिला अध्यक्ष डॉक्टर सुरेंद्र सिंह डोगरा प्रदेश से सचिव डॉक्टर मोहित डोगरा महासचिव डॉक्टर वेंकटेश्वर रनाउत कोषाध्यक्ष डॉ. पंकज पठानिया प्रेस सचिव डॉक्टर अभिमन्यू और ब्लॉक रिप्रेजेंटेटिव डॉक्टर शुभम शर्मा मौजूद थे।



# चमियाणा में शुरू होगी रोबोटिक व प्लास्टिक सर्जरी

## अब पीजीआई रेफर नहीं होंगे मरीज, आईजीएमसी में अब भीड़ भी होगी कम, एक माह में शुरू होगी यूरोलॉजी ओपीडी

रविंद्र जस्टा, शिमला

प्लास्टिक व रोबोटिक सर्जरी करवाने के लिए अब हिमाचल के मरीजों को पीजीआई चंडीगढ़ नहीं जाना पड़ेगा। अब सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक चमियाणा में भी एक माह में रोबोटिक व प्लास्टिक सर्जरी शुरू होगी।

इससे पहले प्लास्टिक सर्जरी की आईजीएमसी में सुविधा थी, लेकिन इसके डॉक्टरों की काफी कमी है। वहीं, इस विभाग को चमियाणा में शिफ्ट किया जा रहा है। ऐसे में इसका पूरा स्टाफ भी चमियाणा में ही बैठेगा और अब डॉक्टर भी वहां पर शीघ्र ही भर्ती किए जाएंगे। इस विभाग को चमियाणा में शुरू करने को लेकर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इससे मरीजों को काफी सुविधा मिलेगी। वहीं, आईजीएमसी से यूरोलॉजी विभाग भी शिफ्ट होगा। मरीजों को अब चमियाणा ही यूरोलॉजी व प्लास्टिक सर्जरी का उपचार करना होगा। अभी चमियाणा में जिस जगह पर सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक बना है। वहां पर सड़क का कार्य अब लगभग पूरा होने जा रहा है। ऐसे में अब यूरोलॉजी की ओपीडी यहां पर लगनी शुरू हो जाएगी। आईजीएमसी यूरोलॉजी का स्टाफ भी यहीं पर डयूटी करेगा। वहीं, प्लास्टिक सर्जरी के डॉक्टर भी सारे चमियाणा में ही बैठेंगे। इसके अलावा आईजीएमसी से अन्य कुछ ओपीडी शिफ्ट होनी है, लेकिन अभी प्रशासन धीरे-धीरे ओपीडी को शिफ्ट करने जा रहा है।



वर्तमान में न्यूरोलॉजी विभाग चमियाणा में शिफ्ट हो चुका है। ऐसे में यहां पर ओपीडी भी लगती है। चमियाणा में जैसे ही सारी सुविधा शुरू हो जाएगी, तो आईजीएमसी में भीड़ कम हो जाएगी, क्योंकि अब आधा स्टाफ भी चमियाणा में बैठेगा और मरीज डॉक्टर से चैकअप करवाने चमियाणा ही जाएंगे। इन दिनों आईजीएमसी की हालत कुछ इस तरह से बनी है कि यहां पर ओपीडी में गुजरने की भी जगह नहीं होती है। ऐसे में मरीजों को धक्के खाने को मजबूर होना पड़ता है। आईजीएमसी से चमियाणा दूर जरूर है, लेकिन यहां पर सुविधा अच्छी मिलेगी। अब शीघ्र ही यहां पर पूरे स्टाफ की भी तैनाति होगी और मरीजों को भी फिर चमियाणा ही भेजा जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### सुपर स्पेशिलिटी ब्लॉक में खुलेंगे 10 विभाग

सुपर स्पेशिलिटी ब्लॉक चमियाणा में कुल 10 विभाग खुलेंगे। यह भवन नौ मंजिला बनाया गया है। भवन कुल 22,238 स्क्वेयर मीटर भूमि पर बना है। इसमें न्यूरोलॉजी, न्यूरो सर्जरी, सीटीबीएस, मेडिकल कार्डियोलॉजी, नेफरोलॉजी, यूरोलॉजी, पिड्रीयटिक्स सर्जरी, इंडोकरोनोलॉजी, प्लास्टिक सर्जरी, गेस्ट्रोलॉजी आदि विभाग खुलेंगे।

### खुलेंगे नौ ऑपरेशन थियेटर

इस सुपर स्पेशिलिटी ब्लॉक में नौ ऑपरेशन थियेटर स्थापित होंगे, जिसमें कैमरे की सुविधा होगी। इसके अलावा ब्लॉक में बैड की सुविधा भी होगी। ब्लॉक में कुल 200 के करीब बैड लगाए जाएंगे। सुपर स्पेशिलिटी ब्लॉक के खुलने से मरीजों को किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

> चमियाणा में रोबोटिक व प्लास्टिक सर्जरी जल्द शुरू होगी। आईजीएमसी से इन दोनों विभाग को शिफ्ट किया जाएगा। हमारे यहां पर सड़क नहीं थी, ऐसे में अब सड़क का कार्य भी पूरा होने जा रहा है। जैसे ही सड़क पूरी बनकर तैयारी होगी, तो यहां पर मरीजों का बेहतरीन उपचार शुरू हो जाएगा। रोबोटिक व प्लास्टिक सर्जरी की सुविधा शुरू होने से काफी फायदा होगा।
>
> **डॉ. सुधीर शर्मा, एमएस चमियाणा।**

# बर्फ पर फिसली बस, सड़क से बाहर लटकी, हादसा होने से टला



पुजारली नं.-तीन से रोहड़ू आ रही एचआरटीसी रोहड़ू डिपो की बस।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, रोहड़ू

रविवार को सुबह करीब 10 बजकर 45 मिनट पर पुजारली नं-तीन से रोहड़ू आ रही एचआरटीसी रोहड़ू डिपो की बस एचपी 10ए- 6794 खलावन नाला (पुजारली नं-तीन) तहसील टिक्कर के पास बर्फ के ऊपर से फिसल कर सड़क से बाहर की ओर लटक गई। इस दौरान हादसा होने से टल गया। बस में चालक व परिचालक के अतिरिक्त कोई भी अन्य स्वारी नहीं बैठी थी। उक्त बस के सामने के शीशे टूटने की सूचना है।

एसडीपीओ रोहड़ू रविंद्र नेगी ने मामले की पुष्टि की और कहा कि चालक व परिचालक सुरक्षित हैं व बस को निकलवाने के लिए एचआरटीसी रोहड़ू डिपो से खलावन नाला के लिए मौके पर क्रेन भेज दी गई है।

# मुख्यमंत्री को सता रहा सत्ता खोने का डर, बढ़ाई विधायकों की सुरक्षा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने प्रदेश मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर सियासी निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश मुख्यमंत्री को पता कि राज्य की कांग्रेस सरकार में कुछ भी सही नहीं हो रहा है, जिससे चलते उन्हें कहीं न कहीं सत्ता खोने का डर भी सता रहा है।

भारद्वाज ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं कह रहे हैं कि 80 फीसदी कांग्रेस एक साथ हैं और बाकी 20 फीसदी में भी कुछ लोग छोटी-छोटी बातों को लेकर हमसे नाराज हैं, साफ दर्शाता है कि कांग्रेस पार्टी और सरकार में गुटबाजी है। भारद्वाज ने कहा कि चुने हुए विधायकों को काला नाग कहना बहुत ही अशोभनीय है। भारद्वाज ने कहा कि सियासी समीकरण के बीच जनता बहुत पीड़ित है, जबकि मुख्यमंत्री सरकार बचाने के लिए कैबिनेट रैंक को रेवड़ियों की तरह बांट रहे हैं। कांग्रेस के दो विधायकों नंदलाल और मोहन लाल ब्राक्टा की सुक्खू सरकार ने सुरक्षा और कड़ी कर दी है। उन्हें फोर प्लस सिक्योरिटी दी गई है, जिसमें एक हवलदार और चार सिपाही रहेंगे।

### डैमेज कंट्रोल के लिए किया जा रहा जुगाड़



भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि ऐसी आशंका है कि डैमेज कंट्रोल के लिए अभी सुक्खू सरकार और भी ताजपोशियां करने की तैयारी में है। एक दर्जन निगमों-बोर्डों और स्वायत्त संस्थानों में कई अध्यक्षों और उपाध्यक्षों की नियुक्तियां की जानी है। इसके लिए असंतुष्टों और ओहदों के ख्वाहिशमंदों की एक सूची बनाई जा रही है। इस सूची में चार विधायकों के नाम शामिल हैं। यह कांगड़ा, हमीरपुर और मंडी तीनों ही संसदीय क्षेत्रों से हैं।

# 5,870 केंद्रों में 5,90,600 बच्चों को पिलाई पोलियो खुराक

## स्वास्थ्य मंत्री ने बच्चों को पोलियो खुराक पिलाकर किया टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनी राम शांडिल ने रविवार को पोलियो दिवस के अवसर पर बच्चों को पोलियो खुराक पिलाकर पोलियो टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया।

उन्होंने भारत को पोलियो मुक्त बनाने के लिए देश के स्वास्थ्य तथा चिकित्सा कर्मचारियों की ओर से किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आज प्रदेश में 10,963 दलों की ओर से 5,870 केंद्रों में 5,90,600 बच्चों को पोलियो खुराक पिलाई जाएगी। वर्ष 2014 में भारत को पोलियो मुक्त देश घोषित किया गया है, लेकिन हमारे पड़ोसी देशों में पोलियो के मामले होने के कारण नियमित अंतराल में प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक पिलाना महत्वपूर्ण है। प्रत्येक बच्चे को इस अभियान के तहत कवर करने के लिए उनके घरद्वार के समीप विभिन्न पोलियो टीकाकरण केंद्र खोले गए हैं। इसके अतिरिक्त, बस अड्डों, जिलों की सीमाओं, यात्री स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण जन स्थलों पर भी पोलियो की खुराकें पिलाई जाएंगी। सरकार टीकाकरण अभियान में छूटे हुए बच्चों को पोलियो खुराक पिलाने के लिए घर-घर जाकर भी अभियान आरंभ करेगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि बर्फबारी तथा शीतलहर के कारण लाहौल-स्पीति, किन्नौर तथा चंबा के पांगी के अलावा प्रदेश में पोलियो टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इन क्षेत्रों में सात अप्रैल को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।





स्वास्थ्य मंत्री बच्चों को पोलियो खुराक पिलाकर टीकाकरण अभियान का शुभारंभ करते हुए।

# शिक्षा मंत्री पार्टी कार्यकर्ताओं से करेंगे मुलाकात, सुनेंगे जनसमस्याएं

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**शिक्षा मंत्री चार और पांच मार्च को जुब्बल क्षेत्र के प्रवास पर**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर चार और पांच को जुब्बल क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे और इस दौरान वह विभिन्न परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे तथा जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

इस बारे जानकारी देते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि शिक्षा मंत्री चार को धार में पशु औषधालय का उद्घाटन करेंगे। इसके पश्चात, दोची में पंचायत मंढोल, कथासु, कोट-काइना, बराल और धार के विभिन्न क्षेत्रों में शेष बचे घरों के लिए दोची से कोट-काइना (स्टेज-2) उठाऊ जल आपूर्ति परियोजना का शुभारंभ करेंगे। इसके पश्चात् रोहित जुब्बल में जल शक्ति विभाग के जल भवन का उद्घाटन करेंगे और ब्लॉक कांग्रेस वर्कर्स की बैठक में भाग लेंगे तथा जनता की समस्याओं को सुनेंगे। शिक्षा मंत्री पांच मार्च को हुल्ली, कुफर, कनलोग और पंचायत हुल्ली के साथ लगती बस्तियों के लिए उठाऊ जल आपूर्ति परियोजना और गुम्मा के नव स्तर उन्नत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन करेंगे। इसके पश्चात, वह गुम्मा में पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलेंगे और जन समस्याएं सुनेंगे। इसके बाद रोहित प्रगतिनगर में पंचायत गुम्मा की उठाऊ जल आपूर्ति परियोजना का शुभारंभ करेंगे।

# स्कूल को पूर्व सीएम के नाम पर रखने का लिया निर्णय

**शिमला।** स्थानीय जनता की मांग पर प्रदेश कांग्रेस सरकार ने राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जुब्बल का नाम पूर्व मुख्यमंत्री ठाकुर रामलाल के नाम पर रखने का निर्णय लिया है, जो कि अब ठाकुर रामलाल मेमोरियल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जुब्बल के नाम से जाना जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने इसी स्कूल से प्राथमिक शिक्षा ग्रहण की थी और साथ ही उन्होंने अध्यापक के तौर पर भी अवैतनिक सेवाएं दी थी।

कैबिनेट ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुम्मा का दर्जा बढ़ाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करने, नावर क्षेत्र के कुठाड़ी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को खोलने की अनुमति प्रदान की हैं।

# एनजीटी के आदेशों के बाद कुफरी में घोड़ों के पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

एनजीटी के आदेशों के बाद कुफरी में घोड़ों के पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। कुफरी से महासू तक 850 घोड़े चलते हैं, जिनकी संख्या राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) ने कम करने के लिए कहा है। इसके बाद वन विभाग ने लोगों को घोड़ों का पंजीकरण कर दोबारा लाइसेंस बनाने के निर्देश दिए हैं।

घोड़ों के मालिक दो मार्च तक पंजीकरण करवा सकते हैं। इलाके में घोड़ों की संख्या पहले 700 की जाएगी और इसके बाद घटाकर 217 तक लाई जाएगी। शहर के लोग रोजगार के लिए पर्यटन और घुड़सवारी पर निर्भर हैं, लेकिन किसी ने याचिका दायर की थी कि घोड़ों की बढ़ती संख्या से यहां गंदगी फैल रही है। घोड़ों के मल के निपटारे के लिए यहां कोई व्यवस्था नहीं है। स्थानीय निवासी इससे परेशान हैं। इसके अलावा पशुओं पर निर्दयता कम करने के लिए भी एनजीटी ने घोड़ों की संख्या कम करने के लिए कहा है। घोड़ों का दोबारा पंजीकरण करने से बाहरी इलाके से आकर कुफरी में घोड़े चला रहे लोगों का भी पता चलेगा।



# खल्टूधार में गिरी कार, एक की मौत

**रोहड़ू।** रोहड़ू के खल्टूधार में एक कार दुर्घटनाग्रस्त हुई है, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई है। सरला नेगी जौंणी खल्टूधार ने पुलिस को दी लिखित शिकायत के आधार पर बताया कि दो मार्च को दोपहर एक बजकर पंद्रह मिनट पर जब वह जौंणी रेनशेल्टर के साथ खड़ी थी।

उसी समय एक सफेद रंग की एप्लाइड फॉर कार जो सुंगरी से रोहड़ू की ओर जा रही था। खल्टूधार में चालक ने नियंत्रण खो दिया और कार लगभग 45 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। इस सड़क दुर्घटना में बिंटू गांव लोअरकोटी तहसील रोहड़ू की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। एसडीपीओ रोहड़ू रविंद्र नेगी ने बताया कि सिविल अस्पताल रोहड़ू में शव पॉस्टमार्टम करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# हम तो हैं प्रदेश के सेवक शिव के गले का हार : राणा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**सियासी खेल में बाप के बाद पुत्र की भी एंट्री**


राजनीति सियासी खेल में अब बाप के बाद बेटा भी उतर गया है।

बर्खास्त विधायक राजेंद्र राणा के बेटा अभिषक राणा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के काले नाग वाले बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि हम तो हैं प्रदेश के सेवक, शिव के गले का हार। यह जानकारी उन्होंने सोशल मिडिया पर दी। उधर, बड़सर के बर्खास्त विधायक इंद्र दत्त लखनपाल ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर राम मंदिर का फोटो पोस्ट किया है। सोशल मीडिया पर चली यह सियासी जंग भी इशारा कर रही है कि बागी विधायक बीजेपी में शामिल हो सकते हैं। इंद्र दत्त लखनपाल ने पिछले कल अपने फेसबुक पेज पर बड़सर जनसेवक पोस्ट साझा की थी। हर दिन अलग-अलग पोस्ट डालकर इंद्र दत्त लखनपाल इशारे ही इशारे में बीजेपी में जाने के संकेत दे रहे हैं। लखनपाल पहले ही अपने अनदेखी किए जाने का दर्द बयां कर चुके हैं, बता दें कि इस तरह की पोस्ट लखनपाल पहले नहीं किया करते थे मगर दो-तीन दिनों से इंद्र दत्त लखनपाल व राजेंद्र राणा फेसबुक पर काफी सक्रिय दिखे हैं क्योंकि इंद्र दत्त लखनपाल ने दो दिन पहले कहा था कि वो 40 सालों से पार्टी की सेवा कर रहे हैं।

# लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए रणनीति की तैयार

अनंत ज्ञान, रोहड़ू

विधानसभा क्षेत्र का एक दिवसीय मंडल त्रिदेव सम्मेलन रविवार को रिसोर्ट लम्बाखाटल में आयोजित किया गया, जिसमें भाजपा के प्रदेश सचिव एवं जिला महासू के प्रभारी संजय ठाकुर, जिला महासू के जिलाध्यक्ष अरुण फालटा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व भाजपा नेत्री शशिबाला, मंडल रोहड़ू के अध्यक्ष शशि रावत, मंडल महामंत्री राज कुमार शरवान व विजु मेहता, मंडल व मोर्चों के सभी पदाधिकारी, बूथों के प्रभारी, पंचपरमेश्वर, बूथ अध्यक्ष, बूथ पालक व बूथ एजेंट उपस्थित रहे। इस त्रिदेव सम्मेलन की एक दिवसीय कार्यशाला में महासू जिला प्रभारी संजय ठाकुर ने सभी बूथों की वर्तमान व पूर्व की गतिविधियों की जानकारी ली। 2024 के आने वाले लोकसभा चुनावों में किस प्रकार की रणनीति के साथ चुनाव लड़ा जाए उसकी रणनीति भी साझा की जाए। अंत मे इस एक दिवसीय त्रिदेव सम्मेलन मे मंडल अध्यक्ष शशि रावत ने सम्मेलन में पधारे विशेष अतिथियों व कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया।



### बर्फबारी से किन्नौर में जनजीवन अस्त-व्यस्त





रिकांगपिओ। बर्फबारी के चलते सभी संपर्क सड़कों पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई है। पिछले तीन दिनों से अधिकांश संपर्क सड़कों पर वाहन नहीं चले। रविवार सुबह तक किन्नौर के कल्पा में करीब तीन से चार फुट व रिकांगपिओ में दो फुट तक बर्फ दर्ज की गई। जिले में बर्फबारी के चलते उच्च मार्ग पांच पर जगह-जगह चट्टानें गिरने से मार्ग अवरुद्ध हो गया है, जबकि एनएच पांच जंगी नाला में ग्लेशियर आने से सड़क बंद हो गई है। एनएच-पांच पर रल्ली के पास पत्थर गिरने से वाहन क्षतिग्रस्त हो गया।

# सेब पर आयात शुल्क बंद करे केंद्र सरकार : सोहन

**शिमला।** हिमाचल सेव उत्पादक संघ की राज्य कमेटी की बैठक रविवार को शिमला में राज्य अध्यक्ष सोहन ठाकुर की अध्यक्षता में हुई, जिसमें यह फैसले लिए गए कि केंद्र सरकार सेब पर आयात शुल्क बंद करें। वहीं, मंडी मध्यस्तता योजना के तहत सेब की खरीद का भुगतान बागवानों को शिघ्र करें।

केंद्र की मोदी सरकार और राज्य सरकार दोनों इसकी अदायगी करें। बागवानों को पिछले पांच वर्षों से पावर स्प्रेयर, एंटी हैल्नेट, ग्रास कटर पावर टीलर अन्य उपकरण की सब्सिडी जल्द दी जाए। कृषि ऋण को माफ किया जाए। खाद, नाशक व कीटनाशक दवाइयों को सस्ते दामों पर दिया जाए। इस बैठक में एपल फॉरमर फैडरेशन ऑफ इंडिया के संयोजक राकेश सिंघा, सेब उत्पादक संघ राज्य सचिव पूर्ण ठाकुर, उपाध्यक्ष नारायण चौहान, गोविंद भंडारी, प्रेम चौहान, बाबू राम, रविंद्र, डॉ. ओंकार शाद, हिमाचल किसान सभा के राज्य अध्यक्ष डॉ. कुलदीप सिंह तंवर मौजूद रहे।

**तैयारी** बनाए थे 700 से अधिक बूथ, 61000 से अधिक बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाने का था लक्ष्य

# 48068 हजार बच्चों को पिलाई दो बूंद जिंदगी की

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

जिला शिमला में रविवार को पांच वर्ष तक आयु के 48068 हजार बच्चों को जिंदगी की दो बूंद पोलियो ड्राप्स पिलाई गई।

जिले में कुल 61000 बच्चों को पोलियो ड्राप्स पिलाने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन किन्ही कारणों से कुछ बच्चों को पोलियो नहीं दी जा सकी। छूटे हुए बच्चों को सोमवार से घर द्वार पोलियो ड्राप्स पिलाई जाएंगी। जिले में कुल 700 से अधिक पोलियो बूथ स्थापित किए गए थे। बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाने के लिए प्रशासन द्वारा विशेष टीम तैयार की गई थी। सुबह से ही जगह-जगह पर स्थापित किए गए बूथों में बच्चों को पालियो ड्राप्स पीलाने के लिए भीड़ देखने को मिली। प्रशासन की ओर से मोबाइल टीम व ट्राजिट केंद्र भी तैनात किए थे, ताकि बच्चों को आसानी से पोलियो दवाई पिलाई जाए। शिमला के शहरी क्षेत्रों में भी बूथ लगाए गए थे। इनमें आंगनबाडी केंद्रों व बस स्टॉप सहित अन्य जगहों में पोलियो दवाई पिलाई गई।

ग्रामिण व शहरी क्षेत्रों में अलग-अलग बूथ स्थापित किए गए थे। सीएमओ शिमला सुरेखा चोपड़ा ने कहा कि जिले में किसी भी बच्चों को पोलियो से वंचित नहीं रखा जाएगा, जिन बच्चों को पोलियो नहीं पीलाई गई है, उन्हें भी पेोलियो की दवाई पिलाई जाएगी। उन्होंने बच्चों के माता-पिता से बच्चों को पोलियो दवाई पिलाने का आग्रह किया, ताकि इस अभियान को सफल बनाया जा सके।




शिमला में बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पिलाते हुए।

# चौपाल के ननाहर में अग्निकांड दो मंजिला मकान जलकर राख



चौपाल के ननाहर में मकान में लगी आग।

अनंत ज्ञान-नेरवा, चौपाल

उपमंडल चौपाल के अंतर्गत ननाहर पंचायत के गांव ठलोग में अग्निकांड की एक घटना सामने आई है।

मिली जानकारी के मुताबिक रविवार देर शाम ग्राम ठलोग में एक दो मंजिला मकान में आग लगी और पूरा मकान, जिसमें 12 कमरे बताएं जा रहे हैं, जोकि जल कर राख हो गए हैं। यह मकान संतोष सिंघटा, केदार सिंह व गवर्धन सिंह पुत्रगण स्वर्गीय हिरा सिंह ग्राम ठलोग, डाकघर चंबी, पंचायत ननाहर तहसील चौपाल जिला शिमला का बताया जा रहा है। मकान में अचानक आग लग गई है और घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है। चौपाल शिमला मार्ग बंद होने के कारण खबर लिखे जाने तक पुलिस और अग्निशमन वाहन मौके पर नहीं पहुंच पाया है। एसएचओ चौपाल शिव कुमार ने कहा कि मकान में आग लगने की सुचना मिली है।

## न्यूज ब्रीफ

### परीक्षा दौरान बेटियों से न करवाएं काम : डॉ. दीर्घायु

**पांवटा साहिब।** राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पांवटा साहिब में शिक्षा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ. दीर्घायु प्रसाद ने की। इसमें विद्यार्थियों के अभिभावक और एसएमसी के अध्यक्ष इंदर सिंह राणा और उपाध्यक्ष श्यामलाल पुंडीर ने आगामी परीक्षाओं के विषय में विद्यार्थियों के हित में प्रधानाचार्य से बात की। स्कूल प्रधानाचार्य डॉ. दीर्घायु ने बताया कि परीक्षाओं के दौरान नकल को रोकने का पूरा प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभिभावकों से कहा कि विद्यार्थियों की पढ़ाई में ध्यान दें तथा छात्राओं को परीक्षाओं के समय घर का कार्य न कराकर पढ़ने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर प्रवक्ता जेपी तोमर, रमेश चौहान ,कांता शर्मा, अर्चना शर्मा उर्मिला, रेखा, अनुराधा और बीना आदि उपस्थित रहे।

### सोशल मीडिया संयोजक बने अनुज शर्मा

**पांवटा साहिब।** भारतीय जनता पार्टी पांवटा साहिब के मंडल अध्यक्ष रमेश तोमर की अगुआई में बैठक आयोजित हुई। इसमें रमेश तोमर ने मंडल में सोशल मीडिया संयोजक के पद पर नघेता पंचायत के अनुज शर्मा की नियुक्ति की है। इसके साथ ही उन्होंने सोशल मीडिया के सह-संयोजकों व सदस्यों की नियुक्ति कर दी हैं। बता दें कि सहसंयोजक के पद पर पुरुवाला पंचायत के विजय चौधरी व नवादा पंचायत के हिमांशु सैनी की नियुक्ति की गई हैं। रमेश तोमर ने कहा कि सोशल मीडिया टीम में सदस्यों के रूप में नीरज कुमार कांशीपुर, अरुण गुप्ता आगरों, रोहित चौहान निगाली, नवीन शर्मा नघेता, विवेक शर्मा नघेता, सचिन शर्मा नघेता, रोहित भारद्वाज नघेता, तरुण बंसल गोरखुवाला, साहिल गुप्ता मानपुर देवड़ा, नवीन चौधरी कोटडी-ब्यास, विशाल कुमार भूपपुर की नियुक्ति की गई है। रमेश तोमर ने कहा कि सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म पर यह टीम मंडल को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी।

### प्रधान नजीर मोहम्मद ने खुद को बताया भाजपा समर्थित

**पांवटा साहिब।** पांवटा साहिब की पीपलीवाला पंचायत के नवनियुक्त प्रधान नजीर मोहम्मद ने खुद को भाजपा समर्थित प्रधान घोषित किया है। गत दिनों पांवटा साहिब के एक कांग्रेस नेता ने अपने फेसबुक अकाउंट पर पीपलीवाला पंचायत के प्रधान नजीर मोहम्मद को बधाई देते हुए बताया था कि यह कांग्रेस की जीत है। नजीर मोहम्मद के मीडिया में दिए बयान के बाद दावे हवाई हो गए हैं। प्रधान ने कहा कि वह पिछले करीब डेढ़ वर्ष से भाजपा में हैं, ऐसे में कांग्रेस के नेताओं द्वारा उन्हें कांग्रेस समर्थित प्रधान कहना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि पंचायत के विकास को लेकर वह लगातार प्रयासरत रहेंगे, साथ ही इस मौके पर मौजूद पांवटा साहिब के पूर्व में भाजपा मंडल अध्यक्ष रहे अरविंद गुप्ता ने दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में पांवटा साहिब से भाजपा पिछली बार से भी अधिक मतों की लीड लेकर नया रिकॉर्ड बनाएगी। इस मौके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष पांवटा साहिब शमशेर अली, नसीम नाज और सुखविंद्र सिंह चौधरी आदि भी मौजूद रहे।

### भाजपा-कांग्रेस ने मतदाताओं का मजाक बनाया: रुमित



**अर्की।** राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी देवभूमि क्षत्रिय संगठन सवर्ण समाज मोर्चा हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष रुमित ठाकुर ने कहा कि उन्होंने भाजपा व कांग्रेस के नेताओं के साथ बागी विधायकों के बयान सुने। इसमें वे अपना दुखड़ा बता रहे थे कि सरकार द्वारा हमारी बात को सुना नहीं गया। हमारी योग्यता को अनदेखा किया गया, आप वही दर्द हमारी आंखों, दिल और जुबान पर आ गया है। इस बारे में रुमित ठाकुर ने कहा कि इन सभी को लालच व मकसद केवल इनकी कुर्सियों व सत्ता तक सीमित है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि यदि उन्हें हिमाचल की जनता की सेवा की इच्छा थी तो आज तक राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी के द्वारा रखी जाने वाली सवर्ण समाज के अधिकारों की बात दोनों पार्टी की सरकार, विधायकों, मंत्रियों के समक्ष रखते। उनका कहना है कि इन लोगों की प्रताड़ना सिर्फ उनके स्वार्थ और कुर्सी तक है। उन्होंने बीजेपी, कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि ये सब बिकाऊ है। लोकतंत्र, बुद्धिजीवी मतदाताओं का मजाक बना दिया। ये लोग अपनी रोटियां सेंकने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं।

### त्रिमूर्ति शिव जयंती के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**अर्की।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के उपसेवा केंद्र अर्की में 88वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य सेवा केंद्र सोलन से आई राजयोगिनी सुषमा बहन ने बतौर मुख्यातिथि भाग लिया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के अतिरिक्त सुषमा दीदी ने अपने संबोधन में कहा कि परमात्मा शिव का नाम संज्ञावाचक नहीं, अपितु उनके दिव्य गुणों और कर्तव्यों के अनुरूप गुणवाचक एवं कर्तव्य वाचक है। उनका स्वरूप निराकार ज्योति होने के कारण ही वह कलयुगी सृष्टि में अवतरित होकर अज्ञान अंधकार में भटकती हुई मनुष्य आत्माओं को ज्ञान का प्रकाश देकर युग परिवर्तन एवं सृष्टि परिवर्तन का कल्याणकारी कर्तव्य करते हैं। स्थानीय उपसेवा केंद्र संचालिका राजयोगिनी सुमन बहन ने सभी का धन्यवाद किया।

### कांग्रेस के विधायक सरकार से हो चुके परेशान : कश्यप

**बीबीएन।** भाजपा दून मंडल का त्रिदेव सम्मेलन शनिवार को पट्टा में महामंत्री कश्मीरी लाल की अध्यक्षता में हुआ। सम्मेलन में शिमला संसदीय क्षेत्र से सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना तय है क्योंकि पिछले दस वर्ष का उनका कार्यकाल ऐतिहासिक रहा है और आने वाला भी ऐतिहासिक रहेगा। कश्यप ने कहा कि आज सरकार के अपने ही विधायक सरकार को गिराने में जुटे हुए हैं। वहीं, सम्मेलन में पूर्व विधायक परमजीत सिंह ने कहा कि कि वर्तमान सरकार ने दून हलके में सिवाए अवैध खनन के कोई काम नहीं किया, जबकि भाजपा सरकार ने दून हलके में 14 कार्यालय खोले थे, उनको भी बंद करवा दिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक परमजीत सिंह, पूर्व चेयरमैन अशोक शर्मा, जिला परिषद चेयरमैन रमेश ठाकुर, जिला महामंत्री बलबीर ठाकुर, कैप्टन डीआर चंदेल, बीडीसी धर्मपुर की चेयरमैन जमुना ठाकुर, पंचायत समिति नालागढ़ के वाइस चेयरमैन प्रेम चंद ठाकुर, विस्तारक डीएस रावत, नारायण दास, कश्मीरी लाल धीमान समेत कई मौजूद रहे।

### शिव ही बदल सकते हैं भाग्य : आचार्य रोशन

**राजगढ़।** सृष्टि में किसी के दुर्भाग्य को भाग्य में यदि कोई बदल सकता है तो वह भगवान शिव हैं। यह बात आचार्य रोशन लाल शर्मा ने राजगढ़ के कटोली के प्राचीन शिव मंदिर में आयोजित शिव महापुराण में कथा प्रवचन करते हुए कही। आचार्य ने कहा कि शिव महापुराण सुनने का सौभाग्य किसी-किसी को मिलता है। उन्होंने बताया कि शिव महापुराण में 24 हजार श्लोकों में भगवान शिव की महिमा का वर्णन किया गया है। उन्होंने चंचुला की कथा के माध्यम से बताया कि अच्छी संगत से कैसे किसी का चरित्र बदल जाता है। शिव महापुराण सुनकर चंचुला ने अपना ही नहीं, अपने पति का भी उद्धार करवाया। अहंकार बड़े से बड़े ज्ञानी को गिरा देता है। अहंकार किसी के भी पतन का कारण बनता है। नारद जैसे ज्ञानी को भी अहंकार का फल भोगना पड़ा था। उन्होंने कहा कि दुनिया में पहली गुरु मां है जो हमें जन्म देने के बाद हर चीज सिखाती है। इस कथा के शुभारंभ से पूर्व पुराण स्वागत के साथ कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस धार्मिक यज्ञ का आयोजन क्षेत्र की जनता के सहयोग से विश्व को प्राकृतिक आपदाओं से रक्षा व क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं सुख शांति के साथ आम जनमानस के जन कल्याण हेतु किया गया है। इस दौरान प्रतिदिन भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।

### पेड़ से टकराया ट्रक, ड्राइवर और कंडक्टर दबे

**पांवटा साहिब।** पांवटा साहिब के लालढांग में बड़ा हादसा पेश आया है, जिसमें ट्रक ड्राइवर ट्रक का कंट्रोल खोने से ट्रक सीधा जाकर पेड़ से टकरा गया। जिससे की पेड़ टूटकर ट्रक के ऊपर गिर गया और ड्राइवर और कंडक्टर ट्रक में दब गए करीब 20 मिनट तक ड्राइवर और कंडक्टर ट्रक में फंसे रहे। कड़ी मशक्कत के बाद लोगों ने दोनों को बाहर निकाला और हॉस्पिटल ले जाया गया। जानकारी के मुताबिक ट्रक पांवटा साहिब से हरियाणा की तरफ जा रहा था। जैसे ही वह लालढांग के पास पहुंचा ड्राइवर ने अपना कंट्रोल खो दिया और वह पेड़ से जा टकराया, जिससे की पेड़ टूटकर ट्रक के ऊपर गिर गया और ट्रक ड्राइवर और कंडक्टर उसके बीच में दब गए। फिलहाल दोनों सुरक्षित बताए जा रहे हैं।

# नहीं रहेगी किल्लत, ग्राउंड वाटर लेवल हुआ चार्ज

## सोलन जिले में दो दिन में हुई 48.6 एमएम बारिश, फसलों और सब्जियों को मिली संजीवनी

**आर मोहन चौहान, सोलन**



सोलन में बारिश के बाद पहाड़ों में छाए बादल।

प्रदेश सहित सोलन जिले में पिछले 24 घंटों के दौरान जमकर बादल बरसे। मार्च महीने के प्रथम सप्ताह में हुई बारिश कई मायनों में राहत पहुंचा गई। सोलन जिले में पिछले दो दिनों में 48.6 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। बादल बरसने से बैक लॉग तो पूरा हुआ ही, साथ ही इससे फसलों को भी संजीवनी मिल गई।

बारिश से ग्राउंड वाटर लेबल रिचार्ज होने से आने वाले दिनों में प्राकृतिक जल स्रोत में पानी की कमी नहीं होगी। कृषि वैज्ञानिकों के मुताबिक अच्छी बारिश गेहूं सहित मटर और अन्य सब्जियों के लिए संजीवनी साबित होगी।

अनंत ज्ञान स्पैशल

**तापमान में भी हल्की से गिरावट दर्ज:** डॉ. वाईएस परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विवि के मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक बीते दो दिन में सोलन में 48.6 एमएम बारिश रिकॉर्ड हुई है। हालांकि सोमवार से मौसम साफ होने की संभावना है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि बारिश गेहूं, मटर सहित अन्य फसलों के लिए वरदान साबित होगी। फरवरी माह के शुरुआत में इससे पूर्व बारिश हुई थी। शुक्रवार रात से ही सोलन, परवाणू, बीबीएन, अर्की, दाड़लाघाट और कंडाघाट और कसौली में रुक-रुककर बारिश का क्रम जारी है। बारिश होने से जिला में तापमान में भी हल्की गिरावट दर्ज की गई है। लंबे समय से सूखे की मार झेल रहे किसानों-बागवानों के चेहरे पर बारिश होने से खुशी है।

इसके अलावा बारिश के बाद ग्राउंड वाटर लेवल में भी बढ़ोतरी हुई है, जिससे गर्मियों में पानी की कमी से लोगों को परेशान नही होना पड़ेगा। कृषि विशेषज्ञों की मानें तो सूखे के कारण पिछले कुछ माह में फसलों का काफी नुकसान हुआ है। अभी खेतों में जो फसलें लगी हैं, बारिश उसके लिए अच्छी साबित होगी। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हुई बर्फबारी सेब सहित अन्य फसलों के लिए फायदेमंद है।

### 4 हजार हेक्टेयर में हुई फसलों की बिजाई

**फसलों** की बिजाई के बाद से किसान पिछले दिनों से बारिश का इंतजार कर रहे थे। दिसंबर और जनवरी माह में बारिश न होने से जिला में रबी सीजन की लगभग सभी फसलें सूखे की चपेट में थीं। जिला कृषि उपनिदेशक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार इस रबी सीजन में फसलों को लाखों का नुकसान हुआ है। कृषि विभाग ने जिला में विभिन्न फसलों को हुए नुकसान की रिपोर्ट को कंपाइल करके कृषि निदेशक कार्यालय शिमला भेज दिया है। वर्तमान में सोलन जिले में किसानों ने 24 हजार हेक्टेयर में फसलों की बिजाई की हुई है। जिले में अब तक 30 प्रतिशत गेंहू की फसल सूखे के चलते प्रभावित हो चुकी है। जिला सोलन में 21300 हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूं की खेती होती है। इसमें से 12 हजार हेक्टेयर क्षेत्र बारिश पर निर्भर है, जबकि शेष क्षेत्र में सिंचाई की अच्छी सुविधा है।

> सोलन में बीते दो दिनों में 48.6 एमएम बारिश रिकॉर्ड हुई है। सोमवार से मौसम साफ रहने की संभावना है। दो दिनों में अच्छी बारिश हुई है, जो फसलों के लिए वरदान साबित होगी। वहीं ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हुई बर्फबारी सेब की फसल के लिए अच्छी है।
>
> **-डॉ. एसके भारद्वाज, कृषि विशेषज्ञ एवं मौसम विज्ञानी नौणी विवि।**

### केंद्र ने नहीं दिया एनपीए का पैसा : मायाराम



**नाहन।** संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष मायाराम शर्मा ने मोदी सरकार को चेताया कि प्रदेश के कर्मचारियों की गाड़ी कमाई का एनपीए का पैसा जल्द वापस करवाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के द्वारा ओल्ड पेंशन लागू किए हुए 1 वर्ष हो चुका है, मगर अभी तक केंद्र की मोदी सरकार ने उनका एनपीए का पैसा वापस नहीं किया है। उन्होंने कहा कि यह पैसा आज भी बीमा कंपनियों के खाते में जमा है, जिसका वह दोहरा लाभ ले रही है।

मायाराम शर्मा ने कहा कि प्रदेश का डेढ़ लाख से अधिक कर्मचारी वर्ग काफी रोष में है। संघर्ष समिति ने बैठक में स्पष्ट कर दिया कि यदि केंद्र सरकार ने जल्द उनका एनपीए का पैसा वापस नहीं दिलाया तो वे उनके खिलाफ मोर्चा खोल देंगे। ओल्ड पेंशन बहाली संघर्ष समिति ने यह भी कहा कि यदि समय रहते उनकी मांग को पूरा नहीं किया गया तो आने वाले लोकसभा चुनाव में प्रदेश का कर्मचारी वर्ग केंद्र सरकार के खिलाफ जाएगा।

### पांवटा साहिब में बिजली के आंख-मिचौनी से जनता परेशान

**पांवटा साहिब।** उपमंडल में बिजली बोर्ड का यह आलम है कि हर थोड़ी देर में बिजली गुल हो जाती है। रविवार के दिन सभी लोग घरों पर रहते हैं और अपने कामकाज करते हैं, मगर बार बार बिजली जाने से उन्हें परेशानियों का सामना पड़ा। विभिन्न पंचायतों के लोगों ने कहा कि पांवटा साहिब में बिजली के आंख-मिचौनी से जनता परेशान है।

इस कारण घरेलू कार्य बाधित हो रहे हैं। बच्चों के पेपर सर पर हैं, ऐसे में लाइट न होना लोगों के लिए परेशानी का सबब बन रहा है। बिजली बोर्ड के अधिकारियों को फोन उठाने तक की फुर्सत नहीं है। लोगों ने यहां तक कह दिया कि अधिकारी की लापरवाही की वजह से लोग परेशान है। बता दें कि पिछले दो-तीन दिनों से पांवटा साहिब के गोंदपुर से लेकर सतोन व आसपास के इलाकों में बिजली न होने की वजह से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अभी जब यह हाल है तो आने वाले समय में जब गर्मी का प्रकोप बढ़ जाएगा तो क्या हालत हो जाएगी। लोगों ने मांग की है कि अधिशाषी अभियंता सहित लापरवाह सभी अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए।

## राम कुमार ने किया झाड़माजरी में नए पटवार कार्यालय का लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

मुख्य संसदीय सचिव राम कुमार चौधरी ने शनिवार को दून विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत भटोली कलां के झाड़माजरी में नव संरचित पटवार कार्यालय का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर राम कुमार ने कहा कि पटवार कार्यालय के खुलने से पटवार खाने में आने वाले नागरिकों के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी और लोगों को अपने जमीन संबंधित प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अब दूर नहीं जाना पड़ेगा।

पटवार कार्यालय के खुलने से झाड़माजरी, कुंजाहल, कोटला, बल्याणा, बुरांवाला, जंगल बिजलीवाला, जसुवाना, अंबका और दसौरा गांव के लोग लाभान्वित होंगे। मुख्य संसदीय सचिव ने कहा कि सरकार अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने और आत्मनिर्भर हिमाचल बनाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि बजट 2024-25 में राज्य सरकार ने सभी वर्गों के लिए योजनाएं शुरू की हैं।

**कहा-हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने को सरकार कर रही प्रयास**

सीपीएस ने कहा कि 2024-25 के बजट में मनरेगा दिहाड़ी में 60 रुपए वृद्धि कर इसे 240 रुपए से बढ़ाकर 300 रुपए किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कर्मचारियों की हितैषी सरकार है। कर्मचारियों को 4 प्रतिशत डीए दिया गया है। मुख्य संसदीय सचिव ने कहा कि लड़कियों की शादी की आयु 18 वर्ष से बढ़ाकर 21 वर्ष करने वाला हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का है, इसलिए अनाथ बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट का दर्जा देने के लिए कानून बनाने वाला हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य बना है।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत भटोली कलां की प्रधान सोनू देवी, उपप्रधान बिल्लू खान, पूर्व प्रधान अच्छर पाल कौशल, उपपुलिस अधीक्षक बद्दी खजाना राम, तहसीलदार बद्दी राजेश जरयाल सहित अन्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## भाजपा हिमाचल में कर रही है राजनीतिक लव जिहाद : जेठी



सोलन में पत्रकार वार्ता करते कांग्रेस के प्रवक्ता कुशल जेठी, साथ हैं अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

भाजपा प्रदेश में राजनीतिक लव जिहाद कर कांग्रेस की सरकार को अस्थिर करने का षड्यंत्र रच रही है, पर पार्टी के भ्रष्ट नेता अपने मंसूबों में कामयाब नहीं होंगे। प्रदेश की जनता भाजपा की डबल इंजन सरकार को विधानसभा चुनाव में नकार चुकी है। यह आरोप कांग्रेस प्रवक्ता कुशल जेठी ने सोलन में आयोजित पत्रकार वार्ता में भाजपा पर लगाए।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने जोड़-तोड़कर राज्यसभा सीट जीत कर लोकतंत्र की हत्या की, पर उनका ऑपेरशन लोटस फेल हो गया। जेठी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुखू ईमानदारी से हर वर्ग के लिए कार्य कर रहे हैं, जबकि भाजपा भ्रष्टाचारी नेता प्रदेश के ईमानदार मुख्यमंत्री को पचा नहीं पा रही है। भाजपा सरकार गिराना चाहती थी, पर उनके मंसूबों पर पानी फिर गया।

भाजपा ने यदि इतनी तेजी प्रदेश में आई आपदा में जनता को राहत पहुंचाने में दिखाई होती तो अच्छा होता। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष राहुल ठाकुर और सचिव संजय भंडारी भी मौजूद रहे।

## यातायात नियमों को गंभीरतापूर्वक करें लागू : वर्मा

### सिरमौर जिले में वर्ष 2024 में सड़क दुर्घटनाओं में 20 लोगों की गई जान

**अनंत ज्ञान, नाहन**



सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी।

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एलआर वर्मा की अध्यक्षता में नाहन में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि सिरमौर जिले में वर्ष 2022 में कुल 267 दुर्घटनाओं के मामलों में सिरमौर जिला में 107 लोगों की मृत्यु हुई, जबकि 372 लोग घायल हुए।

इसी प्रकार वर्ष 2023 में कुल 207 सड़क दुर्घटनाएं हुई, जिसमें 78 लोगों की जानें गईं तथा 285 लोग घायल हुए। उन्होंने बताया कि जनवरी 2024 में कुल 21 दुर्घटनाएं हुई, जिसमें 15 लोगों की जानें गईं, जबकि 41 लोग घायल हुए। इसी प्रकार माह फरवरी में 15 एक्सीडेंट के मामले हुए जिसमें 5 लोगों की जान गई और 21 लोग घायल हुए।

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने बताया कि आज की बैठक में रोड सेफ्टी पॉलिसी और नियमों को जनहित में गंभीरतापूर्वक लागू करने के लिए कहा गया। उन्होंने बताया कि सभी पुलिस थानों में रोड सुरक्षा क्लब का गठन किया गया है। इसी प्रकार स्कूलों में भी रोड सेफ्टी क्लबों का गठन किया गया है। वर्मा ने कहा कि सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत सीट बेल्ट, ड्रंकन ड्राइव और हेल्मेट आदि यातायात नियमों के उल्लंघन पर पुलिस को विशेष ध्यान देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकता शिविरों का भी आयोजन किया जाए। रोड सेफ्टी क्लब के अध्यक्ष नरेंद्र तोमर ने बताया कि सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत 14 जनवरी से 14 फरवरी तक जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। उन्होंने नाहन शहर में सड़क सुरक्षा संबंधी विभिन्न विषयों पर विस्तार से अपने विचार रखे।

अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग अरविंद शर्मा, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग अलोक जनवेजा, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सचिंदर चौधरी के अलावा स्वास्थ्य, पुलिस तथा अन्य विभागों के अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

## झाड़माजरी में जरूरतमंदों के लिए 68 यूनिट रक्त किया एकत्रित

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

औद्योगिक क्षेत्र झाड़माजरी की स्टायलो टेबल वेयर्स उद्योग व एक प्रयास ट्रस्ट द्वारा छठा रक्तदान शिविर उद्योग परिसर में आयोजित किया गया। इसमें करीब 68 कामगारों और अन्य ने रक्तदान किया। इस शिविर में उद्योग के स्टाफ व कर्मचारियों सहित अन्य रक्तदान सेवकों ने उत्साह से हिस्सा लिया।

रोटरी ब्लड बैंक सोसायटी रिसोर्स सेंटर सेक्टर 37 की टीम ने डॉ. मनीष रॉय की अगुआई में रक्त एकत्रित किया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ स्टायलो टेबल वेयर्स उद्योग के महाप्रबंधक व एक प्रयास ट्रस्ट के फाउंडर नवीन शर्मा ने किया। नवीन शर्मा ने कहा के स्टायलो टेबल वेयर्स उद्योग मानवता, पर्यावरण व समाज की सेवा के लिए हमेशा कृतसंकल्प रहा और आगे भी अपने क्षेत्र व मानवता की सेवा के लिए तत्पर रहेगा। उन्होंने बताया कि एक प्रयास ट्रस्ट जिसका अभी गठन किया गया है, यह ट्रस्ट कमजोर वर्ग तक पहुंचेगी, जिसमें स्वास्थ्य, पर्यावरण, शिक्षा, पशु रक्षा समेत हर उस कमजोर वर्ग के कल्याण के लिए बीबीएन में उस वर्ग के लिए काम करेगी, जिन तक कोई नहीं पहुंचा।



स्टायलो टेबल वेयर्स उद्योग व एक प्रयास ट्रस्ट द्वारा लगाया गया रक्तदान शिविर।

### पेंशनर्स के साथ महंगाई भत्ते पर भेदभाव क्यों : शर्मा



**नाहन।** सिरमौर जिला पेंशनर्स संघ के प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने सुक्खू सरकार पर पेंशनर्स के साथ भेदभाव का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने राज्य के सेवारत कर्मचारियों और अधिकारियों को तो 4 प्रतिशत डीए की किस्त मई माह से देने की अधिसूचना जारी कर दी है परंतु बुढ़ापे के कठिन दौर से गुजर रहे पेंशनर्स को महंगाई भत्ते की किस्त जारी करने की अधिसूचना जारी नहीं की। इस कारण हिमाचल प्रदेश के पेंशनर्स में सरकार के प्रति रोष उत्पन्न होना स्वाभाविक है। मेलाराम शर्मा ने कहा कि सरकार सेवानिवृत्त कर्मचारियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है और जीवन के अंतिम पड़ाव में उनके हितों के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने सरकार को चेतावनी दी कि यदि पेंशनरों के लिए सरकार ने शीघ्र चार प्रतिशत महंगाई भत्ते की किस्त की अधिसूचना जारी नहीं की तो आने वाले लोकसभा चुनावों में कांग्रेस सरकार को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

**कार्यक्रम**

## सराहां कॉलेज में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों का किया सम्मान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**




राजकीय महाविद्यालय सराहां के समारोह में नाटी की प्रस्तुति देते छात्र।

राजकीय महाविद्यालय सराहां में छठा वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में एससीईआरटी सोलन के प्राचार्य हेमंत कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। महाविद्यालय परिवार के सदस्यों द्वारा स्वागत करने के पश्चात मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का आगाज किया।

इसके पश्चात केंद्रीय छात्र परिषद् की अध्यक्षा आशिता ने समारोह में शामिल सभी का स्वागत किया। तत्पश्चात राजकीय महाविद्यालय सराहां की प्राचार्या डॉ. अनीता ठाकुर ने औपचारिक रूप से मुख्य अतिथि का स्वागत किया और महाविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने शैक्षिक क्षेत्र में मेधावी छात्र-छात्राओं एवं महाविद्यालय की अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए, तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को जीवन में उद्देश्य की प्राप्ति के लिए लक्ष्य निर्धारित करने, संघर्ष करने और समय का सदुपयोग करने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक समय में रोजगार के लिए कौशल सीखना भी जरूरी बताया।

इसके साथ ही विद्यार्थियों के विकास और भविष्य के निर्माण के लिए शिक्षकों के योगदान पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने पुरस्कार पाने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी और उपस्थित विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

इस समारोह में विद्यार्थियों ने अपनी विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का खूब मनोरंजन किया। महाविद्यालय की तरफ से मुख्य अतिथि तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों को सम्मान के तौर पर स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

इस अवसर पर प्रो. जगमोहन सिंह, डॉ. सुध्यान नेगी, प्रो. दिनेश कुमार, डॉ. मोल्लम डोलमा, प्रो. सुदेश कुमार, डॉ. रीमा शर्मा, प्रो. कृष्ण दत्त, प्रो. प्रियंका सराओ, पुस्तकालय अध्यक्ष किरण कांत, अधीक्षक शंभूनाथ, संजीव कुमार, पूर्व बीएमओ पच्छाद डॉ. संदीप शर्मा, पूर्व कार्यालय अधीक्षक सुखदेव, पूर्व कर्मचारी सुमित्रा देवी, पीटीए अध्यक्ष सुरेश कुमार, उपाध्यक्ष कौशल कुमार समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### 60803 बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक

**नाहन।** सिरमौर जिले में बच्चों को पोलियो डोज अभियान के तहत जिले में कुल 60803 बच्चों को पिलाने का लक्ष्य रखा है, जिन के लिए 538 बूथ निर्धारित किए गए हैं। प्रत्येक बच्चे को इस अभियान के तहत कवर करने के लिए उनके घर-द्वार के समीप विभिन्न पोलियो टीकाकरण केंद्र खोले गए हैं। इसके अतिरिक्त बस अड्डों, जिलों की सीमाओं, यात्री स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण जन स्थलों पर भी पोलियो की खुराकें पिलाई जाएंगी। उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा ने कहा कि टीकाकरण अभियान में छूटे हुए बच्चों को पोलियो खुराक पिलाने के लिए घर-घर जाकर भी अभियान आरंभ इस के बाद किया जाएगा।

### भाजपा शिमला पार्लियामेंट्री कार्यालय का उद्घाटन आज

**सोलन।** भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी संजीव मोहन ने बताया कि 4 मार्च को शिमला संसदीय क्षेत्र के समलेच स्थित नवनिर्मित कार्यालय का शुभारंभ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह कार्यालय सोलन के समलेच स्थित राष्ट्रीय उच्च मार्ग नजदीक बना है। इसका शुभारंभ विधिवत हवन पूजन के उपरांत प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल के कर कमलों संपन्न होगा, तत्पश्चात सोलन त्रिदेव सम्मेलन का आयोजन भी रखा गया है। कार्यक्रम में प्रदेश सह प्रभारी संजय टंडन, पार्लियामेंट्री प्रभारी सुखराम चौधरी, सांसद सुरेश कश्यप, सह-प्रभारी संजय सूद, रश्मिधर सूद, डॉ. राजीव सैजल, डेजी ठाकुर, विवेक शर्मा जिला, रतन पाल व पांचों मंडलों के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। संजीव मोहन ने बताया कि इसी कार्यालय से पूरे संसदीय क्षेत्र का चुनाव निरंतरण किया जाएगा। कार्यालय से सूचनाओं के आदान-प्रदान से लेकर के मीडिया केंद्र वह प्रचार प्रसार केंद्र व पार्लियामेंट्री व्यवस्थाएं सोलन स्थित पार्लियामेंट्री कार्यालय से निरंतर की जाएगी। यह संसदीय कार्यालय पूरी तरह से हाईटेक कार्यालय में परिवर्तित होगा, जो प्रदेश से लेकर के दिल्ली केंद्रीय कार्यालय तक सीधा संवाद में रहेगा। उन्होंने कहा कि वह लगभग हिमाचल के सभी संसदीय क्षेत्र में इस प्रकार के कार्यालय खोले जा रहे हैं। इसके खुलने से जहां प्रदेश कार्यालय पर बोझ काम होगा, वहीं 17 विधानसभा क्षेत्रों को सोलन मध्य होने के कारण संवाद सहज होगा व आवागमन भी सहज होगा। यह कार्यालय 24 |7 कार्यरत रहेगा। उन्होंने सभी को इस कार्यक्रम में उपस्थित होने का आह्वान भी किया है।

# इंग्लैंड टीम के खिलाड़ियों ने निहारी मैक्लोडगंज की वादियां



धर्मशाला के मैक्लोडगंज में घूमने का आनंद लेते हुए खिलाड़ी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

विश्व का विख्यात पर्यटन स्थल धर्मशाला पर्यटकों की सालों से पसंद रहा है। तो वहीं यहां पर कई सेलिब्रिटी भी घूमने के लिए आते हैं।

ऐसे में भारत तथा इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के अंतिम मैच को खेलने पहुंची भारत तथा इंग्लैंड की टीम के खिलाड़ी भी धर्मशाला क्षेत्र के मैक्लोडगंज क्षेत्र में घूमने के लिए पहुंचे। इस दौरान खराब मौसम भी सैर की उनकी चाह को रोक नहीं पाई। इससे पहले सोमवार को शेड्यूल के अनुसार दोनों टीमों की प्रैक्टिस को रद्द कर दिया गया। वहीं रविवार को सुबह धर्मशाला पहुंचे दोनों टीमों के खिलाड़ी दोपहर बाद सैर सपाटे को निकल गए। इस दौरान इंग्लैंड के कुछ खिलाड़ी वाटर फॉल तक हल्की बारिश के बीच पहुंचे।

### मैक्लोडगंज पहुंचे पूर्व खिलाड़ी पॉल कॉलिंगवुड



**टेस्ट** मैच के लिए रविवार को धर्मशाला पहुंची इंग्लैंड टीम के कोच व पूर्व खिलाड़ी पॉल कॉलिंगवुड दोपहर को मैक्लोडगंज में घूमते दिखे। कंडी स्थित होटल में टीम खिलाड़ियों को ठहराने की व्यवस्था की गई है। सुबह साढ़े नौ बजे दोनों टीमें गगल एयरपोर्ट पहुंची थी। खिलाड़ियों को सुरक्षा पहरे में धर्मशाला के कंडी स्थित होटल में पहुंचाया गया था, जहां टीमों के ठहरने की व्यवस्था की गई है। धर्मशाला पहुंचने के बाद पॉल मैक्लोडगंज घूमने गए थे, जहां वे हल्की बारिश के बीच मैक्लोडगंज के बाजार में घूम रहे थे।

# आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना प्राथमिकता : किशोरी लाल




महिला मंडल भवन का उद्घाटन करते हुए सीपीएस किशोरी लाल।

**जितेंद्र कौशल बैजनाथ**

मुख्य संसदीय सचिव कृषि, पशुपालन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज किशोरी लाल ने रविवार को ग्राम पंचायत चौबीन में पांच-पांच लाख की लागत से निर्मित होने वाले कुशल सुधार सभा पट्ट(महिला मंडल) तथा लोअर चौबीन में समुदायिक भवन की दूसरी मंजिल की आधारशिला रखी।

सीपीएस ने कहा कि बैजनाथ हलके में लोगों की सुविधा के लिये आधारभूत सुविधाओं को उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकताओं है। उन्होंने कहा कि बैजनाथ विधान सभा क्षेत्र में जनाकांक्षाओं और क्षेत्र की मांग के अनुरूप विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बैजनाथ हलके के समग्र और संतुलित विकास से मॉडल विधान सभा क्षेत्र बनाने का प्रयास किया जा रहा है। किशोरी ने कहा कि सामुदायिक भवन इस क्षेत्र के लोगों की मांग थी, जिसे पूरा करने का प्रयास की गया है। उन्होंने विभाग को यह कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश जारी किये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह के नेतृत्व में आम जनमानस की चिंता करने वाली सरकार है। प्रदेश में सभी के हितों को ध्यान में रखकर कल्याणकारी योजनाओं को आरंभ किया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### पोलियो ड्रॉप्स पिलाने को बनाए थे 86 बूथ

**जवाली।** स्वास्थ्य ब्लॉक जवाली के अधीन शून्य-पांच वर्ष तक के बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पिलाई गईं। बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाने के लिए 86 बूथ बनाए गए थे, ताकि बच्चों को आसानी से ड्रॉप्स पिलाई जा सकें। सुबह ही लोग बच्चों को लेकर बूथों पर खड़े हो गए तथा शांतिपूर्वक ढंग से इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग दिया। बीएमओ नगरोटा सूरियां डॉ. दुष्यंत ने बताया कि 86 पोलिंग बूथों पर 7908 बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाई गई हैं। उन्होंने कहा कि जो बच्चे पोलियो ड्रॉप्स पीने से छूट गए हैं, उनको अब घर-घर जाकर पोलियो ड्रॉप्स पिलाई जाएंगी।

### पेड़ गिरने से पूरी रात गुल रही बिजली

**गगल।** शनिवार को रात राष्ट्रीय राजमार्ग माउंट व्यू पब्लिक स्कूल इच्छी के पास एक सूखा पेड़ बिजली के खंभे पर गिर जाने से पूरे इलाके में बिजली बाधित हो गई। कनिष्ठ अभियंता अंकुश दमन ने बताया कि रात के 10:30 बजे की लगभग इच्छी के पास बिजली के खंभे पर सूखा पेड़ गिर जाने से पूरे इलाके में बिजली गुल हो गई और पूरा ही इलाका अंधेरे में डूब गया है। इस कारण पूरी रात बिजली न आने से पानी की सप्लाई भी ठप हो गई जिस कारण गांव वासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस कारण गांव इच्छी, मटौर, गगल, सनौरा, सराह और चेतड़ू आदि गांव अंधेरे में डूबे रहे । लेकिन बिजली बोर्ड के कर्मचारी सुनील कुमार, प्रदीप कुमार, अभिषेक व अन्य कर्मचारी इसकी मुरमत करने के लिए दिन रात जुटे हुए हैं। क्योंकि खंबे के ऊपर पेड़ गिर जाने से बिजली की तारे इधर-उधर लटकी हुई है और बिजली का खंभा टूट गया हैअब नया बिजली का खंबा लगाने से बिजली को बहाल कर दिया जाएगा ।

### सतीश ठाकुर भक्ति संध्या में देंगे प्रस्तुति

**कांगड़ा।** शिव मंदिर मैटी में हर वर्ष की तरह शिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। शिव मंदिर मैटी ( घरोह) कमेटी के प्रधान मदन ठाकुर व उपप्रधान अनेक राजा ने बताया कि आठ मार्च को सुबह 11 बजे हवन पाठ होगा। सायं सात बजे से नौ बजे तक हिमाचल के जाने माने कलाकार प्रो सतीश ठाकुर अपनी भक्ति संध्या की प्रस्तुति देंगे । वहीं, उसी रात नवाला भी होगा । उन्होंने बताया कि नौ मार्च को भंडारे का आयोजन होगा ।



नगरोटा बगवां उपमंडल के एसडीएम मुनीश शर्मा पलस पोलियो अभियान के तहत सिविल अस्पताल नगरोटा बगवां में नन्हे बच्चे को पोलियो मुक्त कार्यक्रम के तहत दो बूंद जिंदगी की पिलाते हुए।

### भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट मैच के लिए दोनों टीमें पहुंची धर्मशाला, खराब मौसम बढ़ा सकता है खिलाड़ियों की चिंता

# बारिश की वजह से नहीं हुआ खिलाड़ियों का पहला प्रैक्टिस सेशन

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

भारत बनाम इंग्लेंड टेस्ट मैच के लिए दोनों टीमें धर्मशाला पहुंच गई हैं। टीमों को धर्मशाला की कंडीशनस को समझने के लिए समय तो है, लेकिन खराब मौसम खिलाड़ियों की चिंता बढ़ा सकता है। खराब मौसम के कारण टीमों का सोमवार को प्रैक्टिस शेड्यूल रद्द कर दिया गया है।

यह जानकारी एचपीसीए के प्रेस प्रवक्ता मोहित सूद ने दी है। बारिश और ठंड के बीच एचपीसीए पदाधिकारियों को मैच के सफल आयोजन को लेकर पसीने भी छूटने लग गए हैं। मौसम विभाग के अनुसार 15 मार्च तक मौसम की बेरूखी ऐसे ही जारी रहेगी। चार से सात मार्च तक मौसम काले बादलों और बीच-बीच में बारिश वाला रह सकता है। 8 व 9 मार्च को मौसम साफ रहने की संभावना है। इसके बाद 15 मार्च तक मौसम के खराब रहने की संभावना है। खराब मौसम के कारण एचपीसीए पदाधिकारियों की चिंता बढ़ना लाजिमी है। मैच के पहले दिन बारिश की संभावना है हालांकि अगले दो दिन मौसम कुछ हद तक साफ रहेगा जबकि चैथे और पांचवें दिन बारिश का अनुमान है। एचपीसीए पदाधिकारियों का कहना है कि बारिश रूकने पर मैदान को 20 मिनट के भीतर खेलने योग्य बनाने का तकनीक मौजूद है। अब यह निर्भर करेगा कि मैच के दौरान बारिश कितने समय रहती है। (अनंत ज्ञान)



क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला का फाइल फोटो

# विधायकों के छिटकने के डर से कैबिनेट रैंक बांट रहे सीएम सुक्खू : राकेश शर्मा

## प्रदेश भाजपा प्रवक्ता ने कांग्रेस सरकार पर जमकर साधा निशाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश में मित्रों की सरकार चल रही है। इस सरकार में विधायक और जनता त्रस्त हैं, जबकि सरकार के मित्र मस्त हैं। यह आरोप प्रदेश भाजपा प्रवक्ता राकेश शर्मा ने रविवार को जारी प्रेस बयान में लगाया।

उन्होंने कहा कि सीएम सुक्खू को कांग्रेस विधायकों को छिटकने का डर सता रहा है, यही वजह है कि सरकार द्वारा विधायकों को कैबिनेट रैंक बांटे जा रहे हैं। प्रदेश में चहेतों को बांटी जा रही रेबड़ियों का हिसाब, प्रदेश की जनता लोकसभा चुनाव में लेने का मन बना चुकी है। राकेश शर्मा ने कहा कि आरोप लगाया कि आर्थिक स्थिति खराब होने का रोना सीएम सुक्खू, जब से सरकार बनी है, तब से रो रहे हैं। यदि प्रदेश की स्थिति ठीक नहीं है तो सरकार फिजूलखर्ची पर अंकुश लगाए, लेकिन उन्हें तो विधायकों के जाने का डर सता रहा है। इसके चलते विधायकों को कैबिनेट रैंक धड़ाधड़ बांटे जा रहे हैं। सरकार की लोकप्रियता व विश्वसनीयता इसी से उजागर हो जाती है कि कांग्रेस के ही छह विधायकों ने पार्टी के खिलाफ जाकर भाजपा प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित की। राकेश शर्मा ने कहा कि इससे स्पष्ट है कि कांग्रेस विधायकों को भी अपनी पार्टी के बजाय भाजपा पर विश्वास है। उन्होंने कहा कि झूठी गारंटियां देकर सत्ता हथियाने वाली कांग्रेस सरकार के लिए अब गारंटियों को पूरा करना गले की फांस बन गया है। कर्मचारी व पेंशनर्स आंदोलन की चेतावनी दे रहे हैं। लोकसभा चुनावों को सामने देखकर प्रदेश सरकार भर्तियां करने की घोषणा तो कर रही है, लेकिन यह भर्तियां कब होंगी, इसका जवाब सरकार के पास भी नहीं है।



प्रवक्ता राकेश शर्मा।

### रोजगार का इंतजार कर रहे बेरोजगार

**पिछले** लंबे समय से प्रशिक्षित बेरोजगार रोजगार का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन अभी तक सरकार किसी को रोजगार नहीं दे पाई है। इसके विपरीत कांग्रेस के नेता लोकसभा चुनावों में जीत के दावे कर रहे हैं। राकेश शर्मा ने कहा कि देश की जनता केवल और केवल मोदी की गारंटी पर विश्वास करती है और कांग्रेस के लोकसभा में जीत के दावे खोखले साबित होंगे।

# सीयू आंदोलन का मजाक उड़ाना पड़ा सरकार को महंगा : अतुल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

समाजिक कार्यकर्ता अतुल भारद्वाज ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला परिसर के निर्माण हेतु किए जा रहे आंदोलन किया गया था। उन्होंने कहा कि जब धर्मशाला में जनता क्रमिक धरने पर बैठी थी और धरने के दौरान एक दिन सरकार को आपातकालीन स्थिति में पहुंचा दिया गया था, तो उस समय कुछ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने उपहास उड़ाते कहा कि यह कैसे संभव हो सकता है। लेकिन धरने के समाप्त होने के कुछ दिन बाद ही सरकार के आगे आपात स्थिति का निर्माण हो गया और सदन में कांग्रेस पार्टी को असहज स्थिति का सामना करना पड़ा और यह परिस्थितियां आज दिन तक बनी हुई हैं।

उन्होंने कहा कि यह प्रमाणिकता है कि यदि सरकारें जनभावनाओं का सम्मान नहीं करेंगी तो इस सरकार से ऊपर भी एक सरकार है जो सब देख रही है जो अंत में सबका हिसाब करेगी। धर्मशाला में आज हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला परिसर के निर्माण हेतु होने वाले प्रदर्शन को कुछ समय के लिए स्थगित किया गया। उसके कारण को अतुल भारद्वाज ने साझा करते हुए कहा कि विभिन्न माध्यमों से यह आग्रह किया जा रहा था कि सरकार के विरोध में होने वाले प्रदर्शन को न किया जाए। जब इस सम्बंध में डॉ. अमरजीत डायरेक्टर एजुकेशन के माध्यम से धर्मशाला की जनता को आश्वस्त किया गया कि सरकार केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला परिसर के निर्माण के लिए ही गंभीर है और सरकार की प्राथमिकता में विषय है और आगामी बजट में इसका प्रावधान किया जा रहा है। वहीं, अब यह भी निर्णय लिया गया कि आश्वासन की सच्चाई का पता लगाने के लिए अधिकारियों से संपर्क करके उनसे व्यक्तिगत भी मिला जाएगा, चाहे इसके लिए शिमला ही क्यों न जाना पड़े। अधिकारियों से मिलने के बाद ही आगामी रणनीति बनाई जाएगी।

### जिला युवा इंटक अध्यक्ष शुभम सूद को किया निष्काषित

**धर्मशाला।** धर्मशाला के पूर्व विधायक सुधीर शर्मा के बागी होने के बाद धर्मशाला कांग्रेस में शामिल सुधीर शर्मा समर्थकों की मुसीबतें बढ़ती दिख रही है। रविवार को जिला कांगड़ा युवा इंटक अध्यक्ष शुभम सूद को भी निष्काषित कर दिया गया। उन पर इंटक एवं कांग्रेस पार्टी के विरूद्ध कार्य करने के आरोप लगे हैं। शुभम सूद के निष्काशन के ओदश इंटक प्रदेश अध्यक्ष जसविंद्र चैहान ने दिए हैं। प्रदेश हाईकमान के पुख्ता सूत्रों के अनुसार नवनियुक्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एवं सुधीर शर्मा समर्थक राज कुमार कश्चप पर भी निष्काशन की गाज गिर सकती है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को उनके निष्काशन पर भी मोहर लग सकती है। गौरतलब है कि धर्मशाला के पूर्व विधायक प्रदेश सरकार से बागी चल रहे हैं। इससे पूर्व सुधीर शर्मा समर्थक एवं यूथ कांग्रेस धर्मशाला अध्यक्ष अश्वनी राणा के निलंबन के बाद अब धर्मशाला ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस सेवादल अजय कुमार और कार्यकारी अध्यक्ष एवाईसी कांग्रेस सुनीश मांटा को भी निलंबित कर दिया गया था। पार्टी के अनुसार उक्त पदाधिकारियों के कार्य कांग्रेस पार्टी के मूल मूल्यों और एकता को कमजोर करते हैं। वहीं, धर्मशाला के पूर्व विधायक सुधीर शर्मा के बागी होने के बाद धर्मशाला कांग्रेस में शामिल सुधीर शर्मा समर्थकों की मुसीबतें बढ़ती दिख रही है।

# कांगड़ा जिले में 107030 बच्चों को पिलाई दो बूंद जिंदगी की



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के अंतर्गत रविवार को जिला कांगड़ा में शून्य से पांच साल तक के 107030 (98 फीसदी) बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाई गई। जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी कांगड़ा डॉक्टर सुशील शर्मा ने बताया की विभाग द्वारा इस अभियान के अंतर्गत शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 1070 पोलियो बूथ स्थापित किए गए थे जिन पर 4268 टीम मेंबर तैनात किए गए थे।

इसके अतिरिक्त 21 ट्रांजिट प्वाइंट तथा 173 अति जोखिम वाले क्षेत्र जैसे झुग्गी झोपड़ी, ईंट भट्टे, निर्माण कार्य वाली जगह, क्रशर पर कार्य करने वाले श्रमिक तथा प्रवासी परिवारों के बच्चों को दवाई पिलाई गई। उन्होंने बताया की हमारा यह प्रयास रहेगा कि कोई भी बच्चा छूटने ना पाए।

पोलियो बूथ पर सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक बच्चों को दवाई पिलाई गई तथा चार और पांच मार्च को स्वास्थ्य कर्मी घर घर जाकर सर्वे करेंगे तथा अगर कोई बच्चा छूट गया होगा तो उसे दवाई पिलाएंगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि अगर किसी कारणवश कोई बच्चा छूट गया हो तो घर-घर जब पोलियो सर्वे के लिए स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी आएंगे तो बच्चे को ड्रॉप्स पिलाना सुनिश्चित करें।

# पुनीत मल्ली अपनी हद में रह कर करें बयानबाजी : राज कुमार कश्यप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कांग्रेस कमेटी सचिव एवं प्रदेश मीडिया को-ऑर्डिनेटर पुनीत मल्ली हद में रह कर बयान बाजी करें। पुनीत मल्ली स्वयंभू नेता हैं और अनाप-शनाम बयानवाजी कर के हंसी का पात्र बन रहे हैं।

साल 2022 के विधानसभा चुनाव में पुनीत मल्ली ही काली भेड़ रहे हैं और इन्होंने पार्टी विरोधी कार्य किया है। पुनीत मल्ली जैसे छुटभैये नेताओं ने अपनी बयानबाजी बंद न की तो इनका सारा काला चिट्ठा खोला जाएगा और सभी महिला मंडल इनका मुंह काला करने से भी गुरेज नहीं करेंगी। यह बात ब्लॉक कांग्रेस धर्मशाला के नवनियुक्त अध्यक्ष राज कुमार कश्यप और जिला परिषद सदस्य एवं महिला कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष निशा चैधरी ने प्रेस को जारी एक बयान में कही है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार कश्यप ने कांग्रेस नेता को जमकर कोसते हुए कहा कि स्मार्ट सिटी का काम पूरी दुनिया ने देखा है। उन्होंने कहा कि मल्ली ने आज तक वार्ड मेंबर का चुनाव तक नहीं लड़ा है, एक बार मंत्री, चार बार विधायक व राष्ट्रीय सचिव पर बोलने का किसी को कोई हक नहीं। उन्होंने कहा कि पुनीत मल्ली हद में रहकर बयानबाजी करें। उनका इतना कद नहीं है कि वह दिग्गज नेता सुधीर शर्मा पर एक भी शब्द कह सकें। वहीं, कश्यप ने कहा कि सेंट्रल यूनिवर्सिटी के मसले पर सिर्फ सुधीर शर्मा ने स्टैंड लिया है। होने तो यह चाहिए था कि सेंट्रल यूनिवर्सिटी के 30 करोड़ रुपए जमा करवाने के लिए सभी लोग उनका साथ देते। उस मसले पर मल्ली जैसे लोगों के मुंह से एक शब्द नहीं निकलता।



### मल्ली बताएं उन्होंने कौन सा काम किया है

**जिला** परिषद सदस्य एवं महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष निशा चैधरी ने कहा कि पुनीत मल्ली बताएं कि उन्होंने धर्मशाला के लिए अब तक क्या और कौन सा काम किया है। पुनीत मल्ली जैसे छुटभैये नेताओं ने अपनी बयानबाजी बंद न की, तो इनका सारा काला चिट्ठा खोला जाएगा और सभी महिला मंडल इनका मुंह काला करने से भी गुरेज नहीं करेंगी ।



**नगरोटा बगवां।** रविवार को टीलेश्वर महादेव कलश शोभा यात्रा सुबह सात बजे टीलेश्वर महादेव से चली और इसका पहला पड़ाव नंदिकेश्वर धाम चामुंडा। वहीं, उसके पश्चात नारदा शारदा मंदिर नगरोटा, इसके बाद हनुमान मंदिर नगरोटा बगवां, राधा कृष्ण मंदिर गुरुद्वारा पौड साहिब मंदिर के होते हुए जलबिंबी में यह कलश यात्रा पहुंची। वहीं, यह कलश यात्रा पूरे थारू गांव में की जाएगी।

### 200 लोगों की जांचीं आंखें

**ज्वालामुखी।** सर्वोदय ग्राम कल्याण समिति थिल्ह तहसील खुण्डियां द्वारा स्थानीय ग्राम पंचायत के सहयोग से निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ रवि गर्ग ने अपनी टीम के साथ लगभग 200 लोगों की नेत्र जांच की व उन्हें उचित निर्देश व परामर्श दिया। इसके साथ ही निशुल्क नेत्र रोग निदान संबंधी सामग्री व दवाईयां उपलब्ध करवाई गई। सर्वोदय ग्राम कल्याण समिति के प्रधान निखिल अग्न, सचिव रमेश चंद, कोषाध्यक्ष प्रितपाल, पंचायत प्रधान सुनील कुमार ने उपस्थित चिकित्सा टीम को सम्मानित कर धन्यवाद किया तथा साथ ही इस पंचायत क्षेत्र में नेत्र रोग समाधान की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए पंचायत का धन्यवाद किया।

**सम्मेलन** भाजपा सुलह मंडल का जोन प्रभारी, ग्राम केंद्र प्रमुख व त्रिदेव सम्मेलन संपन्न

# बूथ स्तर पर जनता को जोड़ेगी भाजपा

**राकेश डोगरा, डरोह**

भारतीय जनता पार्टी मंडल सुलह का जोन प्रभारी, ग्राम केंद्र प्रमुख व त्रिदेव का सम्मेलन रविवार को मंडल अध्यक्ष देशराज शर्मा की अध्यक्षता में जिला कार्यालय पालमपुर में हुआ। सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए पाठ पढ़ाया गया और आने बाले लोकसभा चुनावों में प्रत्येक बूथ स्तर पर वोट प्रतिशत में इजाफा करने बारे टिप्स दिए गए।

कांगड़ा-चंबा के संगठन मंत्री राजपाल ने कार्यकर्ताओं से कहा कि प्रदेश, जिला, मंडल व बूथ स्तर तक प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने दायित्व का निर्वहन ज़िम्मेवारी के साथ निभाएं। उन्होंने आगे कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ में भाजपा को और अधिक मजबूत करने के लिए जमीनी स्तर पर मेहनत करे। संगठनात्मक जिला पालमपुर के प्रभारी राकेश जम्वाल ने कहा कि आने वाला समय लोकसभा चुनाव का है। लोकसभा चुनाव में विगत चुनाव की तर्ज पर तमाम कार्यकर्ता काम करें और मोदी के नेतृत्व में केंद्र में फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बने। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए काम करना है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से 2019 के लोकसभा चुनाव में पार्टी कार्यकर्ताओं ने काम किया और बंपर मतों से कांगड़ा चम्बा के सांसद को जीत दिलाई इस तर्ज पर आगे भी काम करना है ।उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की रीड पार्टी के कार्यकर्ता, बूथ अध्यक्ष, ग्राम केंद्र अध्यक्ष, बीएलए, बूथ पालक तमाम लोग हैं। सबको मिलकर 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को 370 और एनडीए को 400 पार करवाना है। जम्वाल ने कहा कि आज पूरे विश्व में मोदी के नेतृत्व में भारत का मान सम्मान बढ़ा है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष हरिदत्त शास्त्री, मंडल अध्यक्ष देशराज शर्मा, प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य तनु भारती, महामंत्री हंसराज, चंद्रवीर कटोच, बीना श्रीवास्तव व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



त्रिदेव सम्मेलन में भाग लेते हुए भाजपा के कार्यकर्ता।

### छूटे बच्चों को भी पिलाई जाएंगी पोलियो ड्राप्स

**ज्वालामुखी।** खंड चिकित्सा अधिकारी ज्वालामुखी डॉ. संजय बजाज ने बताया कि खंड ज्वालामुखी में पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए 92 बूथ बनाए गए थे। इनमें 368 आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व कर्मचारी तैनात किए गए थे। डॉ. बजाज ने बताया कि स्वास्थ्य खंड ज्वालामुखी में 92 बूथ पर 0 से 5 वर्ष तक के 10619 बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई गई। उन्होंने बताया कि अगले दो दिन 184 टीम घर-घर जाकर भ्रमण करके 0 से 5 वर्ष तक के पोलियो की दवाई से छूटे बच्चों को ढूंढ कर उन्हें पोलियो की दवाई पिलाई जाएगी। डॉ. बजाज ने बताया कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए 18 पर्यवेक्षक भी लगाए गए है जिसमे चिकित्सक, स्वास्थ्य शिक्षक और स्वास्थ्य पर्यवेक्षक फील्ड में इन टीमो को चैक करने के लिए लगाया गया है।

# अब हर रविवार को पपरोला अस्पताल में मिलेगा फ्री खाना

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

क्षेत्र की अग्रणी समाजसेवी संस्था अन्नपूर्णा वेलफेयर सोसायटी बैजनाथ-पपरोला ने अपने कार्यकाल के पांच वर्ष पूर्ण होने पर आज स्थापना दिवस मनाया। इस के अंतर्गत आज से प्रत्येक रविवार को आयुर्वेदिक चिकित्सालय पपरोला में अस्पताल में दाखिल मरीजों के तीमारदारों को प्रत्येक रविवार को दोपहर के भोजन की शुरुआत की।

जानकारी देते हुए अन्नपूर्णा वेलफेयर सोसायटी बैजनाथ-पपरोला के अध्यक्ष संजय सोनी ने कहा कि करोना काल में जब पूरे विश्व में मानवीय जिंदगियों को बचाने के लिए प्रयास जारी थे। हर कोई अपने घरों में कैद था तो ऐसे में संस्था के सभी सदस्यों ने मानवता का परिचय देते हुए बैजनाथ व पपरोला में स्थापित कोविड केंद्रों में दाखिल मरीजों व उनके इलाज में जुटे चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों को प्रतिदिन तीनों समय भोजन की व्यवस्था की थी। इसके अतिरिक्त 2019 से आज दिन तक निरंतर सिविल अस्पताल बैजनाथ में रात के भोजन की व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए वह अन्नपूर्णा वेलफेयर सोसाइटी के सभी सदस्यों का हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। इनके सहयोग से इस तरह के सामाजिक कार्यों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस अवसर पर राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विजय चौधरी, संस्था के महासचिव रमेश चड्ढा, कोषाध्यक्ष एम पी सूद, उपाध्यक्ष प्रीतम भारती, अनिल नंदा(नीटू), ऋतुराज मेहता, अनीता सूद, सुनील भंगालिया, हरीश अरोड़ा, भूपिंद्र सूद, कमलजीत वर्मा, डॉ. अजय कटोच, डॉ. अनिल भारद्वाज, विपिन शर्मा, रविंद्र कुमार उपस्थित हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### भदरेहड़ में गाड़ियों की पासिंग 15 को

**नगरोटा बगवां।** उपमंडल नगरोटा बगवां के अंतर्गत पंचायत घोड़ब के टीका भदरेहड़ में 15 मार्च को गाड़ियों की पासिंग एवं 16 मार्च को ड्राइविंग टेस्ट होंगे। इसकी जानकारी नगरोटा बगवां के एसडीएम मुनीश शर्मा ने दी।

### पुलिस थाना रक्कड़ में लगा वार्षिक भंडारा

**डाडासीबा।** जसवां परागपुर विधानसभा के अंतर्गत पड़ते पुलिस थाना रक्कड़ के स्टाफ द्वारा रविवार को वार्षिक भंडारे का आयोजन बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ किया गया। इंसमें बड़ी संख्या में लोगों इसमें शामिल हुए। वहीं, यहां से गुजरने वाले राहगीरों ने भी प्रसाद ग्रहण किया। इससे पहले यहां हवन भी कराया गया। देहरा के डीएसपी अनिल कुमार और रक्कड़ थाना प्रभारी गुरदेव सिंह भी इस मौके पर मौजूद रहे। वहीं, रक्कड़ थाना के प्रभारी गुरदेव सिंह ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे जोरों शोरों के साथ भंडारे का आयोजन नरसिंह मंदिर में किया गया। इसमें स्थानीय लोगों सहित आवगमन करने वालों ने भी शिरकत कर प्रसाद ग्रहण किया।

### विश्व युवा सम्मेलन में भाग लेंगे शुक्ल राणा

**जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के युवा शुक्ल राणा रूस में हो रहे विश्व युवा सम्मेलन में भाग लेंगे। यह जानकारी शुक्ल के पिता कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता जसवंत सिंह राणा ने दी। उन्होंने कहा की विश्व युवा सम्मेलन पहली मार्च से सात मार्च तक रूस के शोची शहर में आयोजित हो रहा है। इसमें हिमाचल प्रदेश के छह युवा भी शिरकत कर रहे हैं। उनमें से शुक्ल राणा भी पुरातन व हत्करघा पर अपने विचार साझा रखेंगे। कार्यक्रम में रूस के राष्ट्रपति पुतिन भी शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा की शुक्ल अपने साथ श्रीमद् भागवत गीता की एक प्रति भी साथ ले गए हैं। वह रूस के राष्ट्रपति को भेंट करेंगे। उन्होंने कहा की हिमाचल प्रदेश में शादियों में प्रयोग किए जाने वाले पतलू भी ले गए हैं। वह वहां जाकर हिमाचल की संस्कृति से उन्हें रू-ब-रू कराएंगे।

## मरीजों को पालकी में डालकर एक किलोमीटर उठाकर सड़क तक ले जाने को मजबूर लोग, जल्द मांगा समस्या का समाधान

# पारला वंडेरू को 43 साल में नहीं मिली पक्की सड़क

**अनिल छांगू, जवाली**

विधानसभा क्षेत्र जवाली मे पंचायत नाणा का वार्ड नंबर-छह पारला वंडेरू आजादी के 75 साल बीत जाने के बाद आज भी सड़क सुविधा से वंचित है। गांव में तकरीबन 35 घर हैं जिनको सड़क सुविधा से जोड़ने के लिए पंचायतघर वंडेरू से लेकर पारला वंडेरू तक वन विभाग द्वारा वर्ष 1980 में मार्ग निकाला गया था लेकिन विडंवना है कि भाजपा व कांग्रेस सरकार के प्रतिनिधियों को बार-बार अवगत करवाने के बाद भी आजतक मार्ग पक्का नहीं हो पाया।

वहीं, जगदीश राणा, जीत सिंह, कुंजू राम, शोंकी राम, तिलक राज, बलविंद्र, उत्तम सिंह, करनैल सिंह, शिव कुमार, सुरम सिंह, बरियाम, शेर सिंह, वार्ड सदस्य सुनीता देवी, नितिन कुमार, कंचना देवी, इंद्रा देवी, भोजा देवी, विचित्र सिंह, नीतू देवी, गुड्डो देवी, सुषमा देवी, तेज सिंह, तिलक राज, जीवन कुमार, रंजना देवी, लज्या देवी, सुषमा देवी, बीना देवी, सुंदरी राणा, गणेश राज, हरबंस लाल इत्यादि ने कहा कि जब भी कोई बीमार हो जाता है तो मरीज को पालकी में डालकर एक किलोमीटर उठाकर पक्की सड़क तक पहुंचाना पड़ता है तब जाकर एंबुलेंस की सुविधा मिल पाती है। बारिश होने पर बच्चों को कंधे पर बैठाकर स्कूल छोड़ना पड़ता है। कई बार बच्चे स्किड होकर गिर जाते हैं तो उनके स्कूल बैग सहित यूनिफार्म कीचड़ से लथपथ हो जाती है। मकान बनाना मुश्किल हो गया है क्योंकि मैटीरियल घर तक पहुंच नहीं पाता है। बुजुर्गों ने कहा कि हमें तो पक्की सड़क तक गए भी काफी साल बीत गए हैं। पक्की सड़क की आस में अब हमारी आंखें भी पत्थरा गई हैं।




पंचायत नाणा का वार्ड नंबर-छह पारला वंडेरू को जाने वाली सड़क की हालत (दाएं) इस दौरान नाराजगी जताते हुए ग्रामीण।

गांववासियों ने कहा कि पिछली सरकार में विधायक रहे अर्जुन सिंह को भी मार्ग बारे अवगत करवाया गया था लेकिन कोई हल न हुआ। अब मौजूदा सरकार में मंत्री चंद्र कुमार को अवगत करवाया गया है लेकिन अभी तक कोई हल नहीं निकला है। (अनंत ज्ञान)

### अगर रोड पक्का नहीं किया, तो लोकसभा चुनावों में नहीं डालेंगे वोट

**ग्रामीणों** एकजुट होकर निर्णय लिया है कि अगर लोस चुनाव से पहले मार्ग पक्का न हुआ तो चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा। किसी भी पार्टी को वोट नहीं डाला जाएगा। उन्होंने कहा कि इसकी प्रतिलिपियां मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, मंत्री चंद्र कुमार व जिलाधीश को भेजी जाएंगी। उन्होंने कहा कि सड़क पक्का नहीं होने से उन्हें करना पड़ता है दिक्कतों का समाना। उन्होंने प्रशासन से जल्द इस समस्या का समाधान मांगा है। गांववासियों ने कहा कि पिछली सरकार में विधायक रहे अर्जुन सिंह को भी मार्ग बारे अवगत करवाया गया था लेकिन कोई हल न हुआ।

# लॉरेट संस्थान कथोग कैंपस प्लेसमेंट में 25 छात्रों का चयन

**पंकज सोनी, ज्वालामुखी**

लॉरेट इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी कथोग में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव 2024 में इस वर्ष भी छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। आठ कॉलेजों से कुल 83 छात्रों ने इस मेगा ड्राइव में भाग लिया।

इसमें से 25 छात्रों को डिजिटल मार्केटिंग, वेब डिजाइनिंग और डेवलपमेंट के क्षेत्रों में प्रतिष्ठित कंपनियों में नौकरी के लिए चुना गया। यह संस्थान लगातार चौथे वर्ष कैंपस प्लेसमेंट पूल का आयोजन कर रहा है, जो न केवल छात्रों के लिए बल्कि क्षेत्र के लिए भी एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रहा है। यहां हर साल छात्रों को सीधे लॉरेट कैंपस से ही नौकरी मिलती है, जिससे उनका भविष्य उज्ज्वल होता है। लॉरेट इंस्टीट्यूट कथोग के प्रबंध निदेशक डॉ. रण सिंह का मानना है कि शिक्षा के साथ रोजगार जरूरी है। उनका कहना है कि, यह प्लेसमेंट ड्राइव न केवल भाग लेने वाले छात्रों के लिए खुशखबरी है बल्कि स्किल्ड इंडिया के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। भारत सरकार का लक्ष्य है कि देश जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाए और इस लक्ष्य को प्राप्त करने में कुशल युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। यह प्लेसमेंट ड्राइव ऐसे ही कुशल युवाओं को तैयार करने में मदद करता है। कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव फेज दो का आयोजन जल्दी ही होगा ताकि ओर छात्रों को भी रोजगार का मौका मिले। (अनंत ज्ञान)

# डिप्रेशन : कारण और इसका निदान

**अनंत ज्ञान, विशेष**

हेल्थ टिप्स



डॉ. रामस्वरूप चांद (बीएएमएस,डीएनएनवाई) (नगरोटा बगवां)

डिप्रेशन या अवसाद मन की भावनाओं से जुडी एक मानसिक बीमारी (मेंटल इलनेस्स) है। इसका आमतौर पर समय पर निदान (डाइग्नोसिस) नहीं हो पाता। आजकल की भागमदौड़ की जिंदगी में डिप्रेशन की बीमारी आम हो चुकी है। इसीलिए तो इस बीमारी को मेडिकल क्षेत्रों में कॉमन कोल्ड ऑफ मेंटल इलनेस्स भी कहते हैं। अवसाद एक ऐसी मानसिक स्थिति या मानसिक विकार है।

इसमें व्यक्ति को निराशा, अकेलेपन, उदासी, आत्मसम्मान को ठेस, आत्मप्रताड़ता महसूस होती है। व्यक्ति विशेष में इसके संकेत तभी से नजर आते हैं जब आम बोलचाल की कमी, समाज से कटे कटे और अकेले रहने की प्रवृति, भूख में भारी कमी और नींद की अधिकता रहने लगती है, लेकिन इसमें ध्यान देने योग्य यह बात है कि आमतौर पर होने वाली टेंशन या दुख का अवसाद से कोई सीधा संबंध नहीं है। अवसाद में इन लक्षणों की प्रबलता बनी रहती है। (1) भूख लगती ही नहीं या बहुत ही ज्यादा लगती है। (2)अकेलापन और असहायपन बढ़ जाता है। (3)ध्यान से काम नहीं कर पाते, पहले जो काम आसानी से कर लेते थे उन्हें करने में कठिनाई होती है। (4) नकारात्मक सोच पर नियंत्रण नहीं रख पाते। (5) छोटी छोटी और मामूली बातों पर खीज, उतावलापन और गुस्सा बढ़ जाता है। (6) व्यसन यथा धूम्रपान और मदिरापान की मात्रा बढ़ जाती है। (7)मन में हीनभावना बढ़ जाने से आत्महत्या करने के विचार आने लगते हैं। (8)जिंदगी जीने का कोई औचित्य नजर नहीं आता और दुनिया मतलबी लगती है। इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि पुरुषों, महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों में डिप्रेशन या अवसाद का स्तर अलग अलग होता है जिसे अच्छी तरह समझ कर ही उसका निराकरण अलग अलग तरीकों से करना होता है। पुरुषों में अवसाद होने पर उनमें थकावट, चिड़चिड़ापन अनिद्रा, अनमनापन, बेचैनी, गुस्सा, आक्रमता, लापरवाही, व्यसनों में बढ़ोतरी जैसे हावभाव मिलते है। निराशा के कारण आत्महत्या की प्रवृति भी बन जाती है। अकसर वैवाहिक संबंधों में अनबन भी अवसाद का कारण है। महिलाओं में पुरुषों की अपेक्षा डिप्रेशन ज्यादा होती है। महिलाओं डिप्रेशन के लक्षण ज्यादा सोने, ज्यादा खाने, भार बढ़ने, अपराध-बोध होने, निराश होने के रूप में नजर आते हैं। महिलाओं में इसका मुख्य कारण माहवारी से जुड़े हॉर्मोन का अनियमित होना भी होता है जैसे प्रिमेंसुरल और पोस्ट मेंसुरल सिंड्रोम का समय, जब महिलाओं को अक्सर डिप्रेशन हो जाती है। किशोरावस्था में अत्यधिक चिड़चिड़ापन अवसाद का सबसे बड़ा लक्षण होता है। जल्दी ही क्रोधित होना और दुर्वयवहार करना, अकसर बिना कारण बदन में दर्द की शिकायत करना अवसाद के लक्षण होते हैं। माता पिता द्वारा पढ़ाई के लिए डाला गया अतिरिक्त दवाब और दुसरे बच्चों से पढ़ाई में की जाने वाली तुल्ना भी अवसाद का कारण बन जाता है। ऐसे बच्चे अक्सर ड्रग्स के चककर में पड़ कर अपना जीवन नष्ट कर लेते हैं। इनमें आत्महत्या की प्रवृति बढ़ जाती है, लेकिन समय पर मदद से इनका इलाज सम्भव है।

इसी प्रकार बुजुर्गों में बुढ़ापे के साथ आने वाली परेशानियों जैसे अकेलापन, वियोग, निर्भरता, आर्थिक मंदी, स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उन्हें अवसादग्रस्त बना देती हैं। आए दिन तबियत खराब रहने की शिकायत करते रहना बुढ़ापे में अवसाद का सबसे बड़ा लक्षण है। इसके अतिरिक्त अकेलापन, सामाजिक प्रोत्साहन में कमी, वित्तीय समस्याएं, पारिवारिक तनाव, वैवाहिक संबंधों में खटास, खराब बचपन, नशे का सेवन, बेरोजगारी और काम का दवाब इत्यादि से भी अवसाद होता है।

## होली मेला रझूं 24 मार्च से, लक्की ड्रॉ निकलने पर मिलेगी बाइक इनाम

**नगरोटा बगवां।** होली मेला रझूं 24 से 26 मार्च तक तीन दिन धूमधाम से मनाया जाएगा। इस मेले में तीन दिन विभिन्न प्रकार की झांकियां और 26 मार्च को माता काली की भव्य झांकी निकाली जाएगी। इस बार मेले में लाटरी का शुभारंभ भी कार्यकारिणी द्वारा करवाया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए जन्म सिंह सपहिया, अनिल कुमार और रवि चौधरी को मनोनीत किया गया है। लाटरी की टिकट का मूल्य 100 रुपए रखा गया है। लाटरी का ड्रॉ 25 मार्च को शाम के समय निकाला जाएगा। पहला इनाम लूना मोटरसाइकिल, दूसरा इनाम 32 इंच एलईडी, तीसरा इनाम वॉसिंग मशीन, चौथा इनाम एनरोइड फोन, पांचवां इनाम इंडेक्शन चूल्हा, छठां इनाम टेबल फैन निकाला जाएगा। कमेटी का कारोबारियों से अनुरोध रहेगा मेले अपना कारोबार कर के चंगर क्षेत्र के मेले की शोभा बढ़ाएं। मेले में वॉलीबाल की खेल का आयोजन करवाया जाएगा। एंट्री फीस 600 रुपए प्रति टीम रखी है।विनर टीम 5100 रुपए ट्रॉफी , रनर टीम 3100 रुपए ट्रॉफी दिए जाएं। भाग लेने वाली टीमें इन फोन नंबर पर संपर्क करें 9805134639, 780720193, ताकि समस्त कार्यकारणी अन्य गतिविधियों को संपन्न करवाए गए।

### गांव परिक्रमा यात्रा का किया शुभारंभ

**नगरोटा बगवां।** रविवार को विधानसभा क्षेत्र नगरोटा बगवां के गांव अंबाड़ी में किसान मोर्चा ने बैठक की व यहां से गांव परिक्रमा यात्रा का शुभारंभ किया। लोगों को मोदी सरकार द्वारा किए गए विकास कार्य व उनकी नीतियों के बारे मे भी अवगत करवाया गया। इस बैठक मे जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा अभिनय भाटिया, प्रदेश प्रवक्ता डा. मन्हास, जिला महामंत्री सतीश जोश, किसान मोर्चा के मंडलाध्यक्ष नगरोटा सुभाष आदि ने भाग लिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाटिया ने आने वाले लोकसभा चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन हित नीतियों का व्याख्यान करते हुए लोगों को चुनावों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने को प्रेरित किया तथा देश की एकता एवं अखंडता को कायम रखने के लिए भाजपा को पुन सत्ता में लाने को कहा।



पल्स पोलियों मुहिम के तहत बच्चों को पोलियो रोधक बूंदें पिलाई गईं। इस दौरान एक बच्चे को पोलियो ड्रॉप्स पिलाते हुए।

### नौ मार्च को आयोजित होगी लोक अदालत

**धर्मशाला।** कांगड़ा जिला के सभी न्यायलयों में नौ मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कांगड़ा अजय मेहता ने दी। उन्होंने बताया की लोक अदालत में विभिन्न मामलों का निपटारा समझौतों के आधार पर किया जाएगा। इस दौरान आपराधिक कंपाउंडेबल अपराध, चेक बाउंस मामले, मोटर व्हीकल चालान के मामलों आदि पर सुनवाई कर निपटारा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त लोक अदालत में सड़क दुर्घटना में क्लेम, घरेलू हिंसा विवाद व वैवाहिक विवाद आदि के मामलों का भी निपटारा किया जाएगा।

### लिदबड़ मेले को राज्य स्तरीय करने पर जताया आभार

**नगरोटा बगवां।** नारदा शारदा मां को समर्पित नगरोटा बगवां के ऐतिहासिक लिदबड़ मेले को जिला स्तरीय से राज्य स्तरीय करने की प्रदेश सरकार की घोषणा से नगरोटा बगवां ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष मान सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रताप रियाड, चौधरी धर्म चंद, महासचिव अरुण कटोच, अजय सिपहिया, वरिष्ठ कांग्रेस नेता बलदेव चौधरी, सुमितर मसंद एवं ब्लॉक कांग्रेस के समस्त सदस्यो ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रेंक मंत्री आरएस बाली का आभार जताया है। उन्होंने बताया कि इससे पहले स्व. जीएस बाली ने इसे जिला स्तरीय मेले का दर्जा दिलाया था।

# निगम ने जारी की प्रथम दर्शन सेवा की बुकलेट, यात्रियों को मिलेगा लाभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम की शक्तिपीठों के लिए शुरू की गई प्रथम दर्शन सेवा के लिए अब निगम ने एक बुकलेट जारी की है।

इस बुकलेट की सहायता से पर्यटक एवं श्रद्धालु आसानी से शक्तिपीठों के लिए अथवा शक्तिपीठों से अन्य स्थानों के लिए जाने वाली बसों की जानकारी हासिल कर सकेंगे। प्रेस वार्ता को संबोधित करते मंडलीय प्रबंधक धर्मशाला पंकज चड्ढा ने यह जानकारी दी है।

24 पन्नों की बुकलेट जारी करते हुए पंकज चढ्डा ने बताया कि परिवहन निगम की वेबसाइट पर इसे अपलोड कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त बुकलेट की प्रतिलिपियां प्रत्येक बस अड्डे में भी रखी जाएंगी। इसकी सहायता से यात्रियों को प्रथम दर्शन के तहत बसों की समयसारिणी उपलब्ध होगी। यात्री इस बुकलेट को निगम की वेबसाइट से आसानी से डाउनलोड़ भी कर सकते हैं और शक्तिपीठ भ्रमण के दौरान अपनी यात्रा को सुगम बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रथम दर्शन सेवा के तहत प्रकाशित इस बुकलेट का थीम सजग साधना सविनय सेवा दिया गया है। उन्होंने बताया कि बुकलेट जारी करने के इस प्रयास को प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भी सराहा है। उन्होंने बताया कि बुकलेट के दूसरे व तीसरे पन्ने पर मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री द्वारा यात्रियों को दिए संदेश को भी प्रकाशित किया गया है।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

NOTICE

Sapna Thakur D/O Sh. Vasudev Thakur now wife of sh. Ashok Rana Resident of Yoll Cantt, Tehsil Dharmshala, Distt. Kangra declared That I Have Changed My Name from Sapna Thakur To Sapna Thakur Rana. All concerned Please Note.

# एयरपोर्ट विस्तारीकरण पर सुनवाई 19 मार्च को

**अनंत ज्ञान, गगल**

प्रदेश उच्च न्यायालय में विस्तारीकरण को लेकर चल रहे मामले में आज हुई सुनवाई के दौरान अब माननीय न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव ने इस मामले में अगली सुनवाई 19 मार्च तक रख दी है।

इसके बारे में संघर्ष समिति के अध्यक्ष रजनीश मोना ने बताया कि आज इस बारे शिमला में सुनवाई होनी थी, लेकिन आज राजनीति की उथल पुथल के चलते सुनवाई नहीं हो सकी। इस कारण अब यह सुनवाई 19 मार्च को होगी इस अवसर पर संघर्ष समिति के अध्यक्ष रजनीश मोना ने पुना कहा के उन्हें पूर्ण विश्वास है कि माननीय न्यायालय जनता के साथ अन्याय नहीं होने देगा और जनता को उसका हक न्याय दिलाएगी। उन्होंने कहा कि इलाकावासी पूरी तरह अदालत के फैसले पर विश्वास बनाए हुए हैं। क्योंकि इलाका वासी इंटरनेशनल हवाई अड्डे का विरोध नहीं कर रहे हैं। बस उनका यही कहना है कि इंटरनेशनल हवाई अड्डा बने। उल्लेखनीय है कि इस एयरपोर्ट विस्तारित कारण की तारीख पहले 26 दिसंबर को पड़ी थी उसके बाद माननीय न्यायाधीश ने दो जनवरी से लेकर चार जनवरी तक चलाई थी और उसी की मद्देनजर को रखते हुए माननीय ने नौ जनवरी को रखी। अब इस केस की सुनवाई को जारी रखते हुए यह फैसला अब 29 फरवरी को सुनाना था। वहीं, सुनवाई न होने पर अब इसकी सुनवाई 19 मार्च को होगी।

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

**04 मार्च, 2024, सोमवार**

विक्रमी संवत : 2080, शक संवत :1945 (शोभकृत), मास : फाल्गुन, तिथि :अष्टमी (08:51): नक्षत्र : ज्येष्ठा (04:22), पक्ष : कृष्ण, योग वज्र (04:04) शुभ मुहूर्त : अभीजित (12:09)-(12:56)।

**विशेष दिन**

- 04 मार्च 2024 को सीता अष्टमी।
- 05 मार्च को समर्थरामदास नवमीं

**मेष :** आज का दिन आपकी सामाजिक स्थिति को बढ़ावा मिलेगा। आपका साथी कुछ ऐसे मुद्दों को विकसित कर सकता है।

**वृषभ :** इस समय आप अपनी कार्यशैली में नया प्रयोग कर सकते हैं। आपके कार्यो को प्रशंसा मिलेगी सीथ ही आपके सभी काम सद्यत्ताल होंगे।

**मिथुन :** आज कार्यस्थल पर सफलता प्राप्ति का पूर्ण योग है। आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा।

**कर्क :** गलतफहमी व लगातार असहमति पारिवारिक माहौल को निराशाजनक बना सकती है। दूसरों के लिए स्थायी गारंटी देने से बचें।

**सिंह :** चिकित्सा और व्यर्थ के खर्चो में वृद्धि से आपकी चिंताएं बढ़ सकती हैं। आकस्मिक घटना के चलते हो सकते है चोटिल।

**कन्या :** चिकित्सा और व्यर्थ के खर्चो में वृद्धि से आपकी चिंताएं बढ़ सकती हैं। आपके दुश्मन आपके खिलाफ गुप्त रूप से काम कर सकते हैं।

**तुला :** आज योजनाओं को पूर्ण रूप से क्रियान्वित किया जा सकता है और यह आपको लाभदायक परिणाम दे पाएंगी।

**वृश्चिक :** साहित्य, कला, लेखन, संगीत, फिल्मों या खेल जैसे रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़े लोगों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के अवसर मिलेंगे।

**धनु :** आज आपकी इच्छाएं पूरी हो सकती हैं। व्यावसायिक सदर्भ में महत्वाकांक्षी योजनाएं शुरू की जा सकती हैं।

**मकर :** आपके प्रयास फल देंगे और आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आप एक नई साझेदारी या एसोसिएशन में प्रवेश कर सकते हैं।

**कुंभ :** आज आपको आपको कई वित्तीय फ़ायदे हो सकते हैं। आप असीम दौलत के मालिक बन सकते हैं।

**मीन :** प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वालों के लिए आज का दिन मिश्रित परिणामदायक हो सकता है। कर्ज देने से बचे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत भकेड़ा विकास खंड भोरंज जिला हमीरपुर ( हि. प्र. ) पिन कोड-176043

**निविदा सूचनाः-**

ग्राम पंचायत भकेड़ा विकास खंड भोरंज जिला हमीरपुर के अंतर्गत MGNREGA, 15th FC व अन्य शीर्ष के विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं/आपूर्तिकर्ताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 11-03-2024 को शाम पांच बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत भकेड़ा में पहुंच जानी चाहिए। इसके बाद दी जाने वाली निविदा अमान्य होगी। निविदाएं 12-03-2024 को प्रातः 11:00 बजे ग्राम पंचायत (कमेटी) द्वारा निविदादाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएंगी।

| क्रम संख्या | सामग्री का विवरण |
|---|---|
| 1. | रेता क्रशर |
| 2. | बजरी क्रशर |
| 3. | ईंट |
| 4. | शटरिंग |
| 5. | जेसीबी |
| 6. | दरवाजे, खिड़कियां |
| 7. | चौखट |
| 8. | सीमेंट ढलवान HPSCS BAHANWIN से कार्य स्थल तक |
| 9. | कट स्टोन |
| 10. | बोल्डर/सोलिंग स्टोन |
| 11. | MIXER |
| 12. | रेता प्लांट/ धुला रेता |
| 13. | कार्य स्थल जानकारी बोर्ड |

**नियम व शर्तेः-**

1. GST की प्रति साथ लायें।
2. जिनकी QUOTATION पास होगी उसे 10000/- रुपये की धरोहर राशि जमा करवानी होगी। कार्य बीच में छोड़ जाने पर वह राशि वापिस नहीं होगी।
3. समस्त पंचायत क्षेत्र में मूल्य एक जैसा होगा।
4. अन्य नियम व शर्तें पंचायती राज अधिनियम व नियम अनुसार।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत भकेड़ा

> कोई भी जन्म से बुद्धिमान नहीं होता, क्योंकि ज्ञान अपने प्रयासों से ही प्राप्त होता है।
> –टी कृष्णमाचार्य



# भाजपा ने मनोवैज्ञानिक रूप से विपक्ष पर बनाई बढ़त

**देश** में माहौल अभी से ही चुनावी हो गया है। लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने 195 प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी कर विपक्ष पर मनोवैज्ञानिक रूप से बढ़त बना ली है। यही नहीं, लिस्ट जारी होने के एक दिन बाद भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए चंदा अभियान भी शुरू कर दिया है। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी दो हजार रुपए का चंदा दिया। भाजपा यह चंदा नमो ऐप के जरिए एकत्र कर रही है। भाजपा अब विकसित भारत के निर्माण के नाम पर इस चंदे की उगाही कर रही है। हालांकि, चुनाव की तारीखों का ऐलान अभी नहीं हुआ है, लेकिन भाजपा जिस तरीके से रणनीति बनाए हुए है, वह दूसरे दलों को परेशान कर रही है।

प्रत्याशियों की लिस्ट सबसे पहले जारी कर भाजपा ने यह संदेश दिया है कि वह चुनाव के लिए वक्त से पहले पूरी तरह से तैयार है। विपक्षी गठबंधन अभी सीटों के बंटवारे में ही उलझा हुआ है। सीटों को फाइनल करने के लिए उसे माथापच्ची करनी पड़ रही है। भाजपा ने पिछले आम चुनावों में प्रत्याशियों की पहली लिस्ट चुनाव की तारीखें शुरू होने के दस दिन बाद जारी की थी, लेकिन इस बार भाजपा बहुत जल्दबाजी में है, या तो भाजपा जीत को लेकर ओवर कांफिंडेंट हो गई है या फिर उसने इस बार विपक्षी दलों को मात देने के लिए नया पैंतरा चला है। भाजपा की पहली लिस्ट के बारे में सरसरी तौर पर कहा जा सकता है कि यह कोई बहुत बड़ा सरप्राइज नहीं था। उम्मीद के अनुरूप टिकट कटे हैं। वहीं, कुछ ऐसे नामों को फिर रिपीट किया गया, जिनके बारे में चर्चा थी कि उनका टिकट कट सकता है लेकिन यह तो सिर्फ झांकी है, असली लिस्ट बाकी अभी है। निश्चित रूप से अब आगे की लिस्ट में कुछ चौंकाने वाले नाम अवश्य शामिल होंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले ही संदेश दे चुके हैं कि लगभग सभी केंद्रीय मंत्रियों को इस बार लोकसभा चुनाव लड़ना है। साथ ही, अधिकतर राज्यसभा सांसदों को भी इस बार लोकसभा चुनाव में उतारा जा सकता है, ऐसे में अगली लिस्ट में किन–किन नामों को कहां से उतारा जाएगा, यह देखना दिलचस्प होगा। इस सूची में केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह का नाम नहीं है। वरुण गांधी, मेनका गांधी और ब्रजभूषण शरण सिंह की सीटों पर भी फैसला होना बाकी है। रायबरेली में भी कांग्रेसी चेहरे का इंतजार हो रहा है। इससे साफ है कि ठहराव वाली पहली सूची से अलग दूसरी सूची में बदलाव दिख सकता है। खैर, भारतीय जनता पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए जारी की गई पहली लिस्ट से चौंकाया जरूर है। भाजपा ने इस बार रमेश बिधूड़ी, प्रवेश वर्मा, हर्षवर्धन, साध्वी प्रज्ञा ठाकुर और कुछ अन्य सांसदों को उम्मीदवार नहीं बनाया है। भाजपा ने पिछले चुनाव में कुल 303 सीटें जीती थीं। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए ने इस बार लोकसभा चुनाव के लिए अबकी बार 400 पार का नारा दिया है। प्रधानमंत्री ने लोकसभा में भाजपा के अकेले 370 से अधिक सीटें जीतने का भरोसा जताया है। अब देखना है कि क्या वाकई एनडीए 400 पार का आंकड़ा हासिल कर सकता है या नहीं।

# आयुर्वेद को आलोचना नहीं, शोध की जरूरत

**आनंदपूर्ण** जीवन मनुष्य की स्वाभाविक इच्छा है। इसके लिए शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य जरूरी है। स्वस्थ जीवन और दीर्घायु सबकी अभिलाषा है। वैदिक ऋषि सौ वर्ष के स्वस्थ जीवन के लिए स्तुतियां करते थे। प्राचीन काल का जीवन प्रकृति रस से भरपूर था, लेकिन आधुनिक जीवनशैली के कारण रोग बढ़ रहे हैं। रोग रहित जीवन और स्वस्थ जीवन में अंतर है। रोगी शरीर में अंतर्संगीत नहीं होता। स्वस्थ जीवन और दीर्घायु में आनंदपूर्णता है। भारत में अनेक चिकित्सा पद्धतियां हैं। आयुर्वेद आचार आधारित प्राचीन आयुर्विज्ञान है और एलोपैथी उपचार आधारित चिकित्सा विज्ञान। होम्योपैथी यूनानी सिद्धा आदि पद्धतियां भी हैं। स्वस्थ जीवन के लिए सब उपयोगी हैं, लेकिन यहां योगगुरु रामदेव पर आयुर्वेद से भिन्न चिकित्सा प्रणाली की आलोचना के आरोप हैं। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा दायर याचिका में सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने इसे गलत बताया है। कोर्ट ने पहले भी इसे गलत बताया था।

शरीर रहस्यपूर्ण संरचना है। इसकी आंतरिक गतिविधि का बड़ा भाग जान लिया गया है। चिकित्सा विज्ञानियों को इसका श्रेय है। आयुर्वेद का जन्म लगभग 4000 वर्ष ई. पूर्व ऋग्वेद के रचनाकाल में हुआ और विकास अथर्ववेद (3000 ई.–2000 ई.पूर्व) में। मैकडनल और कीथ ने 'वैदिक इंडेक्स' में लिखा है, 'भारतीयों की रुचि शरीर रचना संबंधी प्रश्नों की ओर बहुत पहले से थी। अथर्ववेद में अनेक अंगों के विवरण हैं और यह गणना सुव्यवस्थित है।' अथर्वेद आयुर्वेद का वेद है। इन लेखकों ने आयुर्वेद के दो आचार्यों चरक व सुश्रुत का उल्लेख किया है। अथर्ववेद में सैकड़ों रोगों व औषधियों का उल्लेख है। यूरोप में एलोपैथी का विकास 17वीं सदी के आसपास हुआ। एचएस मेन ने लिखा है, 'भारतीयों ने चिकित्सा शास्त्र का विकास स्वतंत्र रूप से किया। पाणिनि के व्याकरण में विशेष रोगों के नाम है। मालूम होता है कि चिकित्सा शास्त्र का विकास उनके पहले 300 ई. पूर्व हो चुका था। अरब चिकित्सा प्रणाली की आधार शिला संस्कृत ग्रंथों के अनुवादों पर रखी गई। यूरोपीय चिकित्सा शास्त्र का आधार 17वीं सदी तक अरब चिकित्सा शास्त्र ही था।' एलोपैथी सुव्यवस्थित आधुनिक चिकित्सा पद्धति है। कहा जाता है कि इस चिकित्सा का नाम (1810 ई.) जर्मन चिकित्सक डॉ. सैमुअल हैनीमैन ने एलोपैथी रखा था। इसका अर्थ भिन्न मार्ग है। इसे पश्चिमी चिकित्सा विज्ञान/आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी कहते हैं। इसका चिकित्सातंत्र बड़ा है और शोध का दायरा भी। इसने करोड़ों लोगों को पुनर्जीवन दिया है। सर्जरी, रेडिएशन, सीटी स्कैन, एमआरआई सहित तमाम घटक विस्मयकारी हैं। कोरोना महामारी के दौरान जीवन की परवाह त्यागते हुए उपचार करने वाले वैज्ञानिक, चिकित्सक व पैरा मेडिकल स्टाफ प्रशंसनीय रहे हैं।

आयुर्वेद आयु का विज्ञान है। यह चिकित्सा विज्ञान होने के साथ स्वस्थ रहने की जीवनशैली भी है। चरक संहिता आयुर्वेद का प्रतिष्ठित ग्रंथ है। संहिता की शुरूआत जीवन सूत्रों से होती है। बताते हैं, यहां बताए गए स्वस्थव्रत का पालन करने वाले 100 वर्ष की स्वस्थ आयु पाते हैं। आरोग्य सुख है और रोग दुख। दुख का कारण रोग है। फिर रोगों का कारण बताते हैं, 'इंद्रिय विषयों का अतियोग, अयोग और मिथ्यायोग ही रोगों के कारण हैं।' रोगों से बचने के लिए जीवनशैली पर जोर है। यह प्राकृतिक होनी चाहिए। कोरोना महामारी के समय रोग निरोधक



लेखक : हृदयनारायण दीक्षित
यूपी विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष

शक्ति की चर्चा थी। चिकित्सा विज्ञान में इसकी प्रभावी दवा नहीं है। आयुर्वेद में गिलोय सहित अनेक औषधियां रोग निरोधक शक्ति बढ़ाने वाली कही जाती थीं। महामारी की अवधि में ऐसी औषाधियों की मांग बढ़ी। अश्वगंधा, जटामांसी, गुग्गुल जैसी औषधियों का प्रयोग बढ़ा। चाय की जगह काढ़ा शिष्टाचार बना। चरक संहिता में सैकड़ों रोगों के उपचार हैं। अवसाद की भी औषधि है।

अथर्ववेद के ऋषि ज्वर उत्ताप पर भी सजग थे। कहते हैं, 'कुछ ज्वर एक दिन छोड़कर, कुछ दो दिन बाद आते हैं। ज्वर अपने साथ परिवार भी लाता है। यह अपने भाई कफ के साथ आता है। खांसी इसकी बहन है। राजयक्ष्मा भतीजा है। इनकी औषधियां हैं।' कोरोना के समय रोगी को समाज से अलग रखा जाता था। अथर्ववेद (2.9) में कहते हैं, 'रोग के कारण समाज से अलग रहे ये व्यक्ति पुन: जनसंपर्क में जाए।' आयुर्वेद में शरीर की रोग निरोधक क्षमता बढ़ाने की औषधियां हैं। माना जाता है कि इस क्षमता को बढ़ाकर रोगों को रोका जा सकता है। एलोपैथी में शरीर का तापमान बढ़ने पर पैरासीटामाल दी जाती है। एंटीबायटिक भी देते हैं। इन औषधियों का बुरा प्रभाव होता है। एसीटाइल सैलिसिलिक एसिड रक्त को तरल बनाने की दवा बताई जाती है। चिकित्सक इसे हार्ट अटैक से बचने की दवा भी बताते हैं। इसके प्रयोग के भी खतरे हैं। आयुर्वेद में रक्त तरलता की औषधियां हैं। आधुनिक चिकित्सा में साइड इफेक्ट बड़ी समस्या है, पर ऐसी छोटी बातों से कोई पद्धति हेय या श्रेय नहीं हो जाती। रोग मुक्ति के लिए औषधियों की उपयोगिता है। स्टरायड खतरनाक दवा है। संभवत: इसका प्रभावी विकल्प नहीं है। ऐसे मामलों में शोध की आवश्यकता है।

आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में निरंतर शोध चलते हैं। अभी भी चल रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन संसूचित रहता है। पहले वैज्ञानिक शोध और फिर किन्हीं जीवों पर प्रभाव का आकलन। फिर मनुष्यों पर दवा के प्रभाव का आकलन। यह अच्छी बात है। लगातार शोध से चिकित्सा विज्ञान समृद्ध होता है, लेकिन आयुर्वेद में शोध की आत्मनिर्भर व्यवस्था नहीं है। यूं भारत में आयुर्वेद का सम्मान बढ़ा है। ज्ञान विज्ञान क्षेत्रीय नहीं होते। वे शोध सिद्धि के बाद सार्वजनिक संपदा बन जाते हैं। आयुर्वेद आयु का वेद है। इसमें भोजन, पाचन, श्वसन, चिंतन, तनाव, स्मृति और निद्रा भी स्वस्थ रहने के विषय हैं। आयुर्वेद का प्रभाव भी अंतरराष्ट्रीय हो चुका है, लेकिन इसमें भी शोध की आवश्यकता है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान और आयुर्वेद सहित अन्य चिकित्सा प्रणालियों में कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है। सबका उद्देश्य मानवता का स्वास्थ्य है। सभी पद्धतियों को परस्पर ज्ञान का आदान–प्रदान करना चाहिए। योग गुरु सहित किसी भी महानुभाव को इस या उस चिकित्सा प्रणाली की आलोचना का कोई अधिकार नहीं है। ज्ञान अपना–पराया नहीं होता।

सभी पद्धतियों का लक्ष्य एक है। सबकी अपनी विशेषता है। सभी विज्ञान हैं, लेकिन सीमा भी है। डाइबिटीज से विश्व का बड़ा भाग पीड़ित है। इस रोग को समाप्त करने की दवा नहीं है। पारकिंसन (कंपन रोग) की भी दवा नहीं है। इन्हें संयत करने की दवाइयां आजीवन खानी पड़ती हैं। मस्तिष्क की गतिविधि का बड़ा भाग अज्ञेय है। मानव मस्तिष्क जटिल संरचना है। सुख, दुख, ज्ञान व बुद्धि की अनुभूति मस्तिष्क क्षेत्र की गतिविधि से होती है। सुनते हैं कि प्रार्थना का प्रभाव गहन होता है। अवसाद का जन्म और विकास मस्तिष्क में होता है। विषाद का भी। उल्लास और प्रसाद प्रसन्नता देते हैं। इसका उल्टा भी हो सकता है। संभव है कि प्रसन्नता से उल्लास आता हो। स्वप्नों का केंद्र भी मस्तिष्क है। सिगमंड फ्रायड ने 'साइको एनालिसिस' लिखी थी। फ्रायड का 'लिविडो' कामना क्षेत्र विचारणीय है। फ्रायड ने सृजन कार्य को भी लिविडो से जोड़ा था, लेकिन पतंजलि के योग सूत्रों में चित्त की पांच प्रवृत्तियों को ही सुख–दुख का कारण बताया गया है। अथर्ववेद के काम सूक्त में कविता को काम की पुत्री बताया गया है। सभी प्रणालियों को मिलाकर शोध की जरूरत है। सभी पद्धतियों के विशेषज्ञों में सतत संवाद चलते रहना चाहिए। प्राचीनता और आधुनिकता का संगम राष्ट्र जीवन के सभी क्षेत्रों में फलप्रद होता है। निंदा आलोचना का कोई औचित्य नहीं है।

नजरिया

# बिहारी क्रिकेटर कब खेलेंगे टीम इंडिया से?

**मौजूदा** भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में बिहार के दो नव युवा खिलाड़ी आकाशदीप और मुकेश कुमार ने शानदार प्रदर्शन करके अपनी प्रतिभा से क्रिकेट प्रेमियों का दिल जीत लिया, पर यह बिहार का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि दोनों खिलाड़ी बिहार की टीम से नहीं खेलते। यह दोनों खेलते हैं बंगाल की टीम से रणजी ट्रॉफी में। इसकी वजह यह है कि बिहार में क्रिकेट मैनेजमेंट तार–तार हो चुका है। आकाशदीप का संबंध बिहार के रोहतास जिले से है। आकाशदीप ने रांची टेस्ट मैच में अपनी सधी हुई गेंदबाजी की बदौलत इंग्लैंड टीम के तीन खिलाड़ियों को आउट करके सनसनी मचा दी थी। उनके दादा निशान सिंह स्वाधीनता सेनानी थे।



लेखक : आरके सिन्हा
वरिष्ठ संपादक, पूर्व सांसद

अब आकाशदीप 7 मार्च से शुरू होने वाले पांचवें और आखिरी टेस्ट मैच के लिए हिमाचल प्रदेश जाएंगे और भारतीय क्रिकेट टेस्ट टीम का हिस्सा बनेंगे। उनकी तरह ही मुकेश कुमार भी हैं। बिहार के गोपालगंज जिले में स्थित काकड़कुंड गांव के रहने वाले मुकेश कुमार का चयन टीम इंडिया में वेस्टइंडीज टूर के लिए किया गया था। मुकेश कुमार भी तेज गेंदबाज हैं। मुकेश आईपीएल में भी धमाकेदार प्रदर्शन कर चुके हैं। अफसोस कि बिहार में क्रिकेट का मैनेजमेंट बहुत बुरी स्थिति में है, इसलिए बिहार के प्रतिभाशाली खिलाड़ी अन्य टीमों का रुख करते हैं। पिछले महीने पटना में बिहार और मुंबई की टीमों के बीच रणजी ट्रॉफी का मैच हुआ तो बिहार की दो टीमें मैदान में आ गईं।

पटना के मोइनुल हक स्टेडियम में खेले गए रणजी ट्रॉफी के एलिट ग्रुप बी मुकाबले में मुंबई की टीम ने बिहार को एक पारी और 51 रन से हराया, पर यह खबर नहीं थी। खबर यह थी कि मुंबई की टीम जिस स्टेडियम में मैच खेल रही थी, उसकी हालत बेहद खराब थी। वहां पर दर्शकों के लिए बैठने तक की जगह नहीं थी। जब देश में एक से बढ़कर एक बहुत सारे स्टेडियम बन चुके हैं, तब सारे बिहार में एक भी कायदे का स्टेडियम नहीं है। बिहार को अपने पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश से ही कुछ प्रेरणा ले लेनी चाहिए। योगी सरकार के कालखंड में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी क्रिकेट और अन्य खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन करने लगे हैं। बिहार ज्ञान का प्रदेश है। बिहारी सारे देश में अपने ज्ञान से सबको प्रभावित करते हैं। बिहार को खेलों में भी लंबी छलांग लगानी होगी। इसके लिए बिहार सरकार और बिहार के समाज को साथ एकजुट होकर प्रयास करने होंगे।

## अंदाज-ए-बयां — बरसी तो

*थोड़ी ही सही, बरसी तो सही*
*इंतजार करवाया, पर बरसी तो सही।*
*उम्मीद है कि बरसती बूंदों से*
*वसुंधरा की प्यास, बुझेगी तो सही।*
*सूखे खेतों में, सरसों तो फूलेगी,*
*और धरा अब तो, मुस्कराएगी सही।*
*फसल चाहे हो या न हो*
*पशु चारा हो तो जाएगा सही।*
*चो नदियां नि:संदेह कलकल न करें*
*जल संकट, टल तो जाएगा सही।*
*मैदानों में बारिश, पहाड़ों पे बर्फ*
*पांव पसारी खुश्की, हटेगी तो सही।*
*उम्मीद है कि बसंत तो आएगा*
*नव कोंपलें अब लहलहाएंगी तो सही।*



अनिल शर्मा नील

# देश के सभी राजनीतिक मामलों और विषयों में रुचि लेना हमारा महाकर्तव्य

**'हम भारत के लोग'** बहुत ही जल्द आने वाले आम लोकसभा चुनाव से पहले और भविष्य में आने वाले सभी चुनावों के संभवत: शुभ आगमन के शुभ अवसरों के मद्देनजर यह शपथ लेते हैं (लेना ही पड़ेगा यह संकल्प) कि हम सभी राजनीतिक मामलों और राजनेताओं के प्रति और ज्यादा सतर्क, सजग और जागरूक रहेंगे ।

राजनीतिक शास्त्र व दर्शन मे एक बहुत ही महत्वपूर्ण व उल्लेखनीय उक्ति / परिभाषा है कि 'आपकी राजनीति में रुचि हो, या न हो, लेकिन राजनीति की आप में विशेष रुचि है!'



लेखक : मुमुक्षु के ठाकुर
ओबड़ी, चंबा

कुछ अच्छे, ईमानदार, समाजसेवी, समर्पित, देशभक्त नेता भी हैं हमारे देश में, लेकिन बहुत सारे राजनीतिक लोग ऐसे दुष्ट और गुरुघंटाल भी हैं कि यदि हमारी राजनीतिक जागरूकता शून्य रही तो अगले ही दिन हमारे घरों और सरकारी कार्यालयों पर किसी अन्य देश का राष्ट्रीय ध्वज दिखलाई पड़ सकता है, अर्थात कुछ दुष्ट नेता लोग रातों–रात हमारे देश को बेच देने में भी कोई संकोच न करें।

भारतीय नागरिक जो कि देश–प्रदेश, दुनिया के राजनीतिक, कूटनीतिक मामलों में रुचि नहीं लेना चाहते, वे सभी दुर्गम, दूरस्थ हिमालय की कंदराओं की ओर प्रस्थान कर कंदमूल के कड़वे–कसैले फल खाते हुए अपना जीवन–यापन करें या फिर हिंद महासागर के ठीक मध्य प्रशांत महासागर के बीचोंबीच या उत्तरी ध्रुव, दक्षिणी ध्रुव में जाकर निवास करते हुए हमें कृतार्थ करें। हम कभी भी यह भूलने का दुस्साहस नहीं कर सकते कि निरंतर सतर्कता ही स्वधीनता का मूल्य है।


सतर्कता, जागरूकता गई तो यकीन मानिए वास्तविक स्वतंत्रता भी जाती ही रहेगी। हमारी बेहतर समझ की अपेक्षा संपूर्ण राष्ट्र द्वारा अवश्य ही की जानी चाहिए। सभ्य समाज की आधुनिक से आधुनिकतम सुख–सुविधाओं का उपभोग कर आनंद लेते हुए हम उस राजनीतिक क्षेत्र से विमुख होने का कदाचित कुत्सित प्रयास नहीं कर सकते, जो मानव इतिहास के आरंभ से ही असंख्य लोगों का नकारात्क या सकारात्मक रूप से संचालन करता रहा है।

अपने बहुमूल्य मत / वोट का सदुपयोग हमें अवश्य ही करना होगा, जो कि अनिवार्य है। मतदान दिवस के शुभ अवसर पर हम छुट्टी या पिकनिक नहीं मना सकते। यदि कोई भी उम्मीदवार पसंद न हो तो 'नोटा' बटन को ही दबाएं, लेकिन उस दिन मतदान स्थल पर हम सभी कि उपस्थिति अनिवार्य है। देश के सभी राजनीतिक मामलों और विषयों में विशेष व सतत रुचि लेना हमारा विशेषाधिकार भी है और महा–कर्तव्य भी।

# लक्ष्य प्राप्ति के लिए एकाग्रता, धैर्य और समर्पण की आवश्यकता

**भक्त** शिरोमणि शबरी वनवासी भील समाज से थीं, फिर भी मातंग ऋषि के गुरु आश्रम की उत्तराधिकारी बनी। रामजी ने उनके जूठे बेर खाए। यह कथा भारतीय समाज की उस आदर्श परंपरा का उदाहरण है कि व्यक्ति को पद, स्थान और सम्मान उसके गुण और योग्यता से मिलता है, जन्म या जाति से नहीं। भक्त शिरोमणि शबरी का जन्म फाल्गुन कृष्ण पक्ष सप्तमी को हुआ था। इस वर्ष यह तिथि दो मार्च को है। उनका जन्म त्रेतायुग अर्थात रामायण काल में हुआ था। इस काल खंड की अवधि पर भारतीय वाड्मय के आकलन और पश्चिम जगत की गणना में जमीन आसमान का अंतर है, इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि माता शबरी का जन्म किस सन संवत में हुआ था। यह कथा बाल्मीकि रामायण और तुलसीकृत रामचरित मानस के अरण्य कांड में है। इसके अतिरिक्त पद्म पुराण सहित कुछ अन्य ग्रंथों में है, इसलिए माता शबरी की कथा के यथार्थ पर संदेह करने का प्रश्न नहीं उठता। यह कथानक केवल किसी घटना या रामायण काल के पात्र का विवरण भर नहीं है। यह प्रसंग सफलता प्राप्त करने के लिए समर्पण और एकाग्रता का संदेश देता है।

देवि शबरी का समर्पण गुरु सेवा में भी है और राम भक्ति में भी है। इसके साथ शबरी कथा में भारतीय समाज जीवन की व्यवस्था का यह दर्शन भी मिलता है कि भारतीय समाज जीवन में किसी को सम्मान या स्थान जन्म और जाति के आधार पर नहीं मिलता, अपितु उसके लिए गुण, कर्म और योग्यता आवश्यक है। योग्यता के आधार पर ही देवि शबरी ऋषि आश्रम की प्रमुख बनीं। उनका जन्म वनवासी भील समाज में हुआ था। जीवन की कुछ



लेखक : रमेश शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

घटनाओं से उनके मन में संसार के प्रति विरक्ति का भाव जागा और योग्य गुरु की खोज में निकल पड़ीं।

गुरु की खोज करते–करते वह मातंग ऋषि के आश्रम पहुंची। उन्हें आश्रम के भीतर जाने में संकोच हुआ तो उन्होंने आश्रम से बाहर रहकर ही गुरु सेवा का संकल्प लिया। वह उस मार्ग की सफाई करने लगीं, जिस मार्ग से ऋषि प्रतिदिन ब्रह्म मुहूर्त में स्नान के लिए जाते थे। इसके साथ वे जंगल से लकड़ियां लाकर आश्रम में पहुंचाने लगीं। मातंग ऋषि को यह जानने की जिज्ञासा हुई कि कौन से जो यह सेवा कर रहा है। शिष्यों ने खोजा और देवि शबरी को ऋषि के सामने लाए। प्रसन्न होकर मातंग ऋषि ने देवी शबरी को अपने आश्रम में स्थान दिया। देवी शबरी ने अपना जीवन गुरु सेवा में अर्पित कर दिया। ऋषि सेवा करतीं और उनके प्रवचन सुनकर प्रभु भक्ति में लीन हो जातीं। उनकी लगन और समर्पित सेवा ने उन्हें पूरे आश्रम में विशिष्ठ बना दिया। महर्षि मातंग इतने प्रभावित हुए कि वे जब अपना शरीर त्यागने लगे तो उन्होंने देवि शबरी को ही अपने आश्रम का उत्तराधिकारी बनाया। अर्थात वनवासी समाज में जन्मी स्त्री महर्षि मातंग आश्रम की उत्तराधिकारी बनीं। देवी शबरी ने ऋषि आश्रम में अपना महत्व अपनी सेवा और समर्पण से बनाया था, न कि अपने जन्म–जाति के आधार पर।

यह कथा भारतीय समाज के बारे में किए जाने वाले उन सभी दुष्प्रचारों का खंडन करती है, जिनमें कहा जाता है कि भारत में जन्म और जाति के आधार पर भेदभाव होता था और स्त्री को पढ़ने–लिखने का अधिकार नहीं था। हो सकता है कुछ अपवाद स्वरूप कुछ घटनाएं हुई हों, पर पूरा समाज ऐसा नहीं था। जैसे किसी गांव में दो–चार चोर रहते हों किंतु उन दो–चार की कहानी को प्रचारित कर पूरे गांव को बदनाम किया जाए। विदेशी विचारकों ने अपनी सत्ता को मजबूत बनाने के लिए ऐसी कूटरचित घटनाओं का उल्लेख किया और समाज को बांटने का षड्यंत्र किया। वह जन मानस में कुछ इस प्रकार बैठा कि बड़ी संख्या में भारतीय जन जन्म और जाति आधार को ही मुख्य मानने लगे। ऐसी तमाम साहित्य रचना मध्यकाल में ही हुई। यदि भारत में वनवासी समाज को हेय समझा जाता या स्त्री को शिक्षा से वंचित रखा जाता तो न देवी शबरी को ऋषि आश्रम में रहने का स्थान मिलता और न ऋषि आश्रम की उत्तराधिकारी बनतीं। वेदों की ऋषिकाएं, ऋषि आश्रम की गुरु माताएं ही नहीं, भारत में शिक्षा प्रमुख कोई देवता नहीं देवी सरस्वती हैं।

मातंग ऋषि त्रिकाल दर्शी थे। वे जानते थे कि अयोध्या में भगवान नारायण का अवतार होने वाला है और वे इसी मार्ग से निकलेंगे। महर्षि मातंग ने यह रहस्य भी केवल देवी शबरी को ही बताया था और देवी शबरी भक्ति में डूबकर रामजी की बाट जोहने लगीं। वर्षों तक राह देखी। तब उनकी साध पूरी हुई और जब रामजी आए तो वे विहल हो उठीं। इतनी विहल कि अतिथि सम्मान की सभी औपचारिकता ही भूल गईं। दौड़ कर ताजा बेर तोड़ कर लाईं। कोई खट्टा बेर प्रभु के मुंह का स्वाद न बिगाड़ दे, यह सोचकर एक एक बेर चखकर खिलाने लगीं। रामजी भी भक्ति विभोर होकर जूठे बेर भी स्वाद से खाने लगे। शबरी प्रसंग में संकल्प की सार्थकता के लिए एकाग्रता और समर्पण से कार्य करने का संदेश भी मिलता है। लक्ष्य प्राप्ति के लिए एकाग्रता, धैर्य और समर्पण की आवश्यकता होती है। देवी शबरी ने एकाग्रता और समर्पण से गुरु सेवा भी की और रामजी की प्रतीक्षा भी एकाग्रता और समर्पण से की।

# लाला हरदयाल ने अंग्रेजों के अत्याचारों के विरुद्ध जगाई अलख

**सुप्रसिद्ध** क्रांतिकारी और विचारक लाला हरदयाल की गणना उन विरले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में होती है, जिन्होंने केवल भारत ही नहीं अपितु अमेरिका और लंदन में भी अंग्रेजों के अत्याचारों के विरुद्ध जनमत जगाया था। लालाजी को अपने पक्ष में करने के लिए अंग्रेजों ने बहुत प्रलोभन दिए। उस समय की सबसे प्रतिष्ठित आईसीएस पद के प्रस्ताव भी दिया था, जिसे लालाजी ने ठुकरा दिया था। यही आईसीएस सेवा अब आईएएस के रूप में जानी जाती है।

ऐसे स्वाभिमानी राष्ट्र भक्त लाला हरदयाल जी का जन्म 14 अक्तूबर 1884 को दिल्ली में हुआ था। उनका पैतृक घर दिल्ली के चांदनी चौक में गुरुद्वारा शीशगंज के पीछे स्थित था। यह गुरुद्वारा शीशगंज उसी स्थल पर बना है, जहां औरंगजेब की कठोर यातनाओं से गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान हुआ था। परिवार के संस्कारों ने उन्हें बचपन से राष्ट्रीय, सांस्कृतिक और सामाजिक चेतना से ओत–प्रोत कर दिया था। उनकी प्राथमिक शिक्षा कैंब्रिज मिशन स्कूल में हुई और महाविद्यालयीन शिक्षा सेन्ट स्टीफन कॉलेज में हुई। वह सदैव प्रथम ही आते थे। उनकी स्मरण शक्ति अद्भुत थी। एक बार सुनकर पूरा पाठ कंठस्थ हो जाता था। उनकी गणना ऐसे विरले व्यक्तियों में होती थी जो अंग्रेजी और संस्कृत दोनों भाषाएं धाराप्रवाह बोल लेते थे। इस विशेषता ने उन्हें पूरे महाविद्यालय में लोकप्रिय बना दिया था।



बलिदान दिवस पर विशेष

लेखक : रमेश शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें। ई–मेल editoranantgyaan@gmail.com

महाविद्यालयीन शिक्षा में कॉलेज में टॉप पर रहने से उन्हें 200 पाउंड की छात्रवृत्ति मिली। इस राशि से वह आगे पढ़ने के लिए लंदन गए, जहां लालाजी ने लंदन में भारतीयों के साथ अंग्रेजों का हीनता से भरा व्यवहार देखा जिससे वह बहुत विचलित हुए। यद्यपि इसका आभास उन्हें दिल्ली के सेन्ट स्टीफन कॉलेज में भी हो गया था, पर जो दृश्य लंदन में देखा, उसे देखकर बहुत विचलित हुए और उन्होंने अपने छात्र जीवन में जाग्रति और वैचारिक संगठन का अभियान आरंभ कर दिया। भारतीय छात्रों में संगठन और जाग्रति के लिए उन्होंने संगोष्ठियों और बैठकों का कार्य आरंभ किया। वह ऐसे कार्यक्रम आयोजित करते थे, जिनमें भारतीय चिंतन की प्रतिष्ठा गरिमा और ओज के साथ हो संगठनात्मक भाव भी जाग्रत हो। लाला जी लंदन में क्रांतिकारी आंदोलन चला रहे मास्टर अमीरचंद के संपर्क में आये। उनका संपर्क क्रांतिकारी श्यामजी कृष्ण वर्मा से भी हुआ। श्याम कृष्ण ने लंदन में इंडिया हाउस की स्थापना की थी। लालाजी उसके सदस्य बन गए। क्रांतिकारियों के संपर्क और अध्ययन से लालाजी को यह भी आभास हुआ कि पूरी दुनिया में अंग्रेजों का दबदबा भारतीय सैनिकों के कारण है। जहां कभी भी सेना भेजनी होती, वहां सबसे अधिक सैनिकों की संख्या भारतीय मूल के सैनिकों की होती, लेकिन अंग्रेज उनसे सम्मानजनक व्यवहार नहीं करते थे। उनकी कुशाग्रता और सक्रियता अंग्रेजों से छुपी न रह सकी। उन्हे 1906 में आईसीएस सेवा का प्रस्ताव मिला जिसे ठुकरा कर वे लंदन में भारतीयों के संगठन और स्वाभिमान जागरण के अभियान में ही लगे रहे।

उन दिनों चर्च और मिशनरियों ने युवाओं को जोड़ने के लिए एक संस्था बना रखी थी उसका नाम 'यंग मैन क्रिश्चियन एसोसिएशन' था। इसे संक्षिप्त में 'वायएमसीए' कहा जाता था । इसकी शाखाएं भारत में भी थीं। लाला हरदयाल जी ने भारतीय युवकों में चेतना जगाने के लिए क्रांतिकारियों की एक संस्था 'यंगमैन इंडिया एसोसिएशन' का गठन किया। उनकी सक्रियता देख उन पर स्थानीय प्रशासन का दबाव बना। वह 1908 में भारत लौट आए। यहां आकर भी वह युवकों के संगठन में ही लग गये। उनका अभियान था कि भारतीय युवक ब्रिटिश शासन और सेना की मजबूती में कोई सहायता न करें। इसके लिए उन्होंने देशव्यापी यात्रा की। लोकमान्य तिलक से मिले। उन्होंने लाहौर जाकर अंग्रेजी में एक समाचार पत्र आरंभ किया। उनका समाचार पत्र राष्ट्रीय चेतना से भरा हुआ था। अंग्रेजों ने समाचार पत्र के एक समाचार के बहाने उन पर एक मुकदमा दर्ज किया। इसकी खबर उन्हें लग गई और वह अमेरिका चले गए।

अमेरिका जाकर गदर पार्टी की स्थापना की। उनका काकोरी कांड के षडयंत्र कारियों में उनका भी नाम आया। उन्हें 1939 भारत लाया जा रहा था कि रास्ते में फिलाडेल्फिया में रहस्यमय परिस्थिति में उनकी मौत हो गई। आशंका है कि उन्हें मार्ग में विष दिया गया। उनकी मृत्यु का रहस्य आज भी बना हुआ है। आखिर एक पूर्ण स्वस्थ व्यक्ति कैसे भोजन करते–करते अचानक शरीर त्याग सकता है। वह 4 मार्च 1939 का दिन था, जब लालाजी इस नश्वर संसार को त्याग कर वह परम ज्योति में विलीन हो गए।

## अपनी बात

**मधुमेह** के कारण पहाड़ों के लोगों में मोटापा बढ़ने लगा है। आधुनिक युग में लोगों की जीवन शैली काफी बदल चुकी है। सुविधाओं से भरपूर जिंदगी की लालसा हर आदमी की इच्छा बन गई है। हालांकि, आधुनिक युग में भागदौड़ तो है, लेकिन यह भागदौड़ जिंदगी को व्यवस्थित नहीं बल्कि अव्यवस्थित कर रही है। हर आदमी हद से ज्यादा मसरूफ है और यही जिंदगी बीमारी का सबसे बड़ा कारण है।

छोटी उम्र में लोग बड़ी–बड़ी बीमारियों के रोगी बन गए हैं। ऐसा नहीं कि हम इस अव्यवस्थित जीवन को व्यस्थित नहीं कर सकते हैं। इसके लिए सबसे जरूरी है अपने आप से काउंसिलिंग करना, अपने आप को समझना अपने जीवन को समझना। इसके साथ सबसे जरूरी है, जीवन में नियमित अनुशासन और व्यवस्था को लाना। जब आदमी जीवन को व्यवस्थित करने के लिए इन दो नियमों को लागू कर लेगा, वह रोग मुक्त होने लगेगा क्योंकि व्यवस्थित जीवन ही मनुष्य को शारीरिक और मानसिक रूप से सही कर सकता है। हमें नियमित रूप से व्यायाम करते रहना होगा। आजकल की भागदौड़ की जिंदगी में कुछ समय निकालकर व्यायाम जरूरी है।

– सुभाषना देवी, बैजनाथ

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# होली में भूस्खलन की जद में आए मकान

## भरमौर में भारी बारिश के कारण लैंडस्लाइड से पैदा हुआ खतरा

**ओपी शर्मा, भरमौर**


भारी बारिश के कारण भूस्खलन से क्षतिग्रस्त हुआ मकान।

भारी बारिश के कारण जनजातीय क्षेत्र भरमौर में रविवार को दो अलग-अलग जगह लैंडस्लाइड के चलते घरों को नुकसान हुआ है। शनिवार को भी भरमौर की ग्राम पंचायत रूणहकोठी में दो मकान भारी लैंडस्लाइड की चपेट में आ चुके हैं।

जानकारी के अनुसार भरमौर की ग्राम पंचायत औरा में दिलीप चंद पुत्र प्रेम लाल का मकान भी भूस्खलन की जद में आकर गिरने की कगार पर पहुंच गया है। वहीं पर तहसील होली की ग्राम पंचायत कुंआरसी के गांव हीलिंग में भी लैंडस्लाइड के चलते भारी चट्टान आने से मकान क्षतिग्रस्त हुआ है तो वहीं पर पूरे गांव को भी खतरा बरकरार है। जानकारी के अनुसार यहां पर भारी लैंडस्लाइड के चलते बड़ा पत्थर मकान पर आ गिरा है। जिसके कारण घर के लोगों ने भाग कर जान बचाई लेकिन घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। यह जानकारी प्रधान ग्राम पंचायत कुंआरसी सुरसा देवी ने दी। उन्होंने कहा कि यहां पर भारी लैंडस्लाइड के चलते एक दो मंजिला मकान पत्थर गिरने के कारण पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। औरा पंचायत प्रधान सोनी देवी ने कहा कि दिलीप चंद पुत्र प्रेम लाल का तीन मंजिला मकान भी भारी लैंडस्लाइड की चपेट में आ गया है। उनके घर के बाहर आंगन में भूस्खलन हुआ है, जिसके चलते मकान को खतरा पैदा हो गया है। यह परिवार गरीबी रेखा से नीचे आता है। प्रशासन और विभाग उन्हें जल्द राहत प्रदान करे। बहरहाल पिछले तीन दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण अब तक भरमौर में तकरीबन आधा दर्जन मकान इसकी जद में आ चुके हैं। वहीं पर लगातार हो रही बारिश के कारण कई जगह लैंडस्लाइड और जमीन धंसने का सिलसिला भी जारी है।

रविवार के दिन पठानकोट-भरमौर नेशनल हाई-वे पूरी तरह से छोटे व बड़े वाहनों के लिए बंद रहा। जिसके कारण लोगों को आने-जाने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि विभाग सड़कों को खोलने का लगातार प्रयास कर रहा है, लेकिन जगह-जगह जमीन धंसने और नालों में उफान आने के कारण सड़कों के कटने का सिलसिला जारी है। (अनंत ज्ञान)

# 48 घंटे बारिश से मुख्य मार्गों से कटे संपर्क मार्ग

## जिले में लोगों को आवाजाही के लिए मुश्किलों के दौर से गुजरना पड़ रहा




बारिश व बर्फबारी के कारण हुए भूस्खलन से बंद हुए चंबा-तीसा व चंबा-पठानकोट राष्ट्रीय उच्च मार्ग। मार्ग बंद होने से लोगों की दिक्कतें बढ़ गई हैं।

**आरके रांगड़ा, चंबा**

जिले में पिछले 48 घंटो से बारिश व बर्फबारी के कहर से मुख्य से लेकर संपर्क मार्गों का आपस में संपर्क पूर्ण रूप से कट चुका है। जिससे लोगों को आवाजाही में मुश्किलों के दौर से गुजरना पड़ रहा है। हालांकि जिला प्रशासन द्वारा एनएच से लेकर अन्य सभी मार्गों को बहाल करने के तहत राष्ट्रीय उच्च मार्ग व लोक निर्माण विभाग चंबा को दिशा-निर्देश जारी कर दिए है, लेकिन अधिकांश मार्गों पर हुए भारी भूस्खलन के चलते विभागीय कर्मियों को राहत कार्यों को करने में काफी चुनौतियों से गुजरना पड़ रहा है।

गौर हो कि जिला चंबा का मुख्य चंबा-पठानकोट राष्ट्रीय मार्ग परेल नामक स्थान के समीप बंद हो गया है। जहां राष्ट्रीय मार्ग अधीन निर्माण कार्य से भूस्खलन युक्त पहाड़ी से बड़े लहासे व मलबा सड़क में आ गिरा है। वहीं चंबा-भरमौर राष्ट्रीय राजमार्ग बग्गा से दुगार्ठी के पास बंद हो गया है। चंबा से पांगी वाया साच पास बंद है। इसी तरह चंबा-जोत-चुवाड़ी भी भूस्खलन व बर्फबारी के चलते सभी प्रकार के वाहनों के लिए बंद हो गया है। जबकि चंबा-तीसा रखालू व अन्य कई स्थलों पर भूस्खलन के कारण बंद पड़ गया है।

वहीं जिला का पर्यटक स्थल चंबा-खजियार लक्कड़ मंडी के पास भूस्खलन के कारण बंद व डलहौजी से खजियार भी बंद हो गए हैं। जिला में ऐसा कोई मार्ग नजर नहीं आ रहा है जोकि खराब मौसम के चलते भूस्खलन या फिर क्षतिग्रस्त होने के कारण बंद न हुआ है। जिन्हें खोलने के लिए संबंधी विभागों ने ताकत तो झौंक दी है, लेकिन मार्गों को खोलने में राहत कार्यों के आड़े भी खराब मौसम ही आ रहा है।

उधर इस संदर्भ में उपायुक्त चंबा मुकेश रेसपवाल ने कहा कि खराब मौसम के कारण एनएच से लेकर जिला के समस्त उपमंडलों के मार्ग जगह-जगह से बंद हुए हैं। इन्हें खोलने के लिए एनएच व लोक निर्माण विभाग चंबा को दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। जबकि लोगों से आह्वान किया है कि बिना आवश्यक घरों से बाहर न निकले व खराब मार्गों पर सफर न करें। (अनंत ज्ञान)

# गरोला में लैंडस्लाइड के कारण जंमीदोज हुआ श्मशानघाट

**अनंत ज्ञान, भरमौर**



भरमौर के गरोला में ब्यूटी में रविवार को भारी लैंडस्लाइड के चलते श्मशानघाट जंमीदोज हो गया। लगातार भूस्खलन के चलते घरों को भी खतरा पैदा हो गया है। यदि ऐसे ही बारिश रही तो आने वाले समय में यहां पर घरों को भी इसका भारी नुकसान हो सकता है। बीडीसी सदस्य पवन कुमार ने प्रशासन से राहत एवं बचाव की गुहार लगाई है। उन्होंने कहा है कि शनिवार रात से ही हो रहे लैंडस्लाइड के चलते यहां पर सारी रात लोग डर के साए में रहे। उन्होंने प्रशासन और सरकार से इस पर तुरंत से तुरंत कार्रवाई करने की मांग की है और घटनास्थल का जायजा लेने की गुहार लगाई है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस भूस्खलन को रोकने के प्रयास किए जाएं ताकि आने वाले समय में यह भूस्खलन रिहायसी घरों तक पहुंचने से पहले ही रुक जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### समोट में 221 बच्चों को पिलाई पोलियो खुराक


सीएचसी समोट में बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाने पहुंची महिलाएं।

**सिहुंता।** पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को चंबा जिले के सीएचसी समोट में शून्य से पांच साल तक के 221 बच्चों को पोलियो खुराक पिलाई गई। आशा वर्कर ने बताया कि रविवार को सुबह से शाम चार बजे तक 221 बच्चों को पल्स पोलियों की खुराक पिलाई गई। इसमें आशा वर्कर सोनिका शर्मा, नीलम कुमारी, पम्मी जरयाल के सहयोग से बच्चों को पोलियो की दवाई पिला कर अभियान को सफल बनाया। पहले दिन तीन मार्च को बूथ स्तर और चार व पांच मार्च को छूटे हुए बच्चों को टीम द्वारा घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।

### डलहौजी में 1530 बच्चों ने गटकी दवाई

**डलहौजी।** पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को डलहौजी, बाथरी एवं बलेरा में कुल 1530 बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई गई। बताते चलें विभाग द्वारा कुल 1456 बच्चों को दवाई पिलाने का लक्ष्य था परंतु डलहौजी में आए बाहरी पर्यटकों के कारण दवाई पीने वाले बच्चों की संख्या बढ़कर 1530 पहुंच गई। इस आयोजन को लेकर डलहौजी बाथरी एवं बलेरा में खास इंतजाम किए हुए थे। सुबह से ही लोग अपने बच्चों को लेकर दवाई पिलाने बूथों पर पहुंच गए और अपने बच्चों को दवाई पिलाई। डलहौजी में खराब मौसम और कंपकंपाती ठंड के बीच में भी लोगों के उत्साह में कोई कमी देखने को नहीं मिली जिसका नतीजा 1530 बच्चों द्वारा दवाई ग्रहण की। हालांकि लक्कड़ मंडी में ठंड के कारण लोग पलायन कर जाते हैं इसलिए वहां के लोग नदारद रहे। इसकी पुष्टि डॉक्टर पुनीत बाथरी द्वारा की गई है। गौर हो डलहौजी के साथ लगते पीएचसी बनीखेत में भी कुल 224 बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई गई।

### सुरेश बने सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष


सनातन धर्म सभा जिला चंबा के पदाधिकारी व सदस्य सामूहिक चित्र में।

**चंबा।** सनातन धर्म सभा जिला चंबा का चुनाव लक्ष्मीनाथ मंदिर परिसर चंबा में रविवार को हुआ। इस चुनाव प्रक्रिया में सनातन धर्म से जुड़े विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। चुनाव में सर्वसम्मति से सनातन धर्म सभा जिला चंबा का गठन किया गया। इसमें सुरेश कश्मीरी को सनातन धर्म सभा जिला चंबा का अध्यक्ष चुना गया। जबकि वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश महाजन को चुना गया। इसके अलावा नरेंद्र महाजन को महासचिव बनाया गया। इस अवसर पर सनातन धर्म सभा जिला चंबा के नवनियुक्त अध्यक्ष सुरेश कश्मीरी ने कहा कि सनातन धर्म सभा के गठन का मुख्य मकसद सनातन की समृद्ध सांस्कृतिक और धार्मिक वर्चस्व को बनाए रखते हुए सनातन का झंडा बुलंद करना है।

# मुख्यमंत्री के साथ खड़ी है युवा कांग्रेस : श्याम ठाकुर

**अनंत ज्ञान, भरमौर**



प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर चल रहे सत्ता संकट को लेकर युवा कांग्रेस भरमौर पांगी के अध्यक्ष श्याम ठाकुर ने कहा है की पूरे प्रदेश की कांग्रेस और युवा कांग्रेस इस घड़ी में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। उन्होंने कहा कि जिन बागी विधायकों ने राज्यसभा में भाजपा को वोट दिया है उनको आने वाले समय में जनता उचित जवाब देगी। यह भाजपा की सोची समझी चाल थी लेकिन वह इसमें पूरी तरह से असफल हो गई है।

श्याम ठाकुर ने कहा है कि जिन विधायकों ने कांग्रेस पार्टी के चुनाव चिन्ह से चुनाव लड़कर सत्ता हासिल की लेकिन अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि उन्होंने जरूरत के समय पर पार्टी का साथ छोड़कर विपक्ष का साथ दिया। पैसे के लालच में इन विधायकों ने अपना ईमान बेचा है। जिसे हिमाचल की जनता कतई भी सहन नहीं करेगी। उन्होंने कहा है की वर्तमान में सुक्खू सरकार पर किसी भी प्रकार का कोई भी खतरा नहीं है। उनके पास पूरा बहुमत है और यह सरकार पांच साल तक चलेगी। पूरे प्रदेश की कांग्रेस व कांग्रेस समर्थित संगठन इस घड़ी में मुख्यमंत्री के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। इस तरह की भाजपा की घिनौनी हरकत को प्रदेश की जनता भली भांति समझ गई है कि सत्ता को हथियाने के लिए भाजपा कुछ भी कर सकती है। उन्होंने कहा है कि इस घड़ी में पूरा हिमाचल मुख्यमंत्री के साथ खड़ा है। इसका जवाब आने वाले समय में लोकसभा के चुनावों में हिमाचल की जनता कांग्रेस को चारों सीटे जीत कर देगी।

# तीसा में तूफान में घरों की छतें उड़ी रिश्तेदारों के पास गुजारनी पड़ी रात

## बारिश ने बरपाया कहर, बिहाली में छह मकान हुए क्षतिग्रस्त

**आजम डार, तीसा**


नकरोड़ बाजार के पास बंद हुआ तीसा मुख्य मार्ग।

तीसा में भारी बारिश और अंधड़ के कारण ग्राम पंचायत बिहाली में छह मकान क्षतिग्रस्त हो गए। इन मकानों में रहने वाले परिवारों को अपने रिश्तेदारों के घरों में रात बितानी पड़ी। शनिवार शाम के समय बारिश ने जहां अपना कहर बरपाया तो वहीं अंधड़ ने भी लोगों की मुसीबतें बढ़ा दीं। कुछ मकानों की छतें अंधड़ के कारण उड़ गई। कुछ मकान बारिश से हुए भूस्खलन के कारण क्षतिग्रस्त हो गए।

परिवारों ने घरों से बाहर निकलकर भागकर अपनी जान बचाई। पंचायत प्रधान ने क्षतिग्रस्त मकानों का मुआयना करके इसकी सूचना प्रशासन तक पहुंचा दी है। साथ ही प्रशासन से प्रभावित परिवारों को राहत राशि प्रदान करने की मांग की है। बिहाली पंचायत के प्रधान मोहम्मद राशिद ने बताया कि शनिवार को खराब मौसम के कारण मक्खन पुत्र सवारदीन, दया राम पुत्र निर्मल, नजीम पुत्र क्यूम खान, राम लाल पुत्र बालक राम, अयूब पुत्र शुकरदीन और मौसमदीन पुत्र कर्मदीन के मकानों को क्षति पहुंची है। ये परिवार बीपीएल श्रेणी में आते हैं। ऐसे में इन परिवारों के लिए दोबारा अपना घर बनाना काफी मुश्किल होगा। इसके अलावा टिकरीगढ़ के चेतू गांव में नरेश कुमार के खेत भूस्खलन की चपेट में आने से क्षतिग्रस्त हो गए। उन्होंने भी प्रशासन से आर्थिक सहायता की गुहार लगाई है। नागरिक उपमंडल अधिकारी चुराह जोगिंद्र पटियाल ने बताया कि बिहाली पंचायत में बारिश से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए संबंधित पटवारी को मौका करने के निर्देश दे दिए गए हैं। पटवारी की रिपोर्ट पर प्रभावितों को सहायता प्रदान की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# बंदरों के आतंक से निजात मांगी

**चंबा।** ग्रामीण इलाकों में ही नहीं अब शहरी क्षेत्रों में भी बंदरों का उत्पात बढ़ गया है। हालात ऐसे हैं कि पहले ग्रामीण इलाके में जहां किसानों के खेतों में जाकर फसलें चट कर रहे थे, तो वहीं दूसरी ओर शहरी इलाकों में लोगों के कपड़े तक बंदर ले जा रहे हैं। शहर में अब लोगों ने छतों पर उठना बैठना भी छोड़ दिया हैं। यदि लोग छतों पर आते हैं तो उल्टा बंदर उनको वहां से भगा रहे हैं। सरकार के बंदरों को नियंत्रण करने में किए जा रहे प्रयास सफल नहीं हो पा रहे हैं। ग्रामीणों की तरह अब शहरवासी भी बंदरों की वजह से काफी ज्यादा परेशान हो गए है। जिला चंबा में बंदरो का आतंक थमता नजर नहीं आ रहा हैं। गांव में जहां किसानों की फसलों को नुकसान बंदर कर रहे हैं तो शहरों में लोगों की घरों में बंदरो की टोलियां कब्जा कर रही हैं। शहर निवासी उमेश कुमार, सुरेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह, राकेश कुमार, उत्तम चंद ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द उन्हें बंदरों के आतंक से निजात दिलवाई जाए।

# चुवाड़ी में जल शक्ति विभाग खुलने से लोग हुए प्रसन्न

- क्षेत्रवासियों ने विधानसभा अध्यक्ष का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, चुवाड़ी**

चुवाड़ी में जल शक्ति विभाग खुलने से लोगों में खुशी का माहौल है। लोगों ने बताया कि इससे आस पास के लोगों को काफी लाभ मिलेगा लंबे समय से चल रही यह मांग आज पूरी हुई है। इसके साथ ही रायपुर पंचायत के फगोट गांव में राजकीय उच्च विद्यालय खोलने से आसपास के गांव के बच्चों को अब 5-6 किलोमीटर दूर नहीं जाना पड़ेगा। इससे फगोट के आसपास के गांव आरू दा फेरा, चली फगोट ड्रामणी गांव के बच्चों को इस स्कूल के खोलने से लाभ मिला है। सिहुंता के जोलना में भी उच्च विद्यालय खोलने से गांव के बच्चों को दूर नहीं जाना पड़ेगा। पहले उन्हें सिमट या मोटू जाना पड़ता था। गांव वासियों ने विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया का धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि पठानिया जो बोलते हैं वह करते भी हैं। उनकी यह मांग काफी समय से थी जो कि आज पूरी हुई है। मथोलू स्कूल का दर्जा बढ़ाकर भी वहां के बच्चों को लाभ मिलेगा। आसपास के गांवों के बच्चों को पहले ओवर जाना पड़ता था।

मथुरा मोटरोला वासियों ने कुलदीप सिंह पठानिया का धन्यवाद जताया है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार से भी हमने कई बार स्कूल को अपग्रेड करने के लिए गुहार लगाई थी, लेकिन उनकी मांग को अनसुना ही किया गया। मथुरा वासियों ने बताया कि यहां से 6 से 7 किलोमीटर पैदल बच्चे स्कूल जाते थे। सिहुंता में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा अधिकारी व डेंटल मैकेनिक का एक-एक अतिरिक्त पद सृजित करने के लिए भी लोगों ने विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया का आभार जताया है।

# मुगला में बही प्रवचनों की बयार

## संत निरंकारी सत्संग भवन में महात्मा दीपक ने निहाल की संगत

**अनंत ज्ञान, चंबा**


संत निरंकारी सत्संग भवन मुगला में आयोजित सत्संग में मौजूद लोग।

संत निरंकारी सत्संग भवन मुगला में महात्मा दीपक की अगुआई में सप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ आरती वंदना से किया गया। इस मौके पर दूर दराज के गांवो कस्बों से आए सैकड़ों भक्तों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

साहो,जडेरा, राख, जांगी, मैहला, मंगला आदि क्षेत्रों से आए संतों व महात्माओं ने सदगुरु माता सुदीक्षा महाराज की शिक्षाओं को अपने विचारों व भजनों द्वारा व्यक्त किया। अंत में मंच पर विराजमान महात्मा दीपक ने कहा कि मनुष्य देह पांच भौतिक तत्वों से बनी है। यह देह एक न एक दिन खंडित होनी निश्चित ही है।

प्रकृति का एक नियम है जो कुछ भी बना है वह एक न एक दिन नष्ट हो जाना है, परंतु इसमें विराजमान जो छटा तत्व आत्मा है, जो प्रत्येक प्राणी के शरीर के अंदर होती है तभी तक वह प्राणी जीवित कहलाता है,जैसे ही यह आत्मा शरीर से निकल जाती है प्राणी के शरीर को मुर्दा कहा जाता है। महात्मा ने कहा कि मनुष्य अपना संपूर्ण जीवन धन की दौड़ में खत्म कर देता है ,जो उसके साथ जाने वाला नहीं। जब मनुष्य माता के गर्भ में उल्टा लटका होता है तो भगवान से अरदास करता है कि हे मालिक मुझे बाहर निकाल में तेरी भक्ति करुंगा परंतु जब वह संसार में आता है तो सब भूल जाता है। इस लिए महापुरुष संत जन समय-समय पर आवाज देते रहते है।

**सुरक्षा चक्र**

## उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने किया पल्स पोलियो अभियान का आगाज

# चंबा में 542 बूथों पर पिलाई गई पोलियो ड्रॉप्स

**एमएम डैनियल,चंबा**


एक बच्चे को पोलियो ड्रॉप्स पिलाकर पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ करते डीसी मुकेश रेपसवाल।

पल्स पोलियो अभियान का आगाज चंबा में रविवार को उपायुक्त मुकेश रेसपवाल ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में स्थापित बूथ पर शिशुओं को दो बूंद जिंदगी की पिलाकर किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.कपिल शर्मा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जालम सिंह भारद्वाज, टीबी विशेषज्ञ डॉ. हरित पुरी ने विशेष रूप से उपस्थिति दर्ज करवाई।

जिले में कुल आठ स्थानों पर पल्स पोलियो बूथ स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्थापित किए गए थे। इसके अतिरिक्त अभियान को कामयाब बनाने के लिए दो हजार से अधिक कर्मचारियों की तैनती की गई है। इस अवसर पर उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने विभागीय अधिकारियों को अभियान की सफलता के लिए शुभकामनाएं प्रदान की। उन्होंने कहा कि खराब मौसम के बावजूद स्वास्थ्य विभाग कर्मचारी व सहयोगी स्टाफ अभियान के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जिला चंबा में पांगी क्षेत्र को छोड़ 542 बूथों में सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन 542 बूथों में कुल आबादी पांच लाख 92 हजार 4 सौ 87 है। जिसमें 53 हजार 7 सौ 64 शून्य से पांच साल की उम्र के बच्चे हैं। उन सभी को इस अभियान के माध्यम से पल्स पोलियो दवा मुहैया की जाएगी। जबकि चार और पांच मार्च को जो बच्चे छूट जाएंगे या किसी कारणवश नहीं आ पाएंगे उनको फिर डोर कैंपेन के अंदर जाकर टारगेट किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### अभियान में पांगी को नहीं किया शामिल

प्रदेशभर सहित जिला चंबा में गत दिनों से हो रही भारी बारिश व बर्फबारी के चलते जिला के दुर्गम क्षेत्र पांगी को पल्स पोलियो अभियान के पहले चरण में शामिल नहीं किया गया है। जिसकी मुख्य वजह पांगी क्षेत्र में हो रही लगातार बर्फबारी है। इसके चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। वहीं पांगी घाटी में हो रही बर्फबारी के चलते समूचा क्षेत्र शेष विश्व से कट जाने के कारण चंबा, मनाली व जेएंडके राज्य से होकर आने वाले तीन मुख्य मार्ग पूर्ण रूप से बंद हो गए है। जिसके कारण पल्स पोलियो दवा व अभियान से जुड़े कर्मियों के लिए पांगी पहुंच पाना मुश्किल है। ऐसे में जिला प्रशासन चंबा द्वारा पल्स पोलियो अभियान में पांगी को शामिल नहीं किया गया। वहीं पांगी में यह अभियान खुले मौसम के तहत विशेष तिथि के तहत आयोजित किया जाएगा।

# किरण बाजार में तीन दिन बंद रहेगा नेशनल हाई-वे, वैकल्पिक मार्ग से होकर गुजरेंगे छोटे वाहन

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

औट-लुहरी-सैंज नेशनल हाई-वे 305 आनी के किरण बाजार के समीप सोमवार से बुधवार 3 दिनों तक वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया है। अब आनी और किरण बाजार के बीच नेशनल हाई-वे होकर तब तक कोई वाहन नहीं गुजर सकेगा, जब तक पहाड़ी ओर फंसे सारे मलबे को गिरा नहीं दिया जाता।

जनता की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एसडीएम आनी ने नेशनल हाई-वे विभाग के एक्सियन किशोरी लाल सुमन और एसडीओ आरएम शर्मा के साथ विचार विमर्श करने के बाद निर्णय लिया है कि किरण बाजार और खोबड़ा पुल के बीच ऊपर पहाड़ी में फंसे कच्चे मलबे को मजदूर लगाकर गिरा दिया जाएगा, ताकि हल्की सी बारिश में पहाड़ी पर से गिर रहे पत्थरों के कारण नेशनल हाई-वे पर आवाजाही कर रहे लोगों, वाहन चालकों की जान को खतरा न हो सके।

उधर, एसडीएम आनी नरेश वर्मा ने बताया कि नेशनल हाई-वे 305 को बंद किए जाने के दौरान छोटे वाहन वाया कोर्ट रोड-बराड़ होकर आवाजाही कर सकेंगे। जबकि एचआरटीसी और निजी बसें बराड से ट्रांशिपमेंट की जाएंगी। आनी से होकर आगे जाने वाले ट्रक या अन्य बड़ी गाड़ियां वाया रुना जुंडवा दलाश चवाई या लुहरी से दलाश चवाई होकर आवाजाही कर सकेंगे।


किरण बाजार के समीप पहाड़ी से गिर रहे मलबे का दृश्य।

## एसडीएम ने जायजा लेकर हाई-वे करवाया बंद

**बता** दें कि गत वर्ष 14 अगस्त को किरण बाजार और खोबड़ा पुल के बीच पहाड़ी दरक गई थी। जिसके बाद पिछले 8 महीनों से हल्की सी बारिश में भी पहाड़ी पर से नीचे हाई-वे पर पथरों और मलबे के गिरना शुरू हो जाता है। फलस्वरूप लोगों को जान जोखिम में डालकर आवाजाही करने पर मजबूर होना पड़ता है। वहीं शनिवार और रविवार को भी लगातार पत्थरों के गिरने के कारण हाई-वे लगातार बंद रहा। एसडीएम आनी नरेश वर्मा ने मौके का जायजा लेने के बाद यहां वाहनों की आवाजाही बंद कर दी थी।


पत्थरों को पानी के प्रेशर से निकालते हुए।

## पहाड़ी से लगातार गिर रहे पत्थर और मलबा

**रविवार** को एसडीएम नरेश वर्मा के आदेशों के बाद नेशनल हाई-वे विभाग ने मजदूरों को लगाकर मलबा हटाया भी, जबकि आनी के फायर स्टेशन से फायर ब्रिगेड के जवानों ने पानी की बौछारें डालकर मलबा हटाने का प्रयास भी किया और हाइवे को बड़ी मुश्क़्त के बाद बहाल किया गया था। बावजूद इसके पहाड़ी से पत्थर और मलबा लगातार गिरता रहा। जिसके बाद एसडीएम ने एनएच विभाग के अधिकारियों के साथ रविवार को हाई-वे को 3 दिनों तक बंद रखकर सारा मलबा हटाने का निर्णय लिया है, ताकि भविष्य में यहां होकर गुजरने वाले लोगों को किसी प्रकार का जोखिम न हो।

## न्यूज ब्रीफ

### नारी शक्ति का हौसला बर्फ पर भारी

**कुल्लू।** माइनस डिग्री तापमान के बीच में जिला कुल्लू के स्वास्थ्य विभाग की नारी शक्ति का हौसला बर्फ पर भी भारी पड़ गया। कई क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी आशा वर्कर और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को कई किलोमीटर बर्फ के बीच कई किलोमीटर पैदल चलकर जान जोखिम में डालकर उन क्षेत्रों में पहुंची।
जिला में ऐसे 37 केंद्र हैं जहां पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पहुंचकर कार्य को अंजाम दिया। इसी कड़ी में आशा वर्कर निरमा ने जरी से लेकर मलाणा गांव तक करीब 15 किलोमीटर रास्ता ऐसा तय किया और बच्चों को पोलियो रोधक बूंदे पिलाई गई। पर्यटन नगरी मनाली में पलचान क्षेत्र में 2 फीट से अधिक बर्फ की मोटी परत जमी हुई है लेकिन यहां आशा वर्कर सेना ने कड़ी चुनौती का सामना करते हुए क्षेत्र के बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाई।

### बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक

**कुल्लू।** क्षेत्रीय अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नागराज पवार ने जिले में रविवार को चलाए गए प्लस पोलियो अभियान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जिले में लगभग तीन दर्जन से अधिक पल्स पोलियो बूथों पर भारी बर्फबारी ओर बारिश के बावजूद आज पोलियो ड्रॉप पिलाई जा रही है।
इस अभियान को पूरा करने के लिए 803 टीमों का गठन किया गया और करीब 402 बूथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित किए गए थे। उन्होंने बताया कि इन सभी बूथों में जिन पर 1607 कर्मचारी 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 31521 नवजात एवं छोटे बच्चों को पल्स पोलियो ड्रॉप्स पिला चुके हैं। साथ ही उन्होंने ये भी बताया कि 10 ट्राजेन्ट प्वाइंट तथा 7 मोबाइल टीम भी इस कार्यों में लगाई गई है। जिसके द्वारा इस कार्य को अंजाम दिया जा रहा है।

### व्यापारियों ने समस्याओं से करवाया अवगत

कुल्लू : कुल्लू व्यापार मंडल ने बैठक का आयोजन ट्रक यूनियन के सभागार में आयोजित की। इस बैठक की अध्यक्षता व्यापार मंडल के प्रधान मदन लाल सूद की अध्यक्षता में संपन्न हुई तथा मुख्य संरक्षक दिनेश सेन विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित व्यापारियों ने अपनी अपनी समस्याओं से अवगत करवाया। बैठक में शहर के वार्ड नंबर 1, 2 ओर 3 की कमेटियों का गठन किया गया।
वार्ड नंबर एक से मनोज सूद को अध्यक्ष, रवि सूद उपाध्यक्ष, जय कुमार महासचिव, ईशान खन्ना सचिव तथा भरत तलवार को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं वार्ड नंबर 2 से गुंजन पाल को अध्यक्ष, साहिल उपाध्यक्ष साहिल, महासचिव विकास, सचिव जसदीप सिंह तथा कोषाध्यक्ष दीपक चौहान को चुना गया। वहीं वार्ड नंबर 3 से पुरषोत्तम चंदेल को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष नागेंद्र वैद्य, महासचिव आदित्य अवस्थी तथा बामदेव को सचिव नियुक्त किया गया। जसपाल सिंह पाल को मीडिया प्रभारी और संजीव जैन को सह मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है।

### बर्थ वेटिंग रूम का किया लोकार्पण

**कुल्लू।** मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर ने भुंतर के तेगुबेहड़ में ऑटोमेटिक बायोकेमिस्ट्री एनालाइजर मशीन व 10 बिस्तरों वाले बर्थ वेटिंग रूम का लोकार्पण किया। राष्ट्रीय प्रतिरक्षण दिवस पर तेगुबहेड़ 10 बिस्तरों वाले बर्थ वेटिंग रूम का लोकार्पण किया। इस बर्थ वेटिंग रूम के आरम्भ होने से दूर दराज क्षेत्र की गर्भवती महिलाएं यहां प्रसव से 15 दिन पूर्व दाखिल हो सकेगी तथा उन्हें यहां पर सभी प्रकार की स्वास्थ्य जांच की सुविधाएं उपलब्ध होगी। वहीं इस मशीन में 38 व्यक्तियों के एलएफटी, आरएफटी लिपिट प्रोफाइल से संबंधित लगभग डेढ़ दर्जन टेस्ट एक साथ हो सकेंगे तथा 45 मिनट में रिपोर्ट भी प्राप्त हो जाएगी।
सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के प्रति वचनवद्ध है तथा मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह ठाकुर ने इस दिशा में अनेक कदम उठाए हैं। कुल्लू विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले अन्य अस्पतालों में भी स्वास्थ्य सुविधाएं सुदृढ़ की जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नागराज पवार ने बताया कि जिले में लगभग डेट दर्जन से अधिक पल्स पोलियो बूथों पर भारी बर्फबारी के बावजूद आज पोलियो ड्रॉप पिलाई जा रही है जिसके लिए 803 टीमों का गठन कर 402 बूथ स्थापित किए गए हैं।

# भारी बर्फबारी से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**अनंत ज्ञान, कुल्लू/ केलांग**

जिला कुल्लू व लाहौल स्पीति में तीसरे दिन भी आसमान से लगातार बर्फ के फाहे गिरने का क्रम जारी रहा। वहीं, निचले क्षेत्रों में बारिश हो रही है। इस कारण जहां जन जीवन अस्त व्यस्त है वहीं, बारिश व बर्फबारी ने लोगों की दिक्कतें बढ़ा दी हैं।
जिला लाहौल स्पीति में जहां सभी सड़कें बंद हैं वहीं, कुल्लू जिला में 32 सड़कें बंद हैं जिसमें बंजार में 10, कुल्लू में 11, मनाली में सात और निरमंड में चार सड़कें शामिल हैं। इसके अलावा जिला में 36 ट्रांसफार्मर बंद होने से कई गांव में बिजली बाधित है।
उधर, लाहौल स्पीति में भी पानी, बिजली की समस्याओं से लोगों को काफी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। अटल टनल रोहतांग के दोनों छोर बर्फ से ढक गए हैं। टनल के दोनों ओर चार फीट से अधिक बर्फबारी हुई है। अटल टनल सहित मनाली की उझी घाटी व लाहौल-स्पीति में गत चार दिन से बर्फबारी का क्रम जारी है। चार दिन के भीतर रोहतांग, शिंकुला, बारालाचा व कुंजम में छह फीट बर्फबारी हो चुकी है जबकि क्रम जारी है। राहनीनाला में पांच, मढ़ी में साढ़े चार, राहलाफाल में चार, गुलाबा, धुंधी, अंजनी महादेव व फातरु में तीन, कोठी सोलंग में ढाई, पलचान, कुलंग मझाच में दो जबकि नेहरुकुंड में आधा फीट हिमपात हुआ है।

### चौथे दिन भी जारी रहा रोहतांग सहित पहाड़ों में बर्फबारी का दौर


लाहौल की तिनन घाटी में ताजा बर्फबारी के बाद बिछी बर्फ की चादर।

**लाहौल सहित कुल्लू जिले में कई जगह थमे वाहनों के पहिए**

**पेयजल व बिजली ने बढ़ाई दिक्कतें, अटल टनल में चार फुट हिमपात**

### अटल टनल पर्यटकों के लिए बंद

**बर्फबारी** के चलते पर्यटन स्थल अटल टनल पर्यटकों के लिए बंद रही लेकिन बर्फ के फाहों के बीच पर्यटक फोर बाई फोर वाहनों में सोलंगनाला जा पहुंचे। पर्यटकों ने नेहरुकुंड से लेकर सोलंगनाला तक बर्फ के फाहों का आनंद लिया। हालांकि इस बीच बारिश ने पर्यटकों की दिक्कत भी बढ़ाई लेकिन सोलंगनाला, पलचान, कुलंग व नेहरुकुण्ड में बर्फ के फाहे देख सैलानी खासे उत्साहित भी हुए। पर्यटन कारोबारी चंद्रसेन व रोशन ने बताया कि रविवार को पर्यटकों ने बर्फ के फाहों के बीच सोलंगनाला में दस्तक दी और बर्फ की खेलों का आनंद लिया।

### हालात के हिसाब से पर्यटकों को आवाजाही की मिलेगी अनुमति

**डीएसपी** मनाली केडी शर्मा ने बताया कि भारी बर्फबारी के चलते अटल टनल पिछले चार दिन से बंद है। अधिकतर पर्यटकों ने नेहरुकुंड में ही बर्फ का आनंद उठाया जबकि कुछ एक पर्यटक फोर बाई फोर वाहनों में सोलंगनाला भी पहुंचे। उन्होंने बताया कि हालात के हिसाब से ही पर्यटकों को पर्यटन स्थलों में आवाजाही की अनुमति रहेगी।

### हिमस्खलन की घटनाओं से लोग सहमे

एसपी लाहुल स्पीति मयंक चौधरी पिछले दो दिनों से भारी बर्फबारी होने के कारण ढलानदार पहाड़ी जो लाहुल घाटी के जसरथ व जोबरंग गांव के बीच में हैं। जहां से रूक रुक कर ऊपर पहाड़ी से हिमस्खलन हो कर चिनाब नदी में गिर रहा है जिससे चिनाब नदी का बहाब रुक गया है। जिला पुलिस प्रशासन की लोगों से अपील है कि चिनाब नदी से सटे गांव जोबरांग,रापे,जसरथ,तड़ंग थिरोट इत्यादि के नागरिक सावधानी बरतें एवं किसी भी आपातकालीन स्थिति में नजदीकी पुलिस चौकी या थाना में तुरंत सूचना दें।

**इन नंबरों पर आपातकाल से संबंधित सूचना करें साझा**

कंट्रोल रूम केलांग:89880-92298
डीडीएमए केलांग:94594-61355
पुलिस थाना केलांग:8988098068
पुलिस थाना उदयपुर:8988098069
पुलिस चौकी जालमा:8988098073


ताजा बर्फबारी के बाद लोगों के घरों के बाहर बिछी बर्फ की चादर।

## कुल्लू साहित्य उत्सव कोर समिति ने की समीक्षा

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

कुल्लू साहित्य उत्सव का आयोजन अब प्रति वर्ष किया जाएगा। इसके माध्यम से देश के प्रमुख लोगों को आमंत्रित कर साहित्य की विविध विधाओं पर चर्चा के माध्यम से समाज के नव-निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाएगी। यह बात कुल्लू साहित्य उत्सव कोर समिति सदस्य एवं वरिष्ठ लेखक व समीक्षक डॉ. निरंजन देव शर्मा ने मोनाल कैफे, ढालपुर, कुल्लू आयोजित हाल ही में सम्पन्न हुए कुल्लू साहित्य उत्सव-2024 की समीक्षा बैठक के दौरान कही। कुल्लू साहित्य उत्सव-2024 की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉ. निरंजन देव शर्मा ने बताया कि साहित्य का आविर्भाव भी इसी समाज से होता है, जिसे रचनाकार अपने भावों के साथ मिलाकर उसे एक आकार देता है तथा यही रचना समाज के नव-निर्माण में पथ-प्रदर्शक की भूमिका निभाने लगती है।
सफल आयोजन को लेकर विभिन्न पहलुओं पर समीक्षात्मक चर्चा हुई तथा बैठक में उपस्थित तमाम सदस्यों ने अपने विचार प्रस्तुत कर भविष्य में इसे और अधिक बेहतर बनाने का संकल्प लिया।
इस दौरान साहित्य उत्सव के समन्वयक एवं हिमतरु प्रकाशन समिति के सचिव किशन श्रीमान, सहित आदिविशेष तौर पर मौजूद रहे।


कोर समिति के सदस्य समीक्षा बैठक करते हुए।

## कटराईं में रोड पर पानी बहने से चालक परेशान

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

ऊझी घाटी में लगातार बारिश होने से कटराई के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग में लगातार पानी बह रहा है जिससे वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

गौर रहे की इसी मार्ग से स्थानीय विधायक भुवनेश्वर गौड़ के घर का रास्ता जाता है। वहीं इस इलाके के स्थानीय निवासी पुनीत, विनय, रवि, ओम, प्रकाश, मनीष, परवीन, चेतन, रिमन, संतोष ने बताया की यह मार्ग जब से बना है तब से आज तक जब भी बरसात होती है, तो इस मार्ग पर पानी ठहर जाता है जिस कारण वाहन चालकों और दो पहिया वाहनों के चालकों को खासी परेशानी उठानी पड़ती है।

उन्होंने एनएचईआई और स्थानीय विधायक से मांग की है की इस मार्ग पर बरसात के पानी की निकासी के लिए उचित कदम उठाए जाए ताकि वाहन चालकों को परेशानी न उठानी पड़े। (अनंत ज्ञान)


कटराई के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगातार बह रहा पानी।

> **मामला** मेरे ध्यान में है ओर इस बारे में एनएचईआई के अधिकारियों से बात हो गई है। जल्द से जल्द एनएचईआई 232 करोड़ की लागत से कुल्लू से मनाली के बीच दौबारा से रिमेटलिग करेगा, जिससे भविष्य में वाहन चालकों को परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी।
>
> -एसडीएम विकास शुक्ला, कुल्लू।

## राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव में द्रोणाचार्य नाटक का हुआ मंचन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

नौ दिवसीय 'कुल्लू राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव' की दूसरी संध्या संवाद थिएटर ग्रुप चंडीगढ़ के कलाकारों ने डॉ. शंकर शेश द्वारा लिखित नाटक 'एक और द्रोणाचार्य' का भव्य तथा प्रभावशाली मंचन मुकेश शर्मा के निर्देशन में किया।

स्थानीय संस्था ऐक्टिव मोनाल कल्चरल एसोसिएशन द्वारा उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र पटियाला के सहयोग से भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किए जा रहे इस नाटक में वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार, पक्षपात, राजनैतिक घुसपैठ तथा आर्थिक एवं सामाजिक दबावों के चलते बेबस चरित्र को उद्घाटित किया है।

महाभारत कालीन प्रसिद्ध पात्र द्रोणाचार्य के जीवन प्रसंगों को आधार बनाकर वर्तमान विसंगति को दिखाया गया। नाटक में गुरू द्रोणाचार्य के जीवन प्रसंगों की संवेदनशील झांकियां प्रस्तुत की गई। दूसरी तरफ प्रोफैसर अरविन्द जो हालात के साथ गुरू द्रोण की ही तरह समझौता करता दिखाया गया। दूसरी संध्या में बतौर मुख्य अतिथि एडीएम कुल्लू अश्विनी कुमार ने शिरकत की।



एडीएम अश्विनी दीप प्रज्वलित कर नाट्योत्सव का आगाज करते व कलाकार 'एक और द्रोणाचार्य' नाटक का मंचन करते हुए।

## नेशनल हाई-वे पर पहाड़ी से गिर रहे पत्थर

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

कुल्लू मनाली नेशनल हाईवे 3 पर रायसन के समीप पहाड़ी से पत्थरों के सरकने का क्रम जारी है जिस कारण वहां पर खतरा बना हुआ है। यहां अमूमन भरी धूप में भी पहाड़ी से छोटे बड़े पत्थर गिरते रहते हैं।

**कोई सुध न ली तो हो सकता है बड़ा हादसा**

नेशनल हाईवे के इस खतरे से भरे प्वाइंट की कोई सुध नहीं ले रहा है जिस कारण इस जगह पर कभी भी कोई भी बड़ा हादसा पेश आ सकता है। हालांकि पत्थर गिरने वाली जगह को दुरुस्त करने के लिए संबंधित विभागों के अलावा समाचार पत्रों के माध्यम से भी सवाल उठाए गए थे, मगर अब तक नेशनल हाईवे के इस प्वाइंट को दुरुस्त करने के बारे में कोई पहल नही हो पाई है।

स्थानीय लोगों में सड़क के साथ साथ उक्त प्वाइंट को ठीक करने के लिए इस जगह पर क्रेट वाल लगा कर उक्त प्वाइंट को वहां से गुजरने वालों के लिए सुरक्षित बनाने की मांग की है ताकि निकट भविष्य में कोई अनहोनी न हो।


सड़क पर गिरे हुए पत्थरों का ढेर जोकि सबके लिए खतरा बना हुआ है।

## सनातन धर्म सभा सुल्तानपुर का चुनाव 17 को

**कुल्लू।** सनातन धर्म सभा सुल्तानपुर के चुनाव 17 मार्च को रखे गए हैं। यह चुनाव सनातन धर्म सभा सुल्तानपुर में ही होंगें और चुनाव सुवह 11.30 बजे शुरू होंगे।

सभा के संरक्षक एवं पूर्व सांसद महेश्वर सिंह ने सभी आजीवन सदस्यों से आग्रह किया है कि इस चुनाव में समय पर आकर सभी भाग लें।

उन्होंने बताया कि किन्हीं कारणों से यह चुनाव लंबे अरसे तक नहीं हो पाए और वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल पूरा हो चुका है। नई कार्यकारिणी न बनने से सभा का कार्य पूर्ण रूपेण बाधित हो चुका है।

**संरक्षण** स्थानीय समुदायों के सहयोग से लाहौल-स्पीति स्थित केलांग में मनाया वन्य जीव दिवस

# लाहौल वन मंडल में 200 से अधिक पक्षियों की प्रजातियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल वन मंडल निरंतर ही वन्य जीवों के संरक्षण में कार्यरत रहा है , वहीं स्थानीय समुदायों के सहयोग से आज जिला लाहौल स्पीति स्थित केलांग में वन्य जीव दिवस मनाया गया। लाहौल-स्पीति में पाए जाने वाले वन्य जीवों व पक्षियों की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है।
लाहौल वन मंडल में पाए जाने वाले वन्यजीवों में मुख्यत: बर्फानी तेंदुआ, तिब्बती भेड़िया, हिमालय भूरा भालू, हिमालय काला भालू, कस्तूरी मृग, हिमालय आइबेक्स, हिमालय ताहर, हिमालय लाल लोमड़ी आदि जीव शमिल हैं व अब तक 200 से अधिक पक्षियों की प्रजातियां लाहौल वन मंडल में दर्ज की गई हैं।
अनिकेत वानवे उप वन संरक्षक लाहौल वन मंडल ने बताया कि लाहौल वन मंडल में वन्य जीवों और स्थानीय लोगों के बीच सौहार्दपूर्ण माहौल रहा है, वन्य जीवों द्वारा स्थानीय लोगों के माल मवेशियों के नुकसान किये जाने पर, सरकार द्वारा तय मुआवजा राशि प्रदान किया जाता है, पिछले कुछ वर्षो में घाटी में फसल चक्र में हुए परिवर्तन के कारण अब कुछ जगहों पर मानव-वन्यजीव संघर्ष की स्थिति उत्पन्न हुई है जो मुख्य भूरा भालू के खेतों व सेब बगीचों के आस पास आ जाने के कारण है जिससे मटर, सब्जियों, सेब के पौधों का नुकसान पाया गया है द्य इस स्थिति से निपटने के लिए वन मंडल लाहौल में वर्ष 2024-25 में प्राइमरी रेस्पॉन्स टीम का गठन किया जाएगा, जिन्हें आधुनिक उपकरणों के प्रयोग से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा जो स्थानीय लोगों के साथ मिलकर वन्य जीवों को उनके खेतों/बगीचों से दूर रखने व घायल वन्य जीवों को बचाने का कार्य करेंगे। लाहौल वन मंडल व कृषि विभाग सोलर फेंसिंग लगाने के लिए स्थानीय लोगों की मदद करेगा।


स्पीति उपमंडल में पाए जाने वाला बर्फानी तेंदुआ।

### वन्य जीवों के संरक्षण में सहयोग जारी रखने की अपील

अनिकेत वानवे उप वन संरक्षक लाहौल वन मंडल ने बताया कि लाहौल में कुछ ऐसे वन्य जीव पाए जाते हैं जो विलुप्तप्राय हैं या विलुप्ति का खतरा है, इनके संरक्षण के लिए भारत सरकार व प्रदेश सरकार प्रयासरत हैं। इनका संरक्षण व संवर्धन करना हर व्यक्ति का भी मौलिक कर्तव्य है। हमें अपने व वन्य जीवों में सामंजस्य स्थापित करने की आवश्यकता है। लाहौल वन मंडल में भी वन्य जीव पर्यटन गतिविधियों की अपार संभावनाएं हैं, जो आने वाले समय में स्थानीय लोगों के रोजगार, आजीविका उपार्जन में मुख्य भूमिका निभा सकता है। विश्व वन्य जीव दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने सभी से वन्य जीवों के संरक्षण में सहयोग जारी रखने की अपील की है।

## महिला दिवस पर कुल्लू की दो पत्रकार होंगी सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला स्तरीय महिला दिवस पर कुल्लू की दो पत्रकार महिलाएं पूजा कश्यप व महिमा शर्मा सम्मानित होगी। प्रेस क्लब कुल्लू द्वारा इस वर्ष नवोदित महिला पत्रकारों के नाम जिला प्रशासन को दिए गए हैं, जो फाइनल हो गए हैं।

प्रेस क्लब के प्रधान धनेश गौतम ने बताया कि इससे पहले यह आवार्ड शालिनी रॉय भारद्वाज,नीना गौतम,कमलेश वर्मा, रेणुका गौतम, प्रियंका, आशा डोगरा, सृष्टि शर्मा, पूजा ठाकुर, लवलीन थरमाणी, सपना शर्मा, गीता, मधु आदि को प्राप्त हो चुके है। इस वर्ष दो नवोदित महिला पत्रकारों के नाम फाइनल किए गए हैं। पूजा कश्यप ने 2021 में जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन में ग्रेजुएशन कुल्लू कॉलेज से की। वर्तमान में कुल्लू के लोकल चैनल में न्यूज एंकर के तौर पर कार्य कर रही है।


पूजा कश्यप, महिमा शर्मा।

प्रधान धनेश गौतम ने कहा कि हमें गर्व है कि पत्रकारिता के क्षेत्र में नवोदित पत्रकारों का प्रवेश हो रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### गांधी चौक पर टाइलें लगाने का कार्य शुरू

**हमीरपुर।** शहर के गांधी चौक के जीर्णोद्धार का कार्य पिछले कुछ दिनों से किया जा रहा है। इसके लिए पहले पुरानी टाइलों को उखाड़ा गया है अब उनके स्थान पर नई टाइलें लगाई जा रही हैं। रविवार को गांधी चौक पर किए जा रहे कार्य का जायजा लेने के लिए नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी अजेमर सिंह ठाकुर, मनोनित पार्षद निशांत शर्मा सहित पहुंचे और ठेकेदार को काम में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि आसपास के दुकानदारों को काम के चलते और परेशान न होना पड़े। गांधी चैक टॉप पर एक एलईडी लगाई जाएगी। इसके अलावा छत्त के डिजाइन को भी चेंज किया गया है।

### भाजपा ने नियुक्त किए पांचों मंडलों में प्रभारी

**हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा ने बताया के हमीरपुर जिला से पांचों मंडलों के प्रभारी नियुक्त कर दी गई है। भाजपा जिला के उपाध्यक्ष विजय पाल सोहारु को सुजानपुर मंडल जिला उपाध्यक्ष, अभय वीर सिंह लवली को बड़सर मंडल जिला सचिव, पवन शर्मा को भोरंज मंडल जिला सचिव, विनोद ठाकुर को नदौन मंडल जिला सचिव, अनिल शामा को हमीरपुर मंडल का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

### युवा चौपाल में दी मोदी की गारंटियों की जानकारी

**हमीरपुर।** भाजयुमो द्वारा पूरे भारत में चलाए जा रहे युवा चौपाल के अंतर्गत हमीरपुर में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजयुमो जिला हमीरपुर के अध्यक्ष कपिल शामा व जिला हमीरपुर के प्रभारी व प्रदेश सचिव रोहित ठाकुर ने मंडल हमीरपुर में युवा चौपाल का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटियों की लाभार्थियों को जानकारी दी, जिसमें युवाओं को पिछले 10 साल में मोदी सरकार के द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों से अवगत करवाया गया। कार्यक्रम में जिला मीडिया प्रभारी रोहित ठाकुर वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

### रविंद्र बने हिमाचल प्रदेश एनसीपी के प्रदेशाध्यक्ष

**हमीरपुर।** एनसीपी के महासचिव व राष्ट्रीय प्रवक्ता बृजमोहन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में रविवार को तीन राज्यों हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़ व पंजाब के प्रदेश अध्यक्षों व पदाधिकारियों के साथ लगभग चार घंटे संगठनात्मक विषय पर बैठक हुई। इस बैठक में हिमाचल प्रदेश के ताजा राजनीतिक हालतों पर बृजमोहन श्रीवास्तव ने रविंद्र सिंह डोगरा से चर्चा की और उन्हें एनडीए गठबंधन में पुनः एनसीपी हिमाचल की कमान संभालने तथा लोकसभा में बीजेपी प्रत्याशी को जिताने में योगदान देने को कहा है।

### थाना दरोगन-सरकाघाट तक एनएच बना दलदल

**टौणीदेवी।** लागातार हो रही बारिश की वजह से हमीरपुर से टौणी देवी वाया अवाहदेवी राष्ट्रीय राजमार्ग थाना दरोगन से सरकाघाट तक दलदल बन चुका है। इस कारण एनएच पर वाहन चलाना मुश्किल हो गया है। दलदल से दोपहिया वाहन चालक गिरकर घायल हो रहे हैं। बारिश की वजह से जगह-जगह सड़क पर पानी भरा हुआ है। गौर रहे कि बीते दो सालों से बना रहे इस राष्ट्रीय राजमार्ग में मात्र 10 से 12 किलोमीटर सड़क को ही पक्का किया गया है और कार्य कछुआ गति से चला हुआ है। जिसका खमियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। जनता की मांग है कि सड़क के कार्य को तीव्रता से करने के कंपनी को कड़े निर्देश दिए जाएं।

### वेद मंत्रों से शिवमय हुआ नादौन का वातावरण

**नादौन।** नादौन क्षेत्र के पवित्र तीर्थ स्थल पूज्य मौनी बाबा कुटिया में शिवकथा प्रांगण के शिवालय में प्रतिदिन शिवार्चन, रुद्राभिषेक आदि पूजन वैदिक विधि से संपन्न हो रहा है, जिसमें पवित्र वेद ध्वनि से दिव्य-वातावरण का सृजन हो रहा है। बता दें कि कनखल (हरिद्वार) से पधारे कथाव्यास नैष्ठिक ब्रह्मचारी गोविंद चैतन्य जी महाराज ने कथा के प्रथम दिवस के उपलक्ष्य पर शिवपुराण के माहात्म्य को बताते हुए कहा कि शिवकथा के श्रवण से अंतकरण की शुद्धि होती है तथा कथा श्रोता शिवभक्ति पाकर शिवपद को प्राप्त कर लेते हैं। इस उपलक्ष्य पर प्रसिद्ध विद्वान केसी मदान, रत्न चंद शर्मा, देवराज, राजकुमार, रामस्वरूप, संतोष आदि उपस्थित रहे।

### स्टूडेंट्स को जीव-जंतुओं के संरक्षण प्रति किया जागरूक

**हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के जूलॉजी विभाग ने विश्व वन्यजीव दिवस का आयोजन किया। विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. नेहा ने बताया दुनियाभर में तेजी से विलुप्त हो रहे पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से यह दिवस मनाया जाता है। इस दिन लोगों को जंगली वनस्पतियों और जीवों की विभिन्न प्रजातियों के संरक्षण के फायदे बताए जाते हैं। दुनियाभर में गायब हो रही वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की प्रजातियों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हर साल तीन मार्च को विश्व वन्यजीव दिवस यानी वर्ल्ड वाइल्डलाइफ-डे मनाया जाता है। इस अवसर पर विभाग के छात्रों ने पोस्टर बनाकर वन्य जीव संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं के संरक्षण के लिए जागरूक किया।

### बायो-मेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन पर दिया प्रशिक्षण

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, क्षेत्रीय प्रयोगशाला, ऊना के वैज्ञानिकों ने एसडीएएमओ कार्यालय बड़सर में बड़सर ब्लॉक के आयुर्वेदिक अधिकारियों के लिए बायो-मेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन पर प्रशिक्षण का आयोजन किया। आयुर्वेदिक चिकित्सा के लिए जिला आयुर्वेदिक अस्पताल हमीरपुर में भी इसी तरह का प्रशिक्षण दिया गया। जिला आयुर्वेदिक अस्पताल में कार्यरत एसएफएफ सहित ब्लॉक हमीरपुर और नादौन के अधिकारी। प्रशिक्षण में बायो-मेडिकल वेस्ट नियमों के प्रावधानों को पूरा करने और आयुष विभाग के अधिकारियों के मन में मौजूद शंकाओं को दूर करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न शंकाओं का समाधान किया गया।

# सिविल अस्पताल भोरंज के बरामदे में दी जा रही आपातकाल सेवाएं

## मरीजों को करना पड़ रहा है दिक्कतों का सामना, अस्पताल का नया भवन बनकर तैयार फिर भी नहीं मिल रही सुविधाएं

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

प्रदेश सरकार लोगों स्वास्थ्य सुविधाओं देने के लिए पूरा प्रयास कर रही है, फिर भी मरीजों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। यहां तक की करोड़ो रुपए से नए भवन भी बनकर तैयार हो गए हैं, फिर भी पुराने भवन में ही मरीजों की जांच की जा रही है और बरामदे में ही आपातकालीन सेवाएं दी जा रही हैं।

सिविल अस्पताल भोरंज की बात करें तो यहां पर बरामदे में ही आपातकाल सेवाएं मरीजों को दी जा रही है। अस्पताल के बरामदे में ही एक बैड लगाया गया है जहां पर मरीजों का उपचार किया जाता है। ऐसे में बारिश और ठंड में मरीज को बरामदे में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। हालांकि सिविल अस्पताल भोरंज के करोड़ों रुपए की लागत से नया भवन भी तैयार हो चुका है और इस नए भवन का उद्घाटन भी हो चुका है, लेकिन फिर भी बरामदे में ही आपातकालीन सेवाएं दी जा रही हैं।


सिविल अस्पताल भोरंज के बरामदे में आपातकाल सेवाओं के लिए लगाया गया बैड।

इसके अलावा आपातकाल में सेवा देने वाले डॉक्टर का कमरा पहली मंजिल पर है जबकि नर्सें दूसरी मंजिल पर बैठती हैं ऐसे में मरीज के साथ आए तीमारदार को पर्ची बनाने के लिए पहले दूसरी मंजिल पर जाना पड़ता है, उसके बाद डॉक्टर के पास दिखाने के लिए जाना पड़ता है, जबकि आपातकाल में सेवाएं देने वाले डॉक्टर और स्टाफ एक ही मंजिल पर होना चाहिए। आपातकाल में डॉक्टर द्वारा लिखी गई दवाई भी अस्पताल में बने उचित मूल्य की दुकान में नहीं मिलती है, रात के समय तीमारदारों को अस्पताल के बाहर मेडिकल स्टोर से दवाई लानी पड़ती है।

गौर रहे कि सिविल अस्पताल भोरंज का नया भवन करोड़ों रुपए से बनकर तैयार हो गया है और इसका उद्घाटन भी हो चुका है, लेकिन फिर भी नए भवन में शिफ्ट नहीं किया गया है। जिससे अस्पताल में आने वाले मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। (अनंत ज्ञान)

> **नया** भवन तो तैयार हो गया है, लेकिन उसमें फर्नीचर नहीं लगा है। उन्होंने बताया कि फर्नीचर लगाने की प्रपोजल स्वास्थ्य निदेशालय को भेज दी है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में लगभग डेढ़ करोड़ रुपए से फर्नीचर लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि नए भवन में 5-7 दिनों में ही शिफ्ट कर दिया जाएगा।
> -डॉ. ललित कालिया, बीएमओ भोरंज अस्पताल

# भरेड़ी स्कूल से अमित ने किया सिंगापुर का शैक्षणिक भ्रमण

**भरेड़ी।** समग्र शिक्षा के स्टार प्रोजेक्ट कार्यक्रम के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश के 100 शिक्षक सिंगापुर के पांच दिवसीय भ्रमण पर थे। इसमें भोरंज ब्लॉक से टीजीटी मेडिकल अमित कुमार ने सिंगापुर में नवीनतम विधाओं की कार्य प्रणाली के बारे में जाना। अमित कुमार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरेड़ी में अध्यापक हैं। प्रथम दिवस सभी शिक्षकों ने सिंगापुर के प्रसिद्ध यूनिवर्सल स्टूडियो पर नाइट सफारी का अवलोकन किया। दूसरे दिन के कार्यक्रम में सिंगापुर की प्रिंसिपल अकादमी के प्रोफेसर डॉ. जोसेफ यो ने शिक्षण के नवीनतम विधाओं की जानकारी सिंगापुर के हॉली-डे इन के ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित कार्यशाला में दी। तीसरे दिन विविध परिसरों व युशफ इशाक सीनियर सेकेंडरी स्कूल का अवलोकन कर वहां की शिक्षा प्रणाली का परिचय करवाया गया।


सिंगापुर में अमित कुमार को सम्मानित करते हुए।

# मुख्यमंत्री सुक्खू ने बड़सर में दी बड़ी सौगात

**अनंत ज्ञान, बिझड़ी**

> बड़सर के ढटवाल क्षेत्र बिझड़ी में लोक निर्माण विभाग का उपमंडल मंजूर

बड़सर क्षेत्र के लिए विधायक ने जो भी मांगा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू उन सभी मांगों को पूरा किया। यह बात बड़सर क्षेत्र के कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों ने संयुक्त बयान में कही। उन्होंने कहा कि एक माह के भीतर ढटवाल क्षेत्र के बिझड़ी में लोक निर्माण विभाग का उपमंडल दिया जो ढटवाल क्षेत्र के लिए एक बड़ी सौगात है।

बड़सर के विधायक आरोप लगा रहे हैं कि मुख्यमंत्री हमारी नहीं सुनते हैं, जबकि बड़सर क्षेत्र में अभी तक विभिन्न विभागों में करोड़ों रुपए के बजट को मंजूरी प्रदान की है। इस सारी राशि के काम उनके कहने से ही हो रहे थे, जबकि 400 के लगभग स्थानांतरण विधायक के कहने से हुए। यह कहना गलत है कि बड़सर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को दरकिनार किया जा रहा है और ज्यादातर काम कांग्रेस विरोधियों के किए जा रहे थे। कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों में पूर्व विधायक मनजीत सिंह डोगरा, नितिन शर्मा, प्रदेश सचिव कांग्रेस कमल पठानियां, सर्मिला पटियाल, उपाध्यक्ष नरेश लखनपाल, विपन ढटवालिया सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने कहा कि बड़सर में मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व कांग्रेस पार्टी स्थिर है और सभी पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल के फैसलों की सराहना की है। बिझड़ी में लोक निर्माण विभाग के उपमंडल का कार्यालय खोलने पर जिससे ढटवाल क्षेत्र की लगभग 24 पंचायतों के लोगों को लाभ मिलेगा। इस कार्य के लिए सभी ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का धन्यवाद किया है।

### बड़सर में आरटीआई से हुए खुलासों की जांच करवाएं मुख्यमंत्री : ढटवालिया

**बिझड़ी।** आरटीआई एक्टीविस्ट परमजीत ढटवालिया ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से मांग की है कि बड़सर में जो आरटीआई से खुलासे हुए हैं उनकी जांच करवाई जाए। उन्होंने कहा कि विधायक की वजह से इनकी जांच नहीं हो रही थी। ढटवालिया ने कहा कि अभी हाल ही में जो बड़सर विधानसभा क्षेत्र से कृष्ण कुमार वन विभाग में ठेकेदारी करता है और अवैध कटान के चलते विभाग द्वारा ब्लैक लिस्ट किया हुआ था और फिर अपनी पत्नी के नाम से काम कर रहा था। अभी कुछ दिन पहले भी अवैध कटान और शराब के कारोबार में भी जुर्माना हो चुका है ऐसे व्यक्ति को ही विधायक ने वन निगम का निदेशक बनवाया हुआ है। सरकार की गरिमा के मद्देनजर इसे भी इस पद से मुक्त किया जाए।

### युवक मंडल ने मतदाताओं को घर-घर जाकर किया जागरूक

**भोरंज।** नेहरू युवा केंद्र हमीरपुर के सौजन्य से विधानसभा क्षेत्र भोरंज के युवक मंडल बधानी के पदाधिकारियों व सदस्यों ने मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत रैली निकाली व डोर-टू-डोर अभियान शुरू किया। युवक मंडल बधानी के प्रधान राज कुमार ने बताया कि नेहरू युवा केंद्र हमीरपुर के सौजन्य से युवक मंडल बधानी द्वारा नव मतदाताओं को वोट का महत्व के बारे में बताया। इसके साथ जनता को लोकतंत्र में अपनी भागिदारी सुनिश्चित करने और शत प्रतिशत मतदान में अपना योगदान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारत को एक विकसित और समृद्ध देश बनाने में मदद करने के लिए हर एक नागरिक का वोट जरूरी है।

### हमीरपुर के तीनों विधायकों ने मुख्यमंत्री की खिलाफत करने पर जताया दुख

**भोरंज।** भोरंज विधानसभा की ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्षा संगीता शर्मा, सचिव सुशील शर्मा, संयुक्त सचिव सविता मिन्हास, उषा बन्याल, सुदेश चंदेल, भागां देवी आदि ने संयुक्त बयान में हमीरपुर के तीनों विधायकों द्वारा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह के नेतृत्व वाली सरकार को गिराने की साजिश को घिनौनी राजनीति करार दिया है। इन विधायकों ने जिला हमीरपुर के मान-सम्मान को ठेस पहुंचाई है। सभी कार्यकर्ताओं ने भोरंज विधानसभा के विधायक सुरेश कुमार का आभार प्रकट किया जो मुख्यमंत्री के साथ साए की तरह खड़े रहे हैं।

### सेंटर स्कूल के पास सीएम का होर्डिंग फाड़ने पर मामला दर्ज

**हमीरपुर।** जिला के तीन विधायकों को लेकर पहले ही तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है वहीं सेंटर स्कूल के पास शरारती तत्वों ने मुख्यमंत्री का होर्डिंग को फाड़ दिया है। मुख्यमंत्री के होर्डिंग फाड़ने को लेकर सदर थाना हमीरपुर में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस शनिवार रात को गस्त कर रही थी तो उस समय सेंटर स्कूल के पास लगाए गए होर्डिंग को देखा तो उसे शरारती तत्वों द्वारा फाड़ दिया था।

# अविश्वास प्रस्ताव के लिए डीसी ने एसडीएम को दिए आदेश

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर नगर परिषद में अविश्वास प्रस्ताव के लिए डीसी अमरजीत सिंह ने एसडीएम मनीष सोनी को 15 दिनों के भीतर बैठक बुलाने के आदेश दिए हैं। मतलब साफ है कि पहली मर्तबा इस नगर परिषद में अविश्वास प्रस्ताव के लिए बहुत जल्दी बैठक होगी।

उधर, मौजूदा अध्यक्ष मनोज मिन्हास कुर्सी बचाने के लिए जद्दोजहद में जुट गए हैं। भाजपा के पूर्व विधायक नरेंद्र ठाकुर के समर्थक मिन्हास के लिए इस बार अजीबो-गरीब स्थिति पैदा हो गई है, क्योंकि भाजपा से ताल्लुक रखने वाले पार्षदों की संख्या यहां पर सबसे ज्यादा हैं। कांग्रेस समर्थक तो केवल दो ही हैं। फिर भी 11 में से 10 पार्षदों ने अविश्वास प्रस्ताव का जो बिगुल बजाया है, निश्चित रूप में उसकी आवाज जोर से सुनाई दे रही है। गौरतलब यह है कि पिछले विधानसभा चुनाव के समय भी भाजपा समर्थित पार्षदों ने मनोज मिन्हास को बदलने के लिए तत्कालीन विधायक नरेंद्र ठाकुर पर दबाव बनाया था, लेकिन बात सिरे नहीं चढ़ पाई थी। हालांकि उसका नुक्सान ठाकुर को विधानसभा चुनावों के समय भी भुगतना पड़ा था। कारण साफ है कि विरोध तो शुरू से ही रहा है, लेकिन सत्ता के आगे भाजपा समर्थित पार्षद कुछ कर नहीं पाए थे। अब मौजूदा कांग्रेस सरकार को आए हुए भी सवा साल हो चला है, लेकिन लंबे इंतजार के बाद यह उल्ट-फेर अब शुरू हुआ है।



डीसी अमरजीत सिंह व मनोज मिन्हास।

उधर, डीसी अमरजीत सिंह ने अविश्वास प्रस्ताव के पत्र के संबंध में एसडीएम हमीरपुर को आदेश जारी हो गए हैं। 15 दिनों के भीतर बैठक बुलाने को कह दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

# मुख्यमंत्री ने ओल्ड पेंशन देकर संवारा कर्मचारियों का भविष्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पुरानी पेंशन स्कीम बहाल कर प्रदेश के लाखों कर्मचारियों और पेंशनरों का भविष्य संवारा है। आर्थिक और राजनीतिक संकट के बीच भी मुख्यमंत्री ने बजट इन घोषणाओं को अमलीजामा पहनाया है। महंगाई भत्ते की अधिसूचना एडवांस जारी कर दी है, ताकि आचार संहिता में डीए देने में कोई दिक्कत न आए। डीए के एरियर पर भी अलग आदेश लेने हेतु कहा गया है और शिक्षा विभाग में शिक्षक और गैर-शिक्षक वर्ग के मानदेय बढ़ाने के लिए भी विभागीय मंत्री के माध्यम से सिंगल प्वाइंट नोट पर आज्ञा मिलेगी जिससे मानदेय बढ़ाने में विलंब नहीं होगा। पूर्व सरकार ने वित्तीय संकट न होने के बावजूद एक साल में डीए की देय दो किश्तें नहीं दी थीं जबकि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खु ने 16 माह के कार्यकाल में डीए की दो किश्तें घोषित की हैं। जबकि अत्याधिक आपदा के चलते केवल एक किश्त अपने कार्यकाल में वे घोषित नहीं कर सके।

राजकीय टीजीटी कला संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, प्रदेश महासचिव विजय हीर, स्टेट डेलीगेट्स संजय ठाकुर आदि ने कहा कि मुख्यमंत्री ने कंप्यूटर शिक्षकों और एसएमसी शिक्षकों के कल्याण हेतु भी नीति बनाने के लिए वैधानिक राय मांगी है और शिक्षा विभाग में शिक्षकों को सिंगापुर में शैक्षिक भ्रमण हेतु भेजा है जो कि पहली बार किया गया प्रयास है। संघ ने गत दिनों मुख्यमंत्री से तबादलों पर प्रतिबंध हटाने की मांग की थी जिसे अब पूरा कर दिया गया है। संघ ने मुख्यमंत्री से अपील की है कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड को स्थायी अध्यक्ष शीघ्र प्रदान किया जाए। इसके लिए औपचारिकताएं पूरी हैं और घोषणा करना ही बाकी है।

# राज्यसभा का चुनाव जीतना भाजपा की बड़ी जीत : देशराज शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा ने कहा कि लोग कांग्रेस सरकार से दुखी हो चुके थे, क्योंकि इस सरकार ने लोगों झूठी गारंटियां देकर वोट लिए थे। आज इस सरकार को बने हुए 15 महीने का समय हो गया है, लेकिन सरकार ने एक भी गारंटी को पूरा नहीं किया है।

उन्होंने कहा कि इस बात में कोई भी संदेह नहीं है और लोग अपने विधायकों से पूछ रहे थे कि आपकी सरकार की गारंटियां का क्या हुआ। ऐसा लगता था कि विधायक भी मुख्यमंत्री की कार्यप्रणाली से और सरकार के झूठे वायदों को पूरा न करने से रुष्ट थे।

उन्होंने अपना सारा रोष राज्यसभा के चुनावों में पूरा किया। यह हमारे लिए एक बड़ी ऐतिहासिक बात है कि भारतीय जनता पार्टी 25 विधायक थे और कांग्रेस के पास 43 विधायक उसके बाद भी भाजपा का चुनाव जीतना अपने आप में एक बहुत बड़ी बात है। इसके लिए भी अपने प्रदेश नेतृत्व और राष्ट्रीय नेतृत्व को बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

वहीं, जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा ने कहा कि भाजपा के 25 विधायक और कांग्रेस पार्टी के 43 विधायक होने के बावजूद राज्यसभा के चुनाव जीतना भाजपा के लिए एक बहुत बड़ी जीत है।

# जिले में बच्चों को पिलाई दो बूंद जिंदगी की

**अनंत ज्ञान टीम, हमीरपुर/बिझड़ी**

पल्स पोलियो अभियान की स्वास्थ्य विभाग हमीरपुर द्वारा जिला हमीरपुर में जीरो से पांच साल तक के 32378 बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाने का लक्ष्य रखा था। जिसमें रविवार को 30486 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जा चुकी है। जिला पल्स पोलियो अभियान के तहत 283 बूथ स्थापित किए गए थे जिनमें बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई।

जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय जगोता ने बताया कि इस अभियान में पहले दिन पोलियो बूथ पर पोलियो की दवाई पिलाई गई तथा अगले दो दिनों तक जो बच्चे छूट गए हैं उन्हें घर-घर जाकर पोलियो की दवाई पिलाने के लक्ष्य को पूरा करेगी।

उधर, बिझड़ी में पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को बच्चों को पल्स पोलियो दवाई पिलाई गई। बिझड़ी बाजार में आशा वर्करों और सीएससी बिझड़ी में डॉ. वैशाली ने अहम भूमिका निभाते हुए 239 बच्चों को पल्स पोलियो पिलाई।



सीएससी बिझड़ी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाते हुए।

# बाबा बालक नाथ मंदिर में चैत्र मास के मेलों की तैयारी शुरू

**एसके ठाकुर, बिझड़ी**

उत्तरी भारत के विश्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में चैत्र मास के मेले 14 मार्च से शुरू होने जा रहे हैं। मेले शुरू होने के लिए 11 दिन शेष हैं ऐसे में बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध न्यास और मंदिर प्रशासन तैयारियों में जुटा गया है, हालांकि मंदिर में बाबा बालक नाथ गुफा स्थल का जीर्णोद्धार कर दिया है, जिससे श्रद्धालुओं को गुफा दर्शन करने में काफी राहत मिली है तथा अब श्रद्धालु गुफा दर्शन बहुत ही आसानी से कर रहे हैं।

बावजूद इसके श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की मुश्किलों का सामना न करना पड़े इसके लिए व्यवस्था की जाएगी। चैत्र मेलों को लेकर मंदिर को सजाने के लिए रंग-रोगन किया जा रहा है, मेलों को लेकर दियोटसिद्ध को अलग-अलग सेक्टरों में बांटा जाएगा, जिससे श्रद्धालु आसानी से बाबा बालक नाथ के दर्शन आसानी से कर सकें।

मंदिर अध्यक्ष एवं एसडीएम बड़सर डॉ. रोहित शर्मा ने कहा कि मेलों की तैयारी को लेकर ट्रस्ट कमर कस ली है। बाबा बालक नाथ मंदिर में रंग रोगन का कार्य शुरू कर दिया है। मंदिर परिषद को और भी सुंदर बनाने के लिए कई कार्य शुरू किए हैं जो कि चाला मेला शुरू होने से पहले पूर्ण कर दी जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

# नगर परिषद में वर्षाशालिका का कार्य शुरू

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

नगर परिषद हमीरपुर के टाउन हॉल में वर्षाशालिका का निर्माण शुरू कर दिया है और उसके साथ-साथ शौचालय का निर्माण भी किया जाएगा। जैसे ही शौचालय को बनाने के लिए जगह सुनिश्चित हो जाएगी तो शौचालय का भी कार्य जल्दी ही शुरू कर दिया जाएगा। ऐसे में शहर के लोगों को जल्द ही टाउन हॉल कैंपस में बैठने के लिए वर्षाशालिका और सार्वजनिक शौचालय की सुविधा मिलेगी।

नगर परिषद कार्यालय में काम करवाने आ रहे लोगों को बैठने के लिए उचित जगह नहीं मिलती थी। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए नगर परिषद ने टाउन हॉल कैंपस में वर्षाशालिका का निर्माण करने का निर्णय लिया। यह वर्षा शालिका पांच लाख रुपए की लागत से तैयार होगी और यहां पर बैंच भी लगाए जाएंगे। इसके साथ नगर परिषद के बाहर भी एक सार्वजनिक शौचालय भी बनाने की योजना है, क्योंकि प्राइमरी स्कूल हमीरपुर के साथ लगते सार्वजनिक शौचालय में लीकेज की समस्या है। लीकेजे की समस्या के चलते आसपास के लोग परेशान थे, इसीलिए इस शौचालय को बंद कर दिया गया है। इसके बंद करने से स्थानीय दुकानदार और लोगों को नगर परिषद का शौचालय का प्रयोग करना पड़ रहा है। ऐसे में नया शौचालय बनाने की योजना है, ताकि लोगों को शौचालय की सुविधा मुहैया करवाई जा सके। (अनंत ज्ञान)



### क्या कहते हैं नप कार्यकारी अधिकारी



**नगर** परिषद कार्यकारी अधिकारी अजमेर सिंह ठाकुर का कहना है टाउन हॉल कैंपस में पांच लाख रुपए की लागत से वर्षा शालिका का निर्माण करवाया जा रहा है, जिससे लोगों को बैठने की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही सार्वजनिक शौचालय बनाया जाएगा, जिससे दुकानदारों और लोगों को सुविधा मिलेगी।

**नाराजगी** | बिजली बोर्ड के प्रबंध निदेशक को हटाया जाए : कुलदीप सिंह खरवाड़ा

# विद्युत बोर्ड प्रबंधन की कार्यशैली को लेकर पेंशनरों में आक्रोश

**अनंत ज्ञान, नादौन**

बिजली बोर्ड पेंशन फोरम इकाई नादौन की बैठक इकाई अध्यक्ष राजकुमार चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बिजली बोर्ड इंप्लाइज यूनियन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप सिंह खरवाड़ा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि बिजली बोर्ड एक गैर-जिम्मेदार प्रबंधक वर्ग के हाथों में होने से लगातार आर्थिक रूप से कमजोर होता जा रहा है।

उन्होंने कहा कि 01-01-2016 के बाद सेवानिवृत हुए कर्मचारियों को छठे वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर संशोधित वेतनमानों का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि आज भी हजारों पेंशनरों के पेंशन संशोधन के मामले हल नहीं हो पाए हैं और जिन पेंशनरों का पेंशन संशोधन हुआ भी है, उनकी बकाया राशि का भुगतान नहीं हो पा रहा है। यहां तक की पिछले एक साल में सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को उनके लीव-इन-कैशमेंट व ग्रेच्युटी का भुगतान नहीं हो पा रहा है और मेडिकल बिलों की अदायगी भी नहीं हो पा रही है।


विद्युत बोर्ड पेंशन फोरम इकाई नादौन की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी व सदस्य।

खरवाड़ा ने कहा कि आज पेंशनरों व कर्मचारियों की देनदारियों की लगभग 300 करोड़ रुपए से ज्यादा की ड्राइंग लिमिट लंबित पड़ी है। विद्युत बोर्ड का प्रबंधन वर्ग बिजली बोर्ड को चलाने में पूर्ण रूप से विफल रहा है। उन्होंने कहा कि आज बिजली बोर्ड की कार्य प्रणाली को जंग लग चुका है और विद्युत व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। खरवाड़ा ने कहा कि 31 दिसंबर 2015 तक सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को एक जनवरी 1986 से नोशनली पे फिक्सेशन के आधार पर जो पेंशन का संशोधन होना था वह भी नहीं हो पा रहा है।

उन्होंने कहा कि लगभग 20 हजार पेंशनरों में से मात्र 1800 का ही संशोधन हो पाया है। नोशनली पे फिक्सेशन के लिए विद्युत बोर्ड पेंशनर फोरम के द्वारा प्रबंधक वर्ग से अतिरिक्त स्टाफ मुहैया करवाने की मांग की थी और प्रबंधन वर्ग ने इसे माना भी था लेकिन हाल ही में बिजली बोर्ड के प्रबंधक वर्ग ने चार कंसलटेंट नोशनली पे फिक्सेशन के कार्य में लगे थे, उनको भी हटा दिया और नोशनली पे फिक्सेशन की प्रक्रिया को ही बंद कर दिया। आज बिजली बोर्ड के 29000 पेंशनरों में बोर्ड प्रबंधन की कार्यशैली को लेकर भारी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि आज बिजली बोर्ड लिमिटेड में कर्मचारियों की प्रमोशन की फाइलें साढ़े तीन महीने से लंबित होने की वजह से कर्मचारी बिना प्रमोशन के रिटायर हो रहे हैं। बिजली बोर्ड के प्रबंध निदेशक बिजली बोर्ड की स्थिति को सुधारने की बजाय उसको और बदतर बनाने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री बिजली बोर्ड को जिम्मेदार प्रबंधक वर्ग के हवाले करें और वर्तमान में काम कर रहे कार्यवाहक प्रबंध निदेशक को अति शीघ्र बोर्ड से हटाए।

# हर चुनौती को पार करेगी प्रदेश सरकार : धर्माणी

## घंडालवी, तड़ोन और बरोटा में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में बोले- पेंशन न लेने वाले बुजुर्गों को सरकार देगी मुफ्त चिकित्सा सुविधा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में वर्तमान सरकार हर चुनौती को पार करेगी और अगले चार वर्षों तक कांग्रेस पार्टी प्रदेश को स्थिर सरकार देगी।

यह बात टीसीपी, हाउसिंग एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने पंचायत घंडालवी, तड़ोन और बरोटा में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए कही। विपक्ष की ओर से वर्तमान सरकार को तोड़ने के लिए षड्यंत्र रचा गया था, जिसका अब पर्दाफाश हो चुका है। छह विधायकों के जाने के बाद भी कांग्रेस पार्टी हिमाचल विधानसभा में बहुमत में है। इस अवसर पर उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से पेश किए गए बजट में समाज के हर वर्ग को राहत देने का प्रयास किया गया है। मुख्यमंत्री ने सुख आरोग्य योजना की घोषणा की गई है। इस योजना के तहत प्रदेश में 70 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे बुजुर्गों और कृषकों को मुफ्त चिकित्सा सुविधा दी जाएगी, जो आयकर न दे रहे हो या कोई पेंशन न ले रहे हो।



राजेश धर्माणी सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में पहुंचने पर स्वागत करते लोग।

दिव्यांगजनो की उच्च शिक्षा के लिए सोलन जिले के कंडाघाट में एक सेंटर आफ एक्सलेंस फॉर एजुकेशन ऑफ दिव्यांगजन की स्थापना की जाएगी। इस केंद्र में 27 साल तक की आयु के दिव्यांगों के लिए आवासीय सुविधाएं, खेल मैदान व अन्य सभी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन पात्र दिव्यांग बच्चों के लिए रहने की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी, उन्हें रहने के लिए किराये की आर्थिक मदद दी जाएगी। वर्तमान मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में राजस्व लोक अदालतों के माध्यम से अब तक रिकॉर्ड 95000 से अधिक मामले निपटाए गए हैं। राज्य सरकार द्वारा आयोजित चार इंतकाल-राजस्व लोक अदालतों में रिकॉर्ड 89,091 इंतकाल और 6,029 तकसीम के लंबित मामलों का मौके पर ही समाधान किया जा चुका है। सरकार की इस नवीन पहल से समाज के सभी वर्गों को उनके लंबित मामलों का घर-द्वार पर ही समाधान मिल रहा है, जिससे उनके समय और धन दोनों की बचत हो रही है। पहली बार, लंबित राजस्व मामलों का समाधान करने के उद्देश्य से प्रदेश भर में इंतकाल लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है।

### घंडालवी को जोड़ने वाली सड़कों को किया जाएगा मेटल

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि घंडालवी पंचायत को जोड़ने वाली सभी संपर्क सड़कों को मेटल किया जाएगा। इसके अतिरिक्त स्थानीय कॉलेज के प्रांगण को सड़क सुविधा से जोड़ा जाएगा। इसके अतिरिक्त तड़ोन पंचायत सड़क को दोबारा से तोड़कर बनाया जाएगा, जिससे इस क्षेत्र में बड़ी गाड़ियों और भारी वजन की गाड़ियां भी चल सकें। इसके अतिरिक्त पंचायत में खाद की डिपो को जल्द खोलने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर उद्यान विभाग के एसएमएस अभिषेक वशिष्ठ, कृषि विभाग के एसएमएस बृजेश चंदेल और हेल्थ एजुकेटर लीला शर्मा ने अपने-अपने विभागों की विभिन्न लाभकारी की जानकारियां लोगों को दी। कार्यक्रम के दौरान तीनों पंचायत के पंचायत प्रतिनिधियों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मिनर्वा में दाखिले के लिए 24 व 31 को प्रवेश प्रक्रिया

**घुमारवीं।** शिक्षा के क्षेत्र में पूरे प्रदेश में अव्वल रहने वाले मिनर्वा सीनियर सेकेंडरी स्कूल घुमारवीं में दाखिले की प्रक्रिया शुरू होने वाली है। नए सेशन में 24 व 31 मार्च को दाखिले के लिए स्कूल में एंट्रेंस टेस्ट रखा गया है, जिनमें दूसरी कक्षा से लेकर जमा दो की कक्षाओं के लिए एंट्रेंस टेस्ट होगा।

मिनर्वा स्कूल में दाखिले परीक्षा में मैरिट के आधार पर ही प्रवेश मिलेगा। स्कूल के प्रिंसिपल परवेश चंदेल ने बताया कि वार्षिक परीक्षाओं के बाद बच्चों के दाखिले शुरू होने जा रहे हैं। स्कूल में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। प्रवेश परीक्षा को दो चरणों में बांटा गया है। स्कूल में दाखिले के लिए पहले चरण की परीक्षा का आयोजन 24 मार्च को किया जाएगा, जबकि दूसरे चरण की परीक्षा 31 मार्च को होगी, जो भी बच्चे इस परीक्षा में भाग लेगें, उन्हीं बच्चों को मेरिट के आधार पर स्कूल में दाखिला मिलेगा। परवेश चंदेल ने बताया कि दूसरी कक्षा से लेकर पांचवी कक्षा तक के बच्चों की परीक्षा 25 अंकों की होगी, जबकि छठी कक्षा से लेकर दसवीं कक्षा तक के बच्चों की परीक्षा 35 अंकों की रहेगी। इसके अलावा जमा एक की परीक्षा में 60 अंकों तथा जमा दो की परीक्षा में 45 अंकों के प्रश्न पूछे जाएंगे। एंट्रेंस टेस्ट में मैथ, साइंस, हिंदी व अंग्रेजी व्याकरण से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे, जबकि जमा दो कक्षा के लिए फिजिक्स, केमिस्ट्री तथा मैथ व बायो में किसी एक विषय से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे।

# प्रदेश की वरिष्ठ महिला हैंडबॉल टीम का चयन

## टीम के 16 खिलाड़ियों की घोषणा छह मार्च को, प्रदेश भर से 47 खिलाड़ियों ने लिया भाग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

भारतीय हैंडबॉल संघ के तत्वावधान में दादर नगर हवेली में आगामी 16 से 20 मार्च तक आयोजित होने वाली 52वीं राष्ट्रीय वरिष्ठ महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली प्रदेश की वरिष्ठ महिला हैंडबॉल टीम की चयन प्रक्रिया का आयोजन रविवार को बिलासपुर कॉलेज के हैंडबॉल मैदान में किया गया।



प्रदेश की वरिष्ठ महिला हैंडबॉल टीम के चयन प्रक्रिया के आयोजन पर बिलासपुर कॉलेज में मौजूद चयनकर्ता व अन्य।

चयन प्रक्रिया में प्रदेश भर से 47 खिलाड़ियों ने भाग लिया। यह जानकारी देते हुए प्रदेश हैंडबॉल संघ के महासचिव नंद किशोर शर्मा ने बताया कि चयन प्रक्रिया का आयोजन हैंडबॉल के वरिष्ठ प्रशिक्षक अशोक गौतम की अध्यक्षता में गठित चयन समिति की ओर से किया गया, जिसमें सदस्यों के रूप में हमीरपुर से हैंडबॉल कोच विजय कुमार तथा बिलासपुर से वरिष्ठ हैंडबॉल खिलाड़ी रफीक अहमद मौजूद रहे।

चयन समिति की बैठक के बाद टीम में भाग लेने वाले 16 खिलाड़ियों की घोषणा आगामी छह मार्च को की जाएगी। टीम का प्रशिक्षण शिविर सुंदरनगर में आयोजित किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री को नैतिकता के आधार पर दे देना चाहिए इस्तीफा : राजेंद्र

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

भाजपा अनुशासन समिति के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू स्वयं कह रहे हैं कि उनके साथ 80 फीसदी विधायक हैं।

जब उनके पास कांग्रेस के 80 प्रतिशत विधायक हैं, तो उनकी सरकार तो अल्पमत में है। कांग्रेस 40 विधायक विधानसभा में चुन कर गए थे, जिसमें से छह विधायकों को निष्कासित कर दिया गया है। अब कांग्रेस के 34 विधायक ही बचे हैं, तो मुख्यमंत्री के बयान के अनुसार उनके पास केवल 25 ही विधायकों का समर्थन बचा है। इसलिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए।

### मंत्रिमंडल बैठक में अफरा-तफरी में ले रहे निर्णय

गर्ग ने कहा कि अल्पमत में होने के बावजूद भी सुक्खू सरकार का मंत्री मंडल बैठक में अफरा-तफरी में निर्णय ले रहे हैं। सुक्खू सरकार से उनके खुद के विधायक ही खफा चले हुए हैं। वो क्या सरकार को चलाएंगे। यह वही कांग्रेस सरकार हैं, जिसने आते ही पहले दिन से तानाशाह रवैया अपनाते हुए जनविरोधी निर्णय लेने शुरू कर दिए थे। अपने हक-हकूकों के लिए लोगों को सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। कांग्रेस सरकार झूठी गारंटियों के बलबूते सत्तासीन हुई है। अब गारंटियां पूरी नहीं हो रही ऐसे में अपने ही विधायक सरकार के खिलाफ हो गए हैं। राजनीतिक दृष्टिकोण से यह कहा जा सकता है कि जब मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू स्वयं बयान दे रहे हैं कि उन्हें कांग्रेस के 80 प्रतिशत विधायकों का ही समर्थन है, तो राज्य सरकार सत्ता में रहने का नैतिक अधिकार खो चुकी है।

# महंगाई भत्ते की किस्त को जारी करने पर सरकार का आभार : विनोद

**अनंत गया, घुमारवीं**

**लंबित वेतन के एरियर के भुगतान की अधिसूचना भी शीघ्र की जाए जारी**

जुलाई-2022 की लंबित चार प्रतिशत महंगाई भत्ते की किस्त को जारी करने और इसके बकाया राशि के भुगतान को अलग से जारी करने की सरकार की अधिसूचना का प्रदेश अराजपत्रित कर्मचारी सेवाएं महासंघ के नेताओं प्रदेश अध्यक्ष विनोद कुमार, गोविंद ब्रागटा, विनोद शर्मा, प्रवीण कुमार ने स्वागत करते हुए इसके लिए मुख्यमंत्री सुक्खू का आभार प्रकट किया और यह मांग भी की है कि 1-1-2016 के संशोधित वेतनमान के बकाया लंबित वेतन के एरियर के भुगतान की अधिसूचना भी शीघ्र जारी की जाए।

संशोधित वेतन मान के एरियर पर महासंघ ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि ऐरियर की राशी कम से कम पांच किस्तों में निर्धारित की जाए या फिर प्रति अधिकारी/ कर्मचारी के कुल लंबित बकाया राशि का पांच से 10 प्रतिशत तक प्रति माह उनके मिलने वाले वेतन के साथ भुगतान का निर्धारण किया जाए, इसका यह लाभ रहेगा कि यह लंबित देनदारियां दो साल तक निपट जाएंगी और इकठ्ठा भार भी राज्य कोष पर नहीं पड़ेगा। महासंघ के नेताओं ने राज्य सरकार को अस्थिर करने की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए कहा कि यह लोकतंत्र और जनमत का अपमान तो है ही, लेकिन इस देवभूमि हिमाचल के लिए अनिष्ट करार है। सरकारें आती हैं, जाती हैं पर यह लोकतांत्रिक प्रणाली और जनमत का हिस्सा है, लेकिन सत्ता की भूख के लिए इसे धन-बल और सत्ता बल से कुचलना दुर्भाग्यपूर्ण है।

# राजनीति के परिपक्व खिलाड़ी सुक्खू

## सत्ता से दूर रह कर छटपटा रही भाजपा : संदीप सांख्यान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता संदीप सांख्यान ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि सत्ता से बाहर बैठी भाजपा सत्ता में आने के लिए दिन-रात साजिशों को अमलीजामा पहनाने की फिराक में है। अभी हाल ही में भाजपा द्वारा



रचा गया षड्यंत्र औंधे मुंह गिरा है। भाजपा इस खेल मे चारों खाने चित्त हुई है। इस सारे प्रकरण में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू एक परिपक्व और अनुभवी नेता के रूप में उभर कर सामने आए हैं। डावांडोल हो रही नैया को शिद्दत से किनारे लाकर सुखविंद्र सिंह सुक्खू से साबित कर दिया कि वे राजनीति के पक्के खिलाड़ी हैं तथा विपरीत परिस्थितियों में भी वे बेहतर प्रदर्शन कर अपने कुनबे को संभालने में माहिर हैं। संदीप सांख्यान ने कहा कि जनता के आशीर्वाद और समर्थन के साथ कांग्रेस की सरकार हिमाचल प्रदेश की सत्ता में काबिज हुई है।

### विश्वास की रक्षा के लिए प्रदेश सरकार वचनबद्ध

प्रदेश की जनता ने कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री पर विश्वास जताया है तथा इस विश्वास की रक्षा करने के लिए सुक्खू सरकार वचनबद्ध है। कांग्रेस सरकार ने जो वादे जनता के साथ किए थे, धीरे-धीरे उन वादों को पूरा किया जा रहा है। सुक्खू सरकार अपने दम पर प्रदेश की आर्थिक व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रही है। बीते वर्ष बरसात में आई प्राकृतिक आपदा में हुए भारी जान व माल नुकसान को लेकर केंद्र सरकार का रवैया सबकी समझ में आ चुका है। बावजूद इसके सुक्खू सरकार ने एक बार फिर से प्रदेश के जख्मों को ठीक कर राहत पहुंचाने का दूरदर्शी काम किया है। सुक्खू सरकार के पांव मजबूत होते देख भाजपा के पेट में बल पड़ना स्वाभाविक है, लेकिन सत्ता से दूर रहकर छटपटा रही है। भाजपा स्थित एवं विश्वसनीय सरकार को अस्थिर करने पर तुली है।

# बिलासपुर थल, जल व नभ क्रीड़ाओं के त्रिवेणी संगम के लिए प्रसिद्ध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

प्रदेश भाजपा सह मीडिया प्रभारी स्वदेश ठाकुर ने सांसद खेल महाकुंभ के तीसरे संस्करण के शुभारंभ के लिए बिलासपुर का चयन करने पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का आभार जताया। पांच मार्च को लुहणू क्रिकेट मैदान पर इस खेल महाकुंभ के शुभारंभ के लिए भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ बिलासपुर पहुंच रहे हैं।

इन दोनों खिलाड़ियों से रू-ब-रू होने का मौका मिलना इस जिले के खेल प्रेमियों के लिए किसी बड़े सपने के साकार होने जैसा है। उनका आगमन बिलासपुर के युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए प्रेरित करने में अहम भूमिका निभाएगा। स्वदेश ने कहा कि बिलासपुर थल, जल और नभ क्रीड़ाओं के त्रिवेणी संगम के रूप में प्रसिद्ध है। हर तरह की खेलकूद गतिविधियों के लिए यहां पर परिस्थितियां अनुकूल हैं। बड़ी संख्या में युवा खेलों से जुड़कर अपना भविष्य उज्ज्वल बना रहे हैं। इसके बावजूद काफी संख्या में युवा नशे व अन्य बुरी आदतों का शिकार हो रहे हैं। उन्हें इनसे दूर रखने में सांसद खेल महाकुंभ अहम भूमिका निभा रहा है। खेल महाकुंभ के पहले दो संस्करणों में पंचायत व गांव स्तर की 3700 से अधिक टीमों के माध्यम से 87,400 से ज्यादा खिलाड़ी विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित कर चुके हैं।

### तीसरे संस्करण की शुरुआत पांच को होगी

**इनमें** प्रतिभागियों को लगभग 70 लाख रुपए की ईनामी राशि दी गई है। केंद्रीय मंत्री अनुराग की दूरगामी सोच से शुरू किए गए सांसद खेल महाकुंभ के पहले दो संस्करणों के सफल आयोजन के बाद तीसरे संस्करण की शुरुआत पांच मार्च को बिलासपुर से होने जा रही है। अहम बात यह है कि भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ इसके शुभारंभ के लिए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के साथ बिलासपुर आ रहे हैं। दोनों ही अपने-अपने समय के महान खिलाड़ी हैं। तीसरे संस्करण में लड़कों व लड़कियों के वर्ग में वॉलीबॉल, कबड्डी, क्रिकेट, बास्केटबॉल व एथलेटिक्स स्पर्धाएं होंगी। पहले दो संस्करणों की तरह तीसरे संस्करण में भी इन स्पर्धाओं में हजारों युवा भाग लेंगे।

# एनटीपीसी का वृद्धाश्रम संचालन में बहुत बड़ा योगदान : प्रकाश चंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

घागस के समीप नेशनल हाई-वे पर स्थित मानव सेवा ट्रस्ट की ओर से संचालित वृद्धाश्रम यानि अपना घर का एनटीपीसी संगिनी संघ के पदाधिकारियों ने दौरा किया और बुजुर्गों के साथ काफी समय बिताया। इस दौरान उन्होंने बुजुर्गों से खूब मस्ती की।



एनटीपीसी संगिनी संघ के पदाधिकारी वृद्धाश्रम का दौरा करते हुए।

संगिनी संघ की अध्यक्ष ऊषा अहिरवाल के साथ उपाध्यक्ष आभा टंडन, वरिष्ठ सदस्यों में सविता अग्रवाल, महासचिव शिखा दयाल, कोषाध्यक्ष सीमा, प्रियंका चंद्रा एवं ज्योत्सना आदि मौजूद रहे। संगिनी संघ ने वृद्धाश्रम के संचालक अधिवक्ता प्रकाश चंद बंसल के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह इस धरती का सबसे नेक काम है। मानव सेवा का सबसे बड़ा धर्म है। अध्यक्ष ऊषा अहिरवाल ने संगिनी संघ की ओर से वृद्धाश्रम के कुशल संचालन में बीस हजार रुपए का अंशदान देकर अपना फर्ज अदा किया। वहीं, मानव सेवा ट्रस्ट सुंदरनगर के चेयरमैन अधिवक्ता प्रकाश चंद बंसल ने कहा कि एनटीपीसी का वृद्धाश्रम संचालन में बहुत बड़ा योगदान है। समय-समय पर मिलने वाली सहायता से उनका मनोबल बढ़ता है।

उन्होंने आशा व्यक्त की है कि भविष्य में भी एनटीपीसी कोलबांध प्रबंधन वृद्धाश्रम और अन्य समाजिक कार्यों में अपना योगदान देता रहेगा। इस अवसर पर वृद्धाश्रम स्टाफ में पंकज कुमार और स्टाफ नर्स आरती चंदेल मौजूद रहे।

# युवाओं से संकल्प पत्र की ली राय

## युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष साहिल ठाकुर ने युवाओं को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर सदर विधानसभा बिलासपुर के ग्राम केंद्र परनाल, हरलोग में युवा मोर्चा द्वारा युवा चौपाल अभियान शुरू किया गया, जिसमें सदर मंडल युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष साहिल ठाकुर और युवा मोर्चा के सदस्य ऋतिक ने केंद्र सरकार की उपलब्धियां और नीतियों को बताया और युवाओं को प्रेरित किया।

इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को मोदी सरकार और भाजपा से जोड़ने का काम किया गया, जिसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर साथ दिया और युवाओं से संकल्प पत्र की भी राय ली गई। इस लोकसभा में ये विश्वाश दिलवाया की वो इस बार भारतीय जनता पार्टी को 400 पार सीटें दिलवाकर मोदी सरकार बनाएंगे। जानकारी देते हुए युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष साहिल ने बताया कि इस अभियान के तहत बिलासपुर जिले के विभिन्न स्थानों पर युवाओं के साथ वार्तालाप किया जाएगा। युवाओं के साथ वार्तालाप करने के बाद केंद्र की योजनाओं व युवाओं को खेल के प्रति जागरूक किया जाएगा। मोदी सरकार की हर एक जन कल्याण योजनाओं के बारे में लोगों को अवगत करवाया जा रहा है।



हरलोग में युवा मोर्चा युवा चौपाल अभियान के शुभारंभ पर मौजूद लोग।

# दकड़ी चौक से मिली चोरी हुई बाइक व एक और चोरी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं बाजार के गांधी चौक से शुक्रवार रात चोरी हुई बाइक के मामले में नया मोड आ गया है।

चोरी की गई यह बाइक मोके से करीब पांच सौ मीटर दूर दकड़ी चौक के पास मिली है, जबकि चोर यहां दकड़ी चौक से एक अन्य बाइक को चुरा के ले गए हैं। चोरी की गुत्थी सुलझने के बजाए उलझ रही है। ऐसे में चोरों तक पहुंचना पुलिस के लिए भी सरदर्द बन गया है। लगातार चोरी की घटनाओं से लोगों में डर का माहौल है। शुक्रवार रात को घुमारवीं बाजार के गांधी चौक के समीप से एक बाइक चोरी हुई है। इस संदर्भ में सीसीटीवी कैमरे की जब जांच की गई, तो पता चला की हमीरपुर की तरफ से वाइक पर सवार एक व्यक्ति आया। वह व्यक्ति जिस बाइक पर आया था, उस बाइक को गांधी चौक के समीप खड़ा कर गया व यहां से एक स्थानीय व्यक्ति की बाइक को चुरा ले गया।

पुलिस ने जांच में पाया कि जो बाइक यहां खड़ी कर गया था वह बाइक भी हमीरपुर से चोरी करके लाई गई थी। ऐसे में पुलिस ने जांच शुरू कर दी थी। इसी दौरान घुमारवी के ही नजदीक दकड़ी चौक पर पिजा की दुकान करने वाले दुकानदार अनुराग की बाइक के चोरी होने का मामला सामने आया। थाना प्रभारी कर्म सिंह ने बताया कि बाईक चोरी होने की शिकायत मिली है । पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**आयोजन** नवयुवक मंडल चेली ने कपाहड़ा में खंडस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का किया आयोजन

# कबड्डी में पलासला विजेता व पपलाह उपविजेता

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

नेहरू युवा केंद्र बिलासपुर के सौजन्य से नवयुवक मंडल चेली की ओर से कपाहड़ा में खंडस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर पूर्व खाद्य पूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।



कपाहड़ा में खंडस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन पर मौजूद लोग।

युवा मंडल के प्रधान पंकज धीमान व अन्य सदस्यों ने मुख्यातिथि को सम्मानित किया। कबड्डी प्रतिस्पर्धा में पलासला विजेता व पपलाह उपविजेता बना। वहीं, बैडमिंटन में मोहड़ा ने चेली की टीम को पराजित किया। रस्साकशी में चेली टीम प्रथम व समलोहल की टीम द्वितीय स्थान पर रही। सभी को मुख्यातिथि द्वारा सम्मानित किया गया। गर्ग ने अपने संबोधन में कहा कि इस खेलकूद प्रतियोगिता के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कमी नहीं है, लेकिन उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मौका नहीं मिल पाता है। खेलकूद से युवाओं का सर्वांगीण विकास होता है। मानसिक और शारीरिक विकास के लिए खेलकूद बहुत जरूरी है।

पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी जरूरी है। खिलाड़ियों को हमेशा आगे बढ़कर खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपने भविष्य के साथ ही समाज और राष्ट्र के विकास में अहम योगदान देना चाहिए। गर्ग ने कहा कि आज के आधुनिक दौर में युवाओं का नशे की तरफ रुझान बढ़ रहा है, जो बहुत ही गंभीर चिंता का विषय है। युवा जिसे हम देश की शक्ति मानते हैं और जिस पर देश का उज्ज्वल भविष्य टिका है, युवा का नशे की गर्दीश में फसना समाज व राष्ट्रद के नव निर्माण में बाधा उत्पन्न करता है। नशा करने वाले व्यक्तियों के अंदर अनेक प्रकार के रोग उत्पन्न होते हैं।

उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों व युवा से आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में अपना सकारात्मक योगदान दें। नशा व्यक्ति को अपने आगोश में ले लेता है, जिससे बाहर निकलना बहुत मुश्किल काम है।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर सत्य देव, सुरम सिंह, प्रकाश चंद, कुशल, जय सिंह, हरबंस पटियाल, पंकज धीमान, अभिषेक शर्मा, अंशुल, देशराज, शौर्य, अखिल, अंकित, पंकज, शिव महाजन, विनोद कुमार, कुलदीप पठानिया, सुभाष सिंह, पप्पी व प्रकाश सहित अन्य मौजूद रहे।

# प्रदेश सरकार अपनी अंतर्कलह से राजनीतिक संकट में : महेंद्र

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

प्रदेश के मुख्यमंत्री का यह बयान कि कांग्रेस के 80 परसेंट विधायक उनके साथ हैं। यानी 20 प्रतिशत कांग्रेस के वर्तमान विधायक सुक्खू सरकार के विरोध में है भाजपा इस आरोप की पुष्टि करता है कि वर्तमान प्रदेश सरकार अपनी अंतर्कलह से राजनीतिक संकट में है और अल्पमत में आ गई है।

भाजपा प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने बयान में कहा कि सुक्खू सरकार अपने मंत्रियों, विधायकों और कांग्रेस के नेताओं की अनदेखी व उत्पीड़न के कारण संकट में आ गई है, जिसके आरोप पिछले 14 महीने से सरकार पर लग रहे हैं, जिस प्रकार से एक मंत्री द्वारा कैबिनेट बैठक से बाहर निकलकर जाना मुख्यमंत्री के अपने जिले के तीन विधायक व उपमुख्यमंत्री के जिले के दो विधायक व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा मुख्यमंत्री की कार्यप्रणाली की सार्वजनिक निंदा आलोचना करने से यह स्पष्ट होता है कि विधायक, मंत्री और कांग्रेस के नेता प्रदेश सरकार से निराश ही नहीं, बल्कि पीड़ित भी हैं।

अत: अपनी ही सरकार के खिलाफ लड़ने के लिए खड़े हो गए हैं। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाए हैं कि अब मुख्यमंत्री अपनी सरकार को बचाने के लिए कांग्रेस के विधायकों और नेताओं को पद देकर अपनी सरकार बचाने का असफल प्रयास कर रहे हैं। आज प्रदेश की सरकार अल्पमत में आ गई है, जिसके लिए पूरी तरह कांग्रेस सरकार व कांग्रेस पार्टी के नेता जिम्मेदार हैं, जिसके कारण प्रदेश विकास में पूरी तरह पिछड़ रहा है।

### सरकार आम जनता में अपना विश्वास खो चुकी

कांग्रेस की इस आपसी खींचातानी और लड़ाई से प्रदेश में प्रशासन पूर्ण रूप से पंगु बन गया है और विकास कार्य बंद हो गए हैं सुक्खू सरकार विधायकों और आम जनता में अपना विश्वास खो चुकी है। विधायकों, मंत्रियों की ओर से सरकार पर खड़े किए गए प्रश्न सरकार की कार्यशैली की तस्वीर को उजागर कर रहे हैं। महेंद्र धर्माणी ने कहा कि सरकार की 14 महीने के कार्यकाल में सरकार अपनी चमक और विश्वसनीयता विधायकों नेताओं में ही नहीं, बल्कि आम जनता में भी खो चुकी है। विधानसभा में भाजपा के 15 विधायकों को निलंबित करके बजट पास करना पूर्ण रूप से लोकतांत्रिक है।

# सियासी उठापटक में ऊना रहा सुर्खियों में, दो विधायकों ने अपनी ही सरकार को संकट में डाला

**राजेश शर्मा, ऊना**

हिमाचल प्रदेश की सियासत में अगर कभी भी तूफान उठा है तो ऊना जिले का नाम प्रमुखता से सामने आया है। इसमें भले ही एसएसबी में चिट पर नौकरियों का मसला रहा हो, अथवा कोई सियासी ड्रामा रचा गया हो।

पूर्व में वीरभद्र सिंह की सरकार के समय में इस जिले में लगातार एक विधायक की नाराजगी ऐसे बढ़ी थी कि वे मुख्य संसदीय सचिव रहते हुए भी लगातार सरकार को मुश्किलें पैदा करते रहे।

हालांकि ऐसी नौबत कभी नहीं आई थी कि राजा वीरभद्र सिंह की सरकार को किसी तरह का खतरा पैदा हुआ हो। जो भी नाराजगी रही थी, उसे पार्टी के भीतर रहकर ही मसले को सुलझा लिया जाता रहा। एसएसबी में चिट पर नौकरियों देने के मसले में भाजपा सरकार को भी संकट का सामना करना पड़ा था, लेकिन उस समय भी सरकार पर संकट टालने में उस समय के मुख्यमंत्री कामयाब रहे थे। हालांकि बाद में चुनाव में भाजपा को सत्ता से बाहर होना पड़ा था, यह तूफान भी

### सियासी भूचाल लाने में कांग्रेस के दो विधायकों की रही अहम भूमिका

इस जिले से उठा था और एसएसबी हमीरपुर के अध्यक्ष इस जिले से थे और उस मसले में विवादित सीडी भी यहां से जारी हुई थीं।

इस दफा भी प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी है, लेकिन जो सियासी हलचल हुई है उसका केंद्र कहीं न कहीं ऊना जिला भी रहा है। इस छोटे से जिले में कांग्रेस के दो विधायकों की वर्तमान सियासी

### पुरानी नाराजगियों को भुलाकर नई पारी की हो सकती है शुरुआत

भूचाल लाने में अहम भूमिका सामने आई है। प्रदेश सरकार को अस्थिर करने में जो भूमिका रही है यह महज एक रोज में लिखे जाने वाली पटकथा नहीं थी। कहीं न कहीं काफी समय से बहुत कुछ चल रहा था। जिले में एक दफा पहले भी ऐसी स्थिति पैदा हुई थी जब इस जिले के एक विधायक ने क्रास वोट करके जिले के एक वरिष्ठ नेता को मुख्यमंत्री की कुर्सी से वंचित कर दिया था। इस दफा क्रास वोट करने वाले इस जिले से संबंधित एक विधायक का तो करियर भाजपा से शुरू हुआ था और दूसरे की भी भाजपा से नजदीकियां विधानसभा चुनावों के दौरान चर्चा में थीं। दोनों को कांग्रेस द्वारा उम्मीदवार बनाए जाने के बाद पुराने कांग्रेस नेताओं द्वारा विरोध भी दर्ज किया गया था।

वर्तमान में अब प्रदेश में हुए सियासी खेल के बाद इस जिले के दो विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस राजनीतिक शून्य को भरने के लिए सक्रिय होने लगी है। दोनों की विधानसभा क्षेत्रों में पुराने कांग्रेस नेताओं की सक्रियता से साफ है कि आने वाले समय में वे सभी पुरानी नाराजगियों को भूलते हुए नई पारी शुरू कर सकते हैं। हालांकि कुटलैहड़ में तो विवेक शर्मा टिकट न मिलने से आहत जरूर हुए हों, लेकिन उन्होंने पार्टी से किनारा न करके चुप्पी साध ली थी। चुनावों में उन्होंने इस क्षेत्र में न सही लेकिन मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र में प्रचार की कमान तक संभाल रखी थी। (अनंत ज्ञान)

### राकेश कालिया ने बढ़ाई सक्रियता, भाग्य आजमाने के दिए संकेत

**उधर** गगरेट में भी कांग्रेस के लिए रिक्त हुए स्थान को भरने के लिए उस क्षेत्र के पार्टी से नाराज और पार्टी से किनारा कर चुके पूर्व राष्ट्रीय सचिव राकेश कालिया ने सक्रियता बढ़ा दी है। भले ही वे इस मामले में सामने नहीं आए हों, लेकिन उन्होंने अपने बेटे के माध्यम से कांग्रेस सरकार के पक्ष में माहौल बनाकर संकेत दे दिए हैं कि अगर जरूरत पड़ी तो वे इस क्षेत्र से फिर भाग्य आजमाने के लिए तैयार मिलेंगे।

इन दोनों विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस को अपना पुराना आधार तलाशने के लिए सत्ता में रहते हुए अधिक परिश्रम नहीं करना पड़ेगा। साथ ही यह जिला प्रदेश सरकार के पहले उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का अपना होम स्टेशन है जिसका लाभ भी यहां कांग्रेस की मजबूती के लिए मिल सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### हजारों शिशुओं ने गटकी दो बूंद जिंदगी की

**ऊना/गोंदपुर बनेहड़ा।** पोलियो उन्मूलन अभियान के तहत उपमंडल अम्ब के समूचे क्षेत्र में नौनिहालों ने दो बूंद जिन्दगी की गटकी। गगरेट के गोंदपुर बनेहड़ा बूथ पर लाभार्थियों को प्रेरित करने हेतु स्वयंसेवी के रूप में स्थानीय मां सरस्वती डी शिक्षा समिति, देवभूमि युवा सामाजिक सभा ( नेहरू) अपर गोंदपुर बनेहड़ा द्वारा इस बारे पिछले कई दिनों से जागरूक भी किया जाता रहा ।

### रोटरी क्लब ने लगाया पोलियो बूथ




**ऊना।** रोटरी क्लब ऊना द्वारा आयुर्वेदिक अस्पताल ऊना में बूथ लगाकर शून्य से लेकर पांच वर्ष के बच्चों को पोलियो ड्राप्स पिलाई। कार्यक्रम में सहायक आयुक्त ऊना वीरेंद्र शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस मौके पर शिशुओं को पोलियों दवाई पिलाई गई। रोटरी क्लब ऊना के अध्यक्ष जगदीश राव ने कहा कि विश्व में पोलियों की रोकथाम में रोटरी क्लब ऊना का विशेष रोल रहा है। इस अवसर परा रोटरी क्लब ऊना के सचिव संजीव पुरी, पूर्व प्रधान बलदेव चंद, नरेंद्र कपिला, सहायक गर्वनर वरजिंद्रजीत सिंह गोल्डी व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### बारिश बाधित मैच में शिमला के 179 पर छह विकेट

**ऊना।** पीसीपी ग्राउंड संतोषगढ़ में बारिश बाधित मैच में सीनियर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत शिमला और मंडी के बीच में मुकाबला रविवार को आरंभ हुआ। शिमला की टीम ने टॉस जीता और बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया, जिसमें शिमला की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दिन का खेल खत्म होने तक 6 विकेट पर 179 रन बनाए। कुशल पाल ने 25 रन, जोगदीप सिंह ने 4 रन बनाए, नमन वर्मा 40 रन , कवीर ने 51 रन बनाए, वैभव कलटा ने 28 रन , सुमित वर्मा 14 रन बनाकर खेल रहे हैं, राहुल तीन रन बनाकर खेल रहे हैं। मंडी के आयुष जमवाल ने दो विकेट प्राप्त किया, प्रशांत बक्शी राघव और चिराग ने एक-एक विकेट प्राप्त किया, एक खिलाड़ी रन आउट हुआ, दूसरे ग्राउंड इंदिरा ग्राउंड में बारिश के कारण मैच नहीं हो सका।

# तूफान से दो घरों को नुकसान

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा की ग्राम पंचायत मदली के गांव नुगराड़ी के राज कुमार पुत्र गोपी चंद एवं रमेश चंद पुत्र काकू राम के रिहायशी मकान तेज हवाओं के कारण ध्वस्त हो गए है और लाखो का नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार शनिवार देर रात भारी बारिश के साथ भारी तूफान पढ़ने के कारण राज कुमार पुत्र गोपी चंद के रिहायशी मकान पर पढ़ी टीन ध्वस्त हो गई है।

राज कुमार एक गरीब परिवार से संबंध रखता है और अप्रैल माह में राज कु मार की पुत्री की शादी होने बाली है। बही रमेश चंद पुत्र काकू राम के रिहायशी मकान पर आम का बड़ा वृक्ष गिर गया, जिससे रिहायशी मकान को बढ़ी दरारे आ गई है।

मकान में रहने से उक्त परिवारों को डर का माहौल बना हुआ हैं। हालांकि उक्त पीड़ित परिवार के साथ घटना स्थल पर मिलने के




बंगाणा तूफान से एक मकान क्षतिग्रस्त घर व एक पेड़ मकान पर गिर गया

लिए जिला पार्षद उपाध्यक्ष कृष्ण पाल शर्मा पहुंचे और नुकसान का जायजा लेकर अधिकारियों से चर्चा की।

पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद देने का भरोसा दिया। कृष्ण पाल शर्मा ने कहा कि उक्त परिवार अति गरीबी रेखा से नीचे है। और पीड़ित राज कुमार की सुपुत्री की अप्रैल माह में शादी भी है। लेकिन तेज तूफान के कारण राज कुमार और रमेश कुमार के रिहायशी मकानों से टीन उड़ना और रमेश कुमार के मकान पर बढ़ा आम का पेड़ गिरने से मकान आई दरारों से भारी नुकसान हुआ है।

वहीं शर्मा ने बताया कि थाना कला पंचायत के थाना खास गांव में शनिवार देर रात भारी तूफान आने से गेहूं की फसल पूरी तरह से त्वाह हो गई है और किसानों का नुकसान हुआ है।

पटवारी ने सभी जगह पर जाकर नुकसान की रिपोर्ट तैयार कर ली है। सोमवार को पीड़ित परिवारों के नुकसान की रिपोर्ट एसडीएम बंगाणा को सौपी जाएगी।

## बस की चपेट में आया बुजुर्ग

**मैहतपुर।** मैहतपुर बसदेहडा के मुख्य बाजार में एक पंजाब रोडवेज की बस की चपेट में आने से एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी पहचान रत्नजोत पुत्र योगराज निवासी बसदेहड़ा के रूप में हुई है। जिसे उसे घायल अवस्था में देख स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को स्थिति को देखते हुए उपचार हेतु पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया।

## सड़क हादसे में दो लोग घायल

**ऊना।** घनारी तहसील के लोअर भंजाल गांव में हुए सड़क हादसे में दो लोग घायल हो गए थे। जानकारी के अनुसार अपने बेटे को रोटी देने जा रही एक मां को पीछे से आ रहे मोटरसाइकिल से टक्कर लग गई।

इस टक्कर के बाद महिला और बाइक चालक घायल हो गए। दोनों को घायल अवस्था में अस्पताल ले जाया गया। सरला की एक टांग में गंभीर चोट आई है और फूल कुमार भी घायल है। पुलिस ने बेटे की शिकायत पर बाइक चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# राकेश कालिया के समर्थन में उतरे कांग्रेस के निर्वाचित जनप्रतिनिधि

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चैक**

प्रदेश में घटे ताजा सियासी घटनाक्रम के चलते अयोग्य घोषित किए गए विधायक चैतन्य शर्मा की ख़ाली हुई गगरेट विधानसभा सीट में जहां राजनीति इस समय पूरे चरम पर है, और कांग्रेस कार्यकर्ता पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा के कृत्य से आहत होकर उनका खुलकर विरोध कर रहे हैं और उनके पुतले तक जला रहे हैं तथा पूर्व में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव तथा कांग्रेस के तीन बार के विधायक रहे राकेश कालिया के समर्थन में नारेबाजी कर हाई कमान से राकेश कालिया की घर वापसी की गुहार लगा रहे हैं।

वहीं दूसरी ओर गगरेट विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के चुने हुए जन प्रतिनिधि भी अब खुलकर राकेश कालिया के समर्थन में आ गए हैं।

घनारी में ब्लॉक विकास समिति गगरेट के सदस्य तथा पूर्व में मुख्यमंत्री सुक्खू की कांग्रेस अध्यक्षता के दौरान सोशल मीडिया के प्रदेश संयोजक रहे। अनिल डडवाल ने कहा कि एक जनप्रतिनिधि होने के नाते, मैं पुरी जिम्मेदारी तथा विवेक से कांग्रेस आलाकमान, प्रदेश के प्रभारी राजीव शुक्ला, प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह तथा मुख्यमंत्री सुक्खू से करबद्ध



अनिल डडवाल तथा वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ठाकुर चमेल सिंह।

अपील करता हूं कि संकट के इस समय में कांग्रेस पार्टी के हित को सर्वोपरि रखते हुए गगरेट कांग्रेस के हमारे जैसे जमीन से जुड़े आम कार्यकर्ताओं के निवेदन को सुना जाए। इस अवसर पर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय सचिव एवं तीन बार के विधायक राकेश कालिया सहित गगरेट के अन्य सभी रूष्ट कांग्रेसी नेताओं को पार्टी में शामिल करने की पार्टी की ओर से पहल की जाए।

### रुष्ट कांग्रेसी नेताओं को पार्टी में शामिल करने की पहल की जाए

अनिल डडवाल ने कहा कि गगरेट क्षेत्र की 95 प्रतिशत से ज्यादा कांग्रेस बूथ कमेटियां राकेश कालिया के पक्ष में हैं क्योंकि राकेश कालिया एक ईमानदार, स्वच्छ छवि और एक निडर नेता हैं, जिनका गगरेट और चिंतपुरनी वि स क्षेत्रों में व्यापक जनाधार है। इस अवसर पर उनके साथ ग्राम पंचायत अंबोटा के पूर्व प्रधान, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं क्षेत्र के सुप्रसिद्ध समाजसेवी ठाकुर चमेल सिंह भी मौजूद थे।

# पीडब्ल्यूडी की लापरवाही से गोशाला पर मंडराने लगे खतरे के बादल

**अनंत ज्ञान, रामपुर**

लोक निर्माण विभाग की लापरवाही से नोगली के समीप गोशाला पर खतरे के बादल मंडराने लगे हैं।

नोगली तकलेच संपर्क मार्ग पर गोशाला के समीप मार्ग में ड्रेनेज और कलवट बंद होने से सड़क का सारा पानी गोशाला की ओर जा रहा है। बारिश के दौरान सारा पानी गोशाला की ओर चला गया, जिससे गोशाला में दरारें आ गई व गोशाला के सामने की भूमि धंस कर नीचे चली गई। गोशाला संचालक संस्था गीता महिमा गोशाला एवं गांव विज्ञान अनुसंधान केंद्र के महासचिव राम सिंह नेगी का कहना है कि कई बार पूर्व में भी लोक निर्माण विभाग को गोशाला के समीप सड़क किनारे नालियां द्रस्त करने की गुहार लगाई जाती रही, लेकिन विभाग इसे अनसुना कर रहा है। गोशाला संचालकों का कहना है कि गोशाला की नुकसान की भरपाई लोक निर्माण विभाग से करवाई जाए और गोशाला के सामने पक्की दीवार लगाई जाए, ताकि गोशाला को गिरने से बचाया जा सके।

अगर जल्द गोशाला को बचाने के प्रयास न किए गए, तो किसी भी समय गोशाला गिर सकती है।

# ऊना-हमीरपुर रेल लाइन से पर्यटन को लगेंगे पंख

**अनंत ज्ञान, ऊना**

भाजपा प्रदेश सचिव सुमीत शर्मा ने केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के प्रयास से उज्जैन से इंदौर तक जाने वाली अब सीधी ट्रैन सुविधा मिलने से हिमाचल वासियों को एक ओर सौगात करार दिया है। उन्होंने बताया कि ऊना हमीरपुर रेल लाइन के निर्माण भी होगा। इसके निर्माण में 1500 करोड़ हिमाचल प्रदेश सरकार व 4300 करोड़ केंद्र सरकार वहन करेगी। सुमीत ने कहा कि इंदौर-चंडीगढ़ एक्सप्रेस को अब ऊना हिमाचल तक विस्तार कर चलाने की मंजूरी रेलवे से मिल गई है। सुमित ने इस मंजूरी के लिए

### हिमाचल से उज्जैन तक सीधे पहुंचेंगे श्रद्धालु : सुमित



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव व अनुराग ठाकुर का आभार प्रकट किया है।

सुमित ने कहा कि अनुराग ठाकुर ने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र व केंद्र में हिमाचल का प्रतिनिधि होने के नाते सदैव देवभूमि के विकास व यहां के बेहतर कनेक्टिविटी के लिए प्रतिबद्ध हैं। महाकाल की नगरी उज्जैन एक प्रमुख धार्मिक स्थल है और हिमाचल से बड़ी संख्या में लोग तीर्थाटन करने उज्जैन जाते हैं।

सुमीत ने कहा कि ट्रेन संख्या 19307 इंदौर चंडीगढ़ एक्सप्रेस पहले सुबह 5.30 बजे इंदौर से चलकर सुबह 8.35 को ऊना पहुंचेगी। वहीं ये ऊना से दोपहर 1.50 को चलकर अगले दिन दोपहर को 3.05 को इंदौर पहुंच जाएगी।

सुमित ने कहा अभी हाल ही में अनुराग ठाकुर के अनुरोध पर ऊना हिमाचल से चल कर सहारनपुर जाने वाली ट्रेन का एक्सटेंशन हरिद्वार तक रेलमंत्री ने किया है।

वित्तवर्ष 2023-24 के लिए हिमाचल प्रदेश में रेलवे विस्तार के लिए 1838 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। सामरिक महत्व की भानुपल्ली-बिलासपुर-बेरी रेल लाइन के लिए 1000 करोड़, चंडीगढ़-बद्दी रेललाइन को 450 करोड़ रुपए, नंगल-तलवाड़ा रेल लाइन के लिए 452 करोड़ रुपए वर्ष 2023-24 के बजट में मंजूर किए गए हैं।

रेल विस्तार के लिए 1838 करोड़ रुपए की यह मंजूरी यूपीए शासन काल के वर्ष 2009-14 से 17 गुना ज्यादा है। वर्तमान में प्रदेश में 19556 करोड़ से 258 किलोमीटर की 4 परियोजनाओं पर काम जारी है।

# सांसद खेल महाकुंभ के तीसरे संस्करण का शुभारंभ पांच को

**अनंत ज्ञान, ऊना**

भाजपा प्रदेश सचिव एवं पूर्व एचपीसीए सचिव सुमीत शर्मा ने बताया कि सांसद खेल महाकुंभ के तीसरे संस्करण का शुभारंभ बिलासपुर के लुहणू क्रिकेट स्टेडियम में 5 मार्च को होने जा रहा है। इसके तहत लड़कों व लड़कियों के वर्ग में वॉलीबॉल, कबड्डी, क्रिकेट, बास्केटबॉल व एथलेटिक्स स्पर्धाएं होंगी।

अहम बात यह है कि खेल महाकुंभ के तीसरे संस्करण का शुभारंभ करने के लिए 'हिटमैन' के नाम से प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और 'द वॉल' के नाम से पहचाने जाने वाले पूर्व कप्तान एवं मौजूदा कोच राहुल द्रविड़ केंद्रीय मंत्री अनुराग के साथ बिलासपुर आ रहे हैं।

इस आयोजन के तीसरे संस्करण की शुरूआत 5 मार्च को बिलासपुर से होने जा रही है। इसके प्रथम संस्करण का शुभारंभ भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मास्टर-ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने धर्मशाला स्टेडियम में अनुराग ठाकुर की मौजूदगी में किया था।

सुमीत ने युवाओं से खेल महाकुंभ के तहत आयोजित की जाने वाली इन स्पर्धाओं में भाग लेने की अपील की।

# भुट्टो ने जनता को दी करोड़ों की आर्थिक सहायता

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

कुटलैहड़ विस क्षेत्र में 14 माह के कार्यकाल में कुटलैहड़ विस क्षेत्र की जनता के लिए जो देवेंद्र कुमार भुट्टो ने करके दिखाया है। अपनी निजी आय विधायक की सैलरी एवं कुटलैहड़ की जनता के लिए शुरू की गई कुटलैहड़ वैलफेयर सोसायटी के माध्यम से सैंकड़ों परिवारों को आर्थिक सहायता देकर यह बता दिया है कि अगर कोई अपने विधान सभा क्षेत्र की जनता की सेवा के लिए कुछ अलग करना चाहे तो बहुत कुछ कर सकता है।



देवेंद्र कुमार भुट्टो

देवेंद्र कुमार भुट्टो के समर्थकों में उपप्रधान सुगड़ियाल अरुण मनकोटिया,किशोरी हटली संजय कुमार, करतार चंद, संजीव ठाकुर आदि सैंकड़ों गणमान्य का कहना है कि 14 माह के कार्यकाल में कुटलैहड़ विस क्षेत्र में गरीबी रेखा से नीचे परिवारों को और पढ़ाई करने वाले छात्रों को बुजुर्गों की दवाई एवं विधवा महिलाओं को करीब साढ़े पांच करोड़ की आर्थिक सहायता देवेंद्र कुमार भुट्टो द्वारा दी जा चुकी है।

उन्होंने कहा कि देवेंद्र कुमार भुट्टो ने अगर सुक्खू सरकार के खिलाफ राज्यसभा प्रत्याशी को मतदान किया है। तो यह उनका अपना निजी कारण रहा है। लेकिन कुटलैहड़ की समस्त जनता के देवेंद्र कुमार भुट्टो पहले की तरह आज भी हितेषी है। और हर पल अपनी विधान सभा की जनता के संपर्क में रहकर उनका दुख दर्द सुन रहे है। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ की जनता पहले की तरह आज भी देवेंद्र कुमार के साथ है। (अनंत ज्ञान)

### कहा-विधायकों पर सीएम की भाषा अशोभनीय

लोगों ने कहा कि 14 माह पूर्व राज्य में जब कांग्रेस की सरकार बनी थी। तो यही विधायक सुक्खू सरकार के समर्थन में आकर उन्हें सूबे का सीएम बनाने के अहम भूमिका अदा की थी, लेकिन अगर कोई मुख्यमंत्री विधायकों का काम न करें। तो मजबूरन उन्हें उनके खिलाफ मोर्चा खोलने का पूरा हक है। यहीं इन विधायको ने किया हैं, लेकिन सूबे के सीएम द्वारा अभद्र भाषा बोलकर उन्होंने विधायको का अपमान किया है।

देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि हमने 14 माह पूर्व कुटलैहड़ की जनता से चुनावी वादे किए थे और बार बार कहने पर हमारी बात नही सुनी जा रही थी। हमने कई बार सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों को भी अवगत करवाया था। भुट्टो ने कहा कि राजनीति हमारे लिए समाजसेवा का जरिया है।

# धाम में कुत्ते का जूठा खाना परोसने का आरोप

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं उपमंडल की भराड़ी थाना के अंतर्गत पड़ने वाली ग्राम पंचायत पडयालग के गांव बाड़ी में अफवाह के चलते 40 लोगों ने रैबीज के इंजेक्शन लगवाए हैं।

दरअसल, हुआ यूं कि कुछ दिन पहले इस गांव में एक कार्यक्रम में धाम का आयोजन किया गया था। इसी बीच न जाने कहां से अफवाह फैल गई कि लोगों को खिलाने के लिए धाम में जो मीठा बनाया गया था, उसको किसी कुत्ते ने बाहर से आकर जूठा कर दिया था। उसके बाद उसे लोगों को परोस दिया गया। इस बारे में आयोजन कर्ता ने रसोइयों से भी पूछताछ की, लेकिन रसोइयों ने कहा कि कुत्ता आया था, लेकिन उसे भगा दिया गया था। किसी भी सब्जी को कुत्ते ने नहीं खाया, लेकिन वहम का कोई इलाज नहीं होता।

इस विषय को लोगों ने गंभीरता से ले लिया और दधोल पीएचसी में एंटी रैबीज के इंजेक्शन लगवाने के लिए पहुंच गए।

इस बीच लोगों और डॉक्टर के बीच तनाव का माहौल हो गया। भराड़ी पुलिस ने मौके पर आकर मामला शांत कराया।

### 40 लोगों ने लगवाए एंटी रैबीज टीके

### पुलिस ने शुरू की मामले की जांच

लोगों ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र वाले कह रहे हैं कि गांव बाड़ी में स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा और वहीं एंटी रैबीज के इंजेक्शन लगेंगे। लेकिन इतने दिन बीत जाने के बाद न कोई एंटी रैबीज इंजेक्शन लगा और न ही कोई शिविर लगाया गया। डॉ. मोनाल ने बताया कि मामला



शनिवार का है। एक व्यक्ति ओपीडी में आकर एंटी रैबीज इंजेक्शन को लेकर बहस करने लगा, जबकि उसके साथ कोई बदतमीजी नहीं की गई थी। हालांकि रैबीज नसों के माध्यम से फैलता है, लेकिन एहतियात के तौर पर 40 लोगों को एंटी रैबीज इंजेक्शन लगा दिए गए हैं। उधर पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

**कार्यक्रम** — महाशिवरात्रि महोत्सव पर रथ यात्रा के सात दिवसीय आयोजन का पहला दिन

# ब्रह्मकुमारीज त्रिमूर्ति शिव संदेश रथयात्रा शुरू

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

ब्रह्मकुमारीज मैहतपुर जिला ऊना द्वारा महाशिवरात्रि महोत्सव के उपलक्ष्य पर त्रिमूर्ति शिव संदेश रथ यात्रा का सात दिवसीय आयोजन के प्रथम दिन गगरेट ब्रह्मकुमारीज हार्मोनी हाऊस ने रथ यात्रा का आयोजन किया, जिसका शुभारंभ गगरेट के उपमंडल दण्डाधिकारी शशीपाल शर्मा ने ब्रह्मकुमारीज की ध्वजिका दिखा कर रवाना किया।

इस संदेश रथ पर दाव्दश ज्योतिलिंग, सोमनाथ, रामेश्वरम, त्रयंबकेश्वर, वैद्यनाथ, केदारनाथ व नागेश्वर महादेव तीर्थ स्थलों के खुबसूरत मॉडलों को दर्शाया गया है। इस रथयात्रा की अगुवाई ब्रह्मकुमारीज की जिला प्रमुख आशा दीदी, बबिता बहन व ब्रह्मकुमार अवदेश भाई ने किया। बीके रजनी बहन व स्टेट बैंक के चीफ मैनेजर महेश दत्त सहित स्थानीय बड़ी संख्या में ब्रह्मकुमारीज अनुयायियों व जनता ने इस यात्रा में भाग लिया।

रथ यात्रा गगरेट से दौलतपुर के बीच लगभग 15 गावों से होती हुई अम्ब में ब्रह्मकुमारीज आश्रम पर समाप्त हुई। अम्ब आश्रम की प्रमुख रितू बहन सहित बड़ी संख्या में शिव



रथ यात्रा को ध्वजिका दिखाकर शुरू करते एसडीएम गगरेट व अन्य।

बाबा का गुणगान करते लोगों ने रथ यात्रा का स्वागत किया।

रथ यात्रा के माध्यम सें शिवरात्रि के आध्यात्मिक संदेश व शिव शक्ति के रहस्यों कों बड़े सहज से ब्रह्मकुमारी बहन बबिता व ब्रह्मकुमार अवदेश भाई ने विभिन्न स्थानों पर इकत्रित जन-मानस को दिया।

उन्होंने बताया कि शिवरात्रि विकारों पर विजय पाने का पर्व हैं। परमपिता परमात्मा शिव के द्वारा धर्म भ्रष्ट, कर्म भ्रष्ट, अज्ञान, अंधकारपूर्ण समय पर दिव्य अवतरण लेकर विकारों के पंजें से सर्व आत्माओं कों स्वतंत्र कराकर ज्ञान की ज्योति से पवित्रता की किरणें बिखराकर सुख, शांति, आन्नद संपन्न दैवी सृष्टि की स्थापना की एक पवित्र स्मृति है। उन्होंने शिव संदेश को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया तथा विकारों से मुक्त होकर जीवन को सार्थक बनाने के लिए सद् गुणों को धारण करने के लिए प्रेरित किया।

# केंद्र की उदासीन नीतियों के विरोध में आशा वर्कर्स कर्मचारी महासंघ भड़का

**अनंत ज्ञान, मैहतपुर।**

अखिल भारतीय आशा कार्यकर्ता कर्मचारी महासंघ की दो दिवसीय बैठक रविवार को नगर परिषद मैहतपुर बसदेहड़ा के एक निजी जेआर मॉडल स्कूल में संपन्न हुई , जिसमें देश के विभिन्न प्रांतो से आए हुए आशा वर्कर कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारी सहित महासंघ की अध्यक्षा अनुपम विश्वकर्मा, महामंत्री हेमलता ने अपने संबोधन में आशा वर्कर कर्मचारियों के दैनिक भत्तों,वेतन व अन्य विसंगतियों पर चर्चा व मंथन करते हुए आगामी रणनीति को अमली



आशा वर्कर्स बैठक के पश्चात सामूहिक चित्र में।

जामा पहनाने के लिए विचार विमर्श किया। उन्होंने केंद्र सरकार पर आशावर्करों के प्रति उदासीन रैवेया बरतने का आरोप लगाते हुए केंद्र सरकार की कड़ी निंदा की है।

उन्होंने कहा कि देश में करीब 12 लाख आशा वर्कर कर्मचारी अपनी सेवाएं दे रही हैं।मगर दुख की बात है कि केंद्र सरकार उनके वेतन, भत्तों को बढ़ाने में गंभीर नहीं है। जिसके चलते ऐसी बढ़ रही महंगाई के दौर में आशा वर्कर कर्मचारियों का गुजारा करना मुश्किल होता जा रहा है। उन्होंने कहा की कोरोना काल में आशा वर्कर कर्मचारियों ने घर-घर जाकर अपनी सेवाएं देकर इस भयंकर महामारी को रोकने में मददगार भूमिका निभाई थी।

